YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-260 ❑ शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को एक मौका देगी। उन्होंने तेजस्वी यादव को इंडी गठबंधन की ओर से बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव शुक्रवार को किशनगढ़ मार्बल सिटी आए थे।
अखिलेश यादव

भोपाल से आईएसआईएस से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार 11

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीएसएफ जवानों के साथ मनाया भाईदूज 11

प्रधानमंत्री ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से चुनाव अभियान की शुरुआत की

# पूरा बिहार कह रहा है फिर एक बार एनडीए सरकार : मोदी

एजेंसी

पटना । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम पहुंचे और भारत रत्न स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित की। समस्तीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एकबार फिर एनडीए की मजबूत सरकार का दावा करते हुए कहा कि जब नीयत साफ हो, नीतियां देशहित में हों तो जनता आशीर्वाद देती है। तेजस्वी और लालू यादव पर हमला करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब बिहार वापस से जंगलराज की तरफ जाने वाला नहीं है। यह साल 2005 का अक्टूबर महीना ही था, जब बिहार ने जंगलराज से मुक्ति पाई थी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन शुरू हुआ था। 10 साल कांग्रेस-राजद केंद्र सरकार में थी, तब कई रोड़े अटकाए। यहां कोई काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को मुश्किल से निकाला। अब बिहार नये दौर में है। कोई कोना नहीं जहां विकास का काम नहीं हो रहा, कहीं जाएं, हर जगह विकास का काम हो रहा है। बिजली, पानी गैस सब पर काम हो रहा, ये समृद्धि का काम है। इससे सबको रोजगार का मौका मिलता है। मोदी ने जनसभा में कहा कि 11 साल में हमने देखा है। एक-एक राज्य में



❑ प्रधानमंत्री ने कहा कि कंग्रेस 35 साल से बिहार में राजद के रहमो-करम पर है। जब स्वार्थ हावी होता है और लूट ही लक्ष्य होता है,

जनता ने एनडीए को मौका दिया है। अभी महाराष्ट्र में देखिए पहले से कहीं अधिक जनादेश देकर एनडीए की सरकार बनाई। हरियाणा में देखा, पहले से अधिक सीट मिली। यही गुजरात में दिखा, उत्तराखंड में दिखा, फिर से बहुमत मिला। गुजरात के सारे रिकार्ड टूट गए। यूपी और उत्तराखंड में फिर से मौका मिला। ये उदाहरण बताते हैं कि एनडीए मतलब विकास की गारंटी। आपका उत्साह देखकर लग रहा कि बिहार में नीतीश बाबू के नेतृत्व एनडीए जीत के सारे रिकार्ड तोड़ देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने मिथिला भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि त्योहार के बीच इतनी भीड़ का आना बड़ी बात है। उन्होंने सभा में आए सभी लोगों का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां आने से पहले वह कर्पूरी ग्राम गए। वहां भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को नमन करने का अवसर मिला। हम जैसे पिछड़े और गरीब परिवारों से निकले लोग इस मंच पर खड़े हैं, आजाद भारत में सामाजिक न्याय लाने में कर्पूरी ठाकुर की भूमिका बहुत बड़ी रही है। वे मां भारती के अनमोल रत्न थे। हमारी सरकार को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। मोदी ने कहा कि मुफ्त इलाज, नल का जल, हर प्रकार की सुविधा एनडीए सरकार दे रही है। सामाजिक न्याय के दिखाए रास्ते को एनडीए ने सुशासन का आधार बनाया है। हमने ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने कर्पूरी ठाकुर के गांव पहुंच कर जननायक को किया नमन

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में अब दस दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में सभी पार्टियां चुनावी रैली और जनसभा कर मतदाताओं को अपनी ओर करने के प्रयास में है। इसी कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी रैली करने जा रहे हैं। चुनावी जनसभा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कर्पूरी ठाकुर के गांव कर्पूरी ग्राम पहुंच कर जननायक को नमन किया। उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को समस्तीपुर ज़िले के कर्पूरीग्राम का दौरा किया, जो कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली है। उन्होंने ठाकुर के परिजनों से मुलाकात की और स्व. ठाकुर को नमन किया। थोड़ी देर में ही प्रधानमंत्री समस्तीपुर के दुधपुरा स्थित हवाई अड्डा मैदान में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से बिहार में यह उनका पहला चुनावी कार्यक्रम होगा। इसी माह की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया था। ● शेष पेज 11 पर

### यह महागठबंधन नहीं लठबंधन है : प्रधानमंत्री

पटना । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के बेगूसराय में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और लोगों से राजग उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।उन्होंने इस मौके पर महागठबंधन को आड़े हाथों भी लिया। प्रधानमंत्री ने अपनी दूसरी जनसभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह महागठबंधन नहीं लठबंधन है। उन्होंने कहा कि तथाकथित 'जंगल राज' ● शेष पेज 11 पर

# कुरनूल में चलती बस में लगी आग 20 की मौत व 13 झुलसे

एजेंसी

करनूल । आंध्र प्रदेश में कुरनूल के बाहरी इलाके चिन्नाटकुरु में एक चलती बस में आग लगने से एक बाइक सवार सहित 20 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 13 लोग झुलस गए हैं। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही है। राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना की जांच के आदेश दिए है। तेलंगाना सरकार ने दुर्घटना में मारे गए अपने राज्य के नागरिकों को



पांच-पांच रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। शुक्रवार सुबह 3:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर कुरनूल जिले के चिन्नाटकुरु में उल्लिंडकोंडा चौराहे पर एक बाइक से टकराने के बाद हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही वेमुरी कावेरी ट्रैवल्स की बस में आग लग गई। बस में 40 यात्री सवार होने की बात सामने आई है।आग लगने के बाद 12 यात्री किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाने में सफल हो गए।हादसे में बाइकसवार और अन्य 19 बस यात्री आग में जिंदा जल गए। अस्पताल से 13 झुलसे लोगों डिस्चार्ज कर दिया गया है1 हादसे में बस चालक और परिचालक बच गए हैं। कुरनूल बस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर विदेश से ही आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंत्री मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी और अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। उन्होंने मृतकों की पहचान ● शेष पेज 11 पर

## अबकी बार मोदी सरकार' को आवाज देने वाले पीयूष पांडे का निधन

एजेंसी

मुंबई। विज्ञापन जगत से एक बेहद दुःखद खबर सामने आई है। देश के प्रतिष्ठित और क्रिएटिव विज्ञापनों की पहचान बन चुके मशहूर आवाज़कर्ता और विज्ञापन दिग्गज पीयूष पांडे का 23 अक्टूबर को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भारत के विज्ञापन इतिहास में उनका नाम उस सितारे की तरह दर्ज है, जिसकी चमक ने आम आदमी की भाषा और भावना को विज्ञापनों की दुनिया से जोड़ दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीयूष पांडे सिर्फ आवाज़ नहीं थे, वे भावनाओं के कथाकार थे 1955 में जयपुर में जन्मे पीयूष पांडे साधारण परिवार से



❑ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी श्रद्धांजलि

ताल्लुक रखते थे। नौ भाई-बहनों के बीच पले-बढ़े पीयूष के पिता बैंक में नौकरी करते थे। फिर भी पीयूष ने जिंदगी की पटरियों को अपनी दिशा दी। कभी क्रिकेट के मैदान पर बल्ला थामते हुए, कभी चाय बनाते हुए और कभी मजदूर बनकर मेहनत करते हुए ● शेष पेज 11 पर

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन सेशल्स जाएंगे, राष्ट्रपति हर्मिनी के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा में सीपी राधाकृष्णन सेशल्स जाएंगे। वे वहां नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वे दो दिवसीय यात्रा (26-27 अक्टूबर) पर सेशेल्स का दौरा करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन डॉ. हर्मिनी को भारत की ओर से शुभकामनाएं देंगे और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ, दीर्घकालिक और समय की कसौटी में खरे उतरे संबंधों की पुष्टि करेंगे। उल्लेखनीय है कि सेशेल्स भारत के विज़न महासागर और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण भागीदार है। यह यात्रा सेशेल्स के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत और विस्तारित करने की भारत की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को मौका देगी : अखिलेश यादव

अजमेर । समाजवादी पार्टी सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को एक मौका देगी। उन्होंने तेजस्वी यादव को इंडी गठबंधन की ओर से बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव शुक्रवार को किशनगढ़ मार्बल सिटी आए थे। चार्टर प्लेन से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे अखिलेश यादव का यहां फूल माला से स्वागत किया गया। मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि बिहार की जनता इंडी गठबंधन को एक मौका जरूर देगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार नहीं झूठ का इंजन है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी डबल इंजन सरकार है। कितना विकास हो रहा है जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सपा की सरकार तो 2027 में ही बन जाएगी। उल्लेखनीय है कि यादव किशनगढ़ मार्बल औद्योगिक क्षेत्र में आर के मार्बल के प्रतिष्ठान 90 डिग्री पर गए जहां देशी और विदेश मार्बल देखे। अखिलेश यादव के किशनगढ़ आगमन की सूचना पर किशनगढ़ एयरपोर्ट से लेकर मार्बल क्षेत्र में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### जैव विविधता संरक्षण के लिए एनबीए ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश को जारी किए 1.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में स्थानीय समुदायों को वाणिज्यिक उपयोग के लाभों को पहुंचाने के लिए 1.36 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के राज्य जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से तीन जैव विविधता प्रबंधन समितियों- महाराष्ट्र के सतारा जिले के फलटन तालुका के सखारवाड़ी गांव, पुणे के हवेली तालुका के कुंजिरवाड़ी गांव और उत्तर प्रदेश के एटा जिले के कासगंज क्षेत्र को प्रदान की जाएगी। इन क्षेत्रों की प्रत्येक जैव विविधता प्रबंधन समिति को 45.50 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। पर्यावरण मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी जानकारी में बताया कि यह धनराशि जैविक विविधता अधिनियम 2002 की धारा 44 और संबंधित राज्य जैव विविधता नियमों के अंतर्गत उल्लिखित गतिविधियों के लिए निर्धारित है।

## सपने देखने ही नहीं, उन्हें साकार करने का साहस ही नए भारत की पहचान : सिंधिया

एजेंसी

वडोदरा । केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज सपने देखने ही नहीं, उन्हें साकार करने का साहस ही नए भारत की पहचान है। केंद्रीय संचार मंत्री शुक्रवार को गुजरात के युवाओं के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वडोदरा में आयोजित 17वें प्रधानमंत्री रोजगार मेले में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रोजगार सृजन को आत्मनिर्भरता के मार्ग से जोड़ते हुए निरंतर विकसित भारत की दिशा में अग्रसर है। यह मेला केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और परिवार की खुशियों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को अमृत पीढ़ी का दर्ज़ा देकर नई दिशा दी है। देश में आज शिक्षा, कौशल और रोजगार एक ही लक्ष्य से जुड़ चुके हैं और यह लक्ष्य है ‡विकसित भारत अ2047ङ्क के निर्माण। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति



❑ वडोदरा में रोजगार मेला में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

के माध्यम से 21वीं सदी के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली तैयार की गई है। देशभर में नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, विश्वविद्यालय और कौशल विकास कार्यक्रम इस दिशा में परिवर्तन के प्रतीक हैं। अवसर और नवाचार की नई लहर लाया है सरकार का 'यूथ फर्स्ट' दृष्टिकोण केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'यूथ फर्स्ट' दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मोदी सरकार की नीतियाँ युवाओं को न केवल रोजगार खोजने वाला, बल्कि रोजगार ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में कहा, युवा सशक्तिकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए रोजगार मेले को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए एक बड़ी पहल 'प्रतिभा सेतु पोर्टल' की घोषणा की। पोर्टल यूपीएससी की अंतिम सूची में पहुँचे चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को अवसर प्रदान करता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि उनके प्रयास व्यर्थ नहीं जाएँगे। निजी और सार्वजनिक दोनों संस्थान अब इस पोर्टल के माध्यम से इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों से जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न मंत्रालयों एवं सरकारी संस्थानों में 51 हजार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की नियुक्तियाँ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के अवसर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नियुक्त व्यक्ति निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे और भविष्य के भारत के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि युवा सशक्तिकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। रोज़गार मेले युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन ● शेष पेज 11 पर

# सिवान में जंगलराज की वापसी नहीं होने देना है: अमित शाह

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। शुक्रवार को एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित किया, वहीं देंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वान में जनसभा को संबोधित किया। सिवान में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि उन्होंने नामांकन के बाद पहली सभा सिवान में रखने कि इच्छा जताई थी। क्योंकि 20 सालों तक लालू-राबड़ी के शासनकाल में सिवान की भूमि ने जंगलराज को सहा है। शहाबुद्दीन के खौफ, अत्याचार और हत्याओं के दौर को सिवान ने झेला है। यहां की भूमि लहूलुहान हो गई, लेकिन सिवान वालों ने झुकना स्वीकार नहीं किया और लालू-राबड़ी शासन को समाप्त कर दिया। शहाबुद्दीन के दौर में हुई हत्या की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आप



सभी को एकजुट होना है, क्योंकि एक बार फिर से लालू यादव ने शहाबुद्दीन के बेटे को रघुनाथपुर से टिकट देने का काम किया है। आप सभी को शहाबुद्दीन के बेटे को हराना है और सिवान को जंगलराज से बचाना है। उन्होंने कहा कि हम यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहे हैं। नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी मिलकर बिहार को विकास की पटरी पर दौड़ा रहे हैं। अमित शाह ने सिवान जिले में सरकार के द्वारा सड़क, रेल, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजली के लिए पावर ग्रिड निर्माण कार्य का जिक्र करते हुए कहा कि लालू यादव को बताना चाहिए की उन्होंने क्या कार्य किए। लालू यादव केवल अपने परिवार के लिए कार्य करते हैं, जबकि नीतीश सरकार ने 125 यूनिट बिजली फ्री किया, पटना को मेट्रो दिया। जीविका दीदियों और आशाओं के मानदेय में वृद्धि की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने सभा के दौरान महागठबंधन के सीटों के बंटवारे में झगड़े पर भी तंज कसा और कहा कि अंत समय तक सीटों का बंटवारा नहीं सुलझा, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। उन्होंने सभी से पूछा कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं? भगवान टेंट में थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। गृह मंत्री ने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री योगी का बड़ा निर्णय

# 30 साल बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। उच्च स्तर पर अनुमोदन की आवश्यकता घटने से निविदा, अनुबंध गठन एवं कार्यारंभ की प्रक्रिया में गति आएगी। यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री योगी द्वारा शुक्रवार को बुलाई गयी लोक निर्माण विभाग की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष



1995 में निर्धारित किए गए थे। इस बीच निर्माण कार्यों की लागत में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय

❑ लोक निर्माण विभाग राज्य की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक प्रमुख विभाग है।

❑ मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार मुख्य अभियंता को अब 2 करोड़ के स्थान पर 10 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा

प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके। अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि सिविल कार्यों के लिए अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा अधिकतम पांच गुना तक तथा विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना तक बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार मुख्य अभियंता को अब 2 करोड़ के स्थान पर 10 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा। अधीक्षण अभियंता को 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता के वित्तीय अधिकार 40 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ किए जाएंगे। सहायक अभियंता को भी सीमित दायरे में टेंडर स्वीकृति एवं छोटे कार्यों की अनुमति देने के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि यह पुनर्निर्धारण तीन दशकों के बाद होने जा रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (लोक निर्माण विभाग) (उच्चतर) नियमावली, 1990 में संशोधन के माध्यम ● शेष पेज 11 पर

## विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : राष्ट्रपति




एजेंसी

कोच्चि। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को केरल के एर्नाकुलम स्थित सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति को प्रेम के प्रतीक के रूप में देश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते पांच उपहार भेंट किए गए। सेंट टेरेसा कॉलेज का शताब्दी समारोह दोपहर 12.10 बजे कॉलेज के प्लेटिनम जुबली ऑडिटोरियम में शुरू हुआ। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सेंट टेरेसा कॉलेज आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ भारत में महिला शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। यह सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में एक महान योगदान है। हमें उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों की दूरदर्शिता और विरासत को गहराई से स्वीकार करना चाहिए, जिन्होंने इस संस्थान का निर्माण किया और इसे एक शताब्दी तक निरंतर उपलब्धियों के पथ पर अग्रसर किया। राष्ट्रपति ने 2047 तक विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाला समाज अधिक मानवीय और प्रभावी होगा। भारत की संविधान सभा की सदस्य 15 महिलाओं में से तीन - अम्मू स्वामीनाथन, एनी मस्कारेने और दक्षायनी वेलायुधन केरल से थीं। उन्होंने न्यायमूर्ति अन्ना चांडी और न्यायमूर्ति ● शेष पेज 11 पर

# नगर विकास मंत्री ने शहरी क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**रायबरेली का गौरवशाली इतिहास रहा है, यह सदैव राजनीति, संस्कृति और जनसेवा का केंद्र रहा है: मंत्री ए.के. शर्मा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ए.के. शर्मा ने आज रायबरेली क्लब में जनपद रायबरेली के शहरी क्षेत्र की विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इस अवसर पर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 100 सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का शुभारंभ किया गया। साथ ही विद्युत विभाग की बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 4 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से 7 कार्यों तथा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 2 लाख रुपये के 4 कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 10 लाभार्थियों को आवास की चाभी तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि रायबरेली का गौरवशाली इतिहास रहा है, यह सदैव राजनीति, संस्कृति और जनसेवा का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक अदिति सिंह के अथक प्रयासों से जनपद में तीव्र गति से विकास कार्य संपन्न हो रहे हैं, जिससे नागरिकों के जीवन को अधिक सुलभ और सहज बनाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि नगर पालिका रायबरेली सदर क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में 76 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2024-25 में 73 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए धन आवंटित किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, कारीगरों एवं लघु व्यापारियों को सशक्त करना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जनपद में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं और हमारा संकल्प है कि वर्ष 2025 तक जनपद का कोई भी गांव या मजरा विद्युतीकरण से वंचित न रहे।

### शहर की सड़कों का मरम्मत कार्य और निर्माण शीघ्र होगा पूरा : सदर विधायक

सदर विधायक अदिति सिंह ने इस अवसर पर कहा कि लंबे समय से शहर की कई सड़कों की स्थिति जर्जर थी। उन्होंने बताया कि मंत्री से इन सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत हेतु अनुरोध किया गया था, जिसे उन्होंने गम्भीरता से लेते हुए तुरंत स्वीकृति प्रदान कर धन आवंटित कराया। उन्होंने बताया कि कई सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ निर्माणाधीन हैं तथा कुछ में कार्य शीघ्र प्रारंभ होने वाला है।उन्होंने कहा कि सरकार जनहित के विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है।

### खाली सहाट रामलीला स्थल का निरीक्षण

कार्यक्रम के उपरांत मंत्री ने खाली सहाट रामलीला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वंदन योजना के अंतर्गत चल रहे सुंदरीकरण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया और मंदिर में विधायक अदिति सिंह के साथ पूजा-अर्चना भी की।

### सड़क मरम्मत कार्यों का शुभारंभ

मंत्री ने घंटाघर तिराहे से मधुबन क्रॉसिंग रोड तक सड़क मरम्मत कार्य को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ‘सड़क बनने से शहर के नागरिकों को जाम से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।’ उन्होंने विधायक अदिति सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुरोध पर ही यह कार्य स्वीकृत हुआ और शीघ्र ही पूर्ण होगा।

# विकास खण्ड कोरॉव में पं0 दीन दयाल उपाध्याय शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। विकास खण्ड कोरॉव के संसारपुर पंचायत भवन पर पं0 दीन दयाल उपा0 पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान मुख्तार अहमद ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में वेदप्रकाश (पूर्व प्रधान), जयलाल वर्मा प्रगतिशील पशुपालक की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

जिसमें पशुपालक गोष्टी के तहत डा0 ईश्वरी नारायण यादव, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कोरॉव द्वारा, पशुओं के प्रबन्धन रख-रखाव, सरकारी योजनाओं का जानकारी जैसे पशुओं की टैगिंग, आन लाइन पंजीकरण, पशुधन क्रेडिट कार्ड व उपयोग, जोखिम प्रबंधन के तहत पशु बीमा व उसकी प्रक्रिया




आदि पर पशुपालकों से विस्तार में चर्चा की गयी। पशुओं को चिकित्सा सेवा डा0 संजीव कुमार सिंह पशु चिकित्साधिकारी खीरी द्वारा दी गई। शिविर में छोटे-बड़े कुल 807 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व निः शुल्क औषधि वितरण किया गया। सहयोगी वर्ग सुशील कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**भारतीय रेल**

**''सार्वजनिक सूचना''**

रेलवे एवं परिसरो के सभी उपभोक्ताओ को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 220 केवी 2x25केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन, अजगैन को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से 220 केवी/2x25 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति 220 केवी/2x25 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन के समीप दाखिल होने या काम करने नही जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | (दिनांक) |
|---|---|---|
| कानपुर–लखनऊ खंड में गति 160 किमीघंटा तक/बढ़ाने के संबंध में 2x25 केवी एटी फीडिंग प्रणाली हेतु संबद्ध उपकरणों सहित 220 केवी/2x25 केवी ट्रैंक्शन सबस्टेशन, अजगैन रेलवे स्थान संख्या किमी) 38/11–17, चेनिज के 38/334.000) के ऊर्जीकृत) Energisation) किए जाने के संबंध में। | लखनऊ | 27.10.2025 |

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, लखनऊ

3314/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ- उ.रे. - मण्डल - वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PRG-Toi-24-25-2 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30-10-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30-10-2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-ML-OH-591-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-597-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-592-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-598-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-584-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-596-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-TPNR-OH-563-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-593-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 Advertising on Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PYGS-Toi-138-25-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-JNU-Toi-137-25-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-ON-DigiL-135-25-1 (Misc Static Services Digital Lockers at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01-11-2025 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-TPNR-OH-594-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10-11-2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-600-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10-11-2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-TPNR-OH-599-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10-11-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10-11-2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3307/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस कमिश्नर ने की समीक्षा बैठक

प्रयागराज। पुलिस कमिश्नर श्री जोगेन्द्र कुमार ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं त्योहारों के दृष्टिगत शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने व लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया। बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अजय पाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## इछौरा गांव में नाली–सड़क पर अवैध कब्जा, प्रशासन मौन

प्रयागराज। शंकरगढ़ विकासखंड के गोइसरा ग्रामसभा के मजरा इछौरा में चकरोड और नाली पर अवैध कब्जे से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से ग्रामसभा की जमीन, नाली और सड़कों पर कब्जा कर लिया गया है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। बिजली करंट युक्त तारों से ग्रामीण खेतों की ओर नहीं जा पा रहे हैं। महिलाओं व बच्चों को शौचालय तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से कब्जा हटवाने की मांग की है।

## सरेराह पत्रकार की चाकू से गोदकर हत्या, आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

प्रयागराज। सिविल लाइन्स में गुरुवार रात पत्रकार एल.एन. सिंह उर्फ पप्पू (50) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। यह वारदात पत्थर गिरजाघर के पास हर्ष होटल के सामने रात करीब 10:30 बजे हुई। घायल पत्रकार को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी विशाल को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। प्रारंभिक जांच में पुराना विवाद हत्या की वजह बताया गया है।

## बेखौफ चोरों ने सुनसान घर को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

प्रयागराज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के नगईपुर गांव में चोरों ने सुनसान घर को निशाना बनाकर अलमारी और बक्से तोड़ दिए तथा लाखों रुपये के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर मऊआइमा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरी की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## प्रयागराज में कई चौकी प्रभारियों के तबादले

प्रयागराज। पुलिस प्रशासन ने जनपद के कई चौकी प्रभारियों के तबादले किए हैं। उपनिरीक्षक राहुल कुमार सिंह को चौकी प्रभारी रामपुर (थाना औद्योगिक क्षेत्र), बलिराम कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा (थाना नैनी), राजेश कुमार राय को चौकी प्रभारी करमा (थाना घूरपुर), म.उ.नि. वरुणा राठौर को चौकी प्रभारी फूलमंडी (थाना नैनी) तथा उपनिरीक्षक अमित कुमार को चौकी प्रभारी एडीए (थाना नैनी) बनाया गया है।

## मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर दिया जोर

प्रयागराज। मण्डलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को कार्यों का नियमित अनुश्रवण करने व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्री मनीष वर्मा भी उपस्थित रहे।

## करैली में अधिवक्ता के भाई पर हमला, पुलिस जांच में जुटी

प्रयागराज। करैली थाना क्षेत्र के अकबरपुर चौराहे पर अधिवक्ता शाहबाज अली के भाई अरशद अली पर जानलेवा हमला किया गया। बताया जा रहा है कि दुकानदार द्वारा उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर फाइनेंस कराया गया था। शिकायत करने पर विवाद बढ़ गया और हमला कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## चाइनीज मांझे से घायल हो रहे लोग, व्यापार मंडल ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

सुल्तानपुर। चाइनीज मांझे से हो रही गंभीर दुर्घटनाओं को देखते हुए सुल्तानपुर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक और नगर कोतवाल से मुलाकात कर इस पर रोक लगाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि जनपद में चाइनीस मांझे का उपयोग कर पतंग उड़ाने से लोग लगातार घायल हो रहे हैं। विशेष रूप से लखनऊ नाका ओवरब्रिज, पयागीपुर ओवरब्रिज और कुड़वार नाका ओवरब्रिज के आसपास यह समस्या अधिक है, जहां सबसे ज्यादा खतरा लखनऊ नाका ओवरब्रिज पर देखा जाता है। पिछले एक महीने में लगभग सात लोग चाइनीस मांझे से घायल हुए हैं। इनमें फल सब्जी व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद शमीम भी शामिल हैं, जिनका 15 दिन पहले मांझे से गला कट गया था। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से चाइनीस मांझे से पतंग उड़ाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निवेदन किया। उन्होंने कोतवाली प्रभारी नगर को भी इस संबंध में एक पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद शमीम, शुभम बरनवाल, मेंराज अहमद, रमेश जायसवाल, मोहम्मद नदीम और अजय गुप्ता सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## मलिहाबाद सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

मलिहाबाद, लखनऊ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. एन. बी. सिंह ने शुक्रवार सुबह मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के अचानक पहुंचने से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया और स्टाफ तुरंत सतर्क हो गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर तथा दवाओं की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने मरीजों की संख्या और चिकित्सकों की उपस्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण में अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। सीएमओ डॉ. सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही स्टाफ को नियमित रूप से सफाई बनाए रखने और मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल परिसर तक पहुंचने वाली सड़क के चौड़ीकरण कार्य के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि मरीजों और आम लोगों को अस्पताल आने-जाने में सुविधा हो। इस संबंध में उन्होंने उच्चाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी भेजे हैं।मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार समेत समस्त चिकित्सा व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। सीएमओ ने कहा कि ‘स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि मरीजों को स्वच्छ और सहज वातावरण प्रदान करना भी उतना ही आवश्यक है।

# आगामी छठ पूजा त्योहार की तैयारियों को लेकर ईओ ने किया घाट का निरीक्षण



**ईओ ने कर्मचारियों को साफ सफाई घाटों पर ब्यबस्था बनाये रखने के लिए किया निर्देशित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। छठ पूजा त्योहार की तैयारियों को लेकर ईओ अमित कुमार ने नगर पंचायत कोराव के कर्मचारियों और सभासदों के साथ बहादुर शाह नगर में बने अटल सरोवर तालाब पर छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को साफ-सफाई और व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा, गाँधी चौराहा और गल्ला मंडी के पास बने छठ पूजा घाटों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी 27 और 28 अक्टूबर को होने वाले छठ पूजा त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराना है। प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, सुरक्षा, और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं

## पेंशनर्स 01 नवम्बर से करें जीवित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत

प्रयागराज। वरिष्ठ कोषाधिकारी, कोषागार सिविल लाइन्स राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि कोषागार सिविल लाइन्स से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनर्स को सूचित किया जाता है कि वे अपना जीवित प्रमाण-पत्र 01 नवम्बर 2025 से प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक इन्दिरा भवन, सिविल लाइन्स प्रयागराज के भूतल पर प्रस्तुत करें।पेंशनर्स को पेंशनर परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक साथ लाना आवश्यक है।

इच्छुक पेंशनर्स जीवन प्रमाण वेबसाइट/एप या बैंक शाखा के माध्यम से भी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।वरिष्ठ कोषाधिकारी ने यह भी बताया कि जिन पेंशनर्स अथवा पारिवारिक पेंशनर्स की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिजन मृत्यु प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र एवं प्रार्थना-पत्र के साथ कोषागार में उपस्थित होकर सूचना दें। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक पेंशनर/परिजन का नैतिक दायित्व है कि मृत्यु की सूचना तत्काल दें ताकि अधिक भुगतान की स्थिति न उत्पन्न हो।

# छठ पूजा की तिथियां घोषित , 25 से 28 अक्टूबर तक मनेगा महापर्व, जानें रीति–रिवाज और मुहूर्त

**छठ पूजा का पहला दिन ‘नहाय-खाए’ 25 अक्टूबर को होगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में छठ महापर्व की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इस बार यह पर्व 25 से 28 अक्टूबर तक पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। स्वर्णकार समाज सुल्तानपुर ने श्रद्धालुओं से पर्व की प्राचीन गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया है।

छठ पूजा का पहला दिन ‘नहाय-खाए‘ 25 अक्टूबर को होगा। इस दिन व्रती स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं और सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करते हैं। पर्व का दूसरा दिन ‘खरना‘ 26 अक्टूबर, रविवार को पड़ेगा। इस दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 07 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 5 बजकर 24 मिनट पर होगा।खरना के दिन व्रती निर्जला व्रत रखते हैं और शाम को सूर्यास्त के बाद गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी के साथ 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया जाता है। छठ पूजा का मुख्य दिन ‘संध्या अर्घ्य‘ 27 अक्टूबर, सोमवार को है। इस दिन व्रती नदी या तालाब के घाटों पर एकत्रित होते हैं। शाम को सूर्यास्त के समय (लगभग 5 बजकर 24 मिनट) डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया जाता है और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस दौरान बांस की टोकरी में ठेकुआ, फल, नारियल, गन्ना और अन्य पारंपरिक प्रसाद सजाए जाते हैं।छठ पूजा का अंतिम दिन ‘उषा अर्घ्य और पारण‘ 28 अक्टूबर, मंगलवार को मनाया जाएगा। इस दिन व्रती सूर्योदय से पहले घाट पर पहुंचकर उगते हुए सूर्य को दूसरा और अंतिम अर्घ्य देते हैं। इस बार उषा अर्घ्य लगभग 6 बजकर 08 मिनट पर होगा। अर्घ्य के बाद प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाता है। इस आयोजन के निवेदक स्वर्णकार समाज सुल्तानपुर है। राजकुमार सोनी (अध्यक्ष), विनोद कुमार सोनी (महामंत्री), नीरज सोनी और आशीष वर्मा (कोषाध्यक्ष) ने सभी श्रद्धालुओं से पारंपरिक रूप से पर्व मनाने का अनुरोध किया है। इस बीच, छठ पूजा के अवसर पर दीवानी न्यायालय की अवकाश तिथि में बदलाव किया गया है। जिला जज के निर्देश पर अब यह छुट्टी 29 अक्टूबर के बजाय 28 अक्टूबर को रहेगी। पूर्व में छठ पूजा के लिए 29 अक्टूबर को अवकाश घोषित किया गया था।

# छठ पर्व को लेकर सीताकुंड घाट पर पहुंचे अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में आगामी छठ महापर्व-2025 के मद्देनजर सीताकुंड घाट पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का संयुक्त निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह और जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने अधिकारियों के साथ घाट का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य पर्व के सकुशल और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करना था। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत, यातायात प्रभारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने घाट पर पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (ट्रक्टक्र)/गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रभावी बैरिकेडिंग की व्यवस्था पर भी जोर दिया। जल की गहराई वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी पर रखने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने और रस्सियों से घेरने के निर्देश दिए गए। यह कदम श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। पर्व के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने और आवश्यकतानुसार मार्ग परिवर्तन (ट्रैफिक डायवर्जन) की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया।

## डॉल. राजीव का चित्रांश समिति ने किया सम्मान

सुलतानपुर। कलम पूजन श्री चित्रगुप्त जयंती पर शहर के विवेकनगर स्थित वैकुंठ धाम पर डॉ राजीव सम्मानित को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं व वरिष्ठजनों का भी सम्मान हुआ। चित्रांश समिति विवेकनगर ने मेडिकल क्षेत्र में गोल्ड मेडल से सम्मानित आकाश श्रीवास्तव को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व सभासद अनुराग श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव केशव प्रसाद काशी प्रसाद, ध्यान चंद्र श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव अवनीश अमन कौशलेन्द्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में विशिष्ट जनों के सम्मान की सरहना की। वरिष्ठ कायस्थ गिरिजा प्रसाद श्रीवास्तव ने सभी सजातियों को एकजुट होकर शिक्षा में उन्नति के लिए प्रयास करने की बात कही. संचालक अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक लाल ने राजनीतिक व सामाजिक चेतना के लिए एकजुटता पर बल दिया। समाज में विभिन्न पदों को सुशोभित करने वाले डॉ राजीव श्रीवास्तव को पत्रकार अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

# संभल का 141 साल पुराना मनोकामना मंदिर जल्द बनेगा पर्यटन का प्रमुख केंद्र : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ऐतिहासिक नगरी संभल स्थित प्राचीन मनोकामना मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने जा रहा है। जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और कुओं के संवर्धन अभियान के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) प्राचीन मनोकामना मंदिर के समग्र विकास की ओर अग्रसर है। योजना पर 171 लाख रुपये की धनराशि खर्च होगी। यह प्रयास न केवल प्राचीन मंदिर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को सामने लाएगा, बल्कि संभल को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि 'संभल जनपद प्राचीन इतिहास और पौराणिक परंपराओं से समृद्ध क्षेत्र रहा है। राज्य सरकार जिला स्थित कूपों, देव स्थलों और प्राचीन मंदिरों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक प्रयास कर रही है। इसी श्रृंखला में अब 141 वर्ष पुराने मनोकामना मंदिर के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने बताया, पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु का 10वां अवतार कल्कि रूप संभल में होगा। कल्कि धाम निर्माण से देश-दुनिया के आस्थावानों की नजर संभल पर टिकी है।'

संभल जनपद के प्राचीन और आस्था से परिपूर्ण मनोकामना मंदिर को जिले के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में गिना जाता है। यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु पहुंचते हैं। यह मंदिर महान संत बाबा राम मणि की समाधि स्थली के रूप में प्रसिद्ध है। स्थानीय लोग उन्हें चमत्कारी उपचार के प्रतीक संत रूप में पूजते हैं, जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण और मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। संभल के प्रसिद्ध मनोकामना मंदिर परिसर में एक प्राचीन कुंड भी है, जो हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर और देवजी मंदिर जैसे कई अन्य छोटे मंदिरों से घिरा है। हर वर्ष यहां आयोजित होने वाला भंडारा संत बाबा राम मनी की पुण्य स्मृति को समर्पित होता है। भंडारे में जनपद और आसपास के क्षेत्र से आए भक्त भावपूर्वक सहभागिता करते हैं। संभल के चंदौसी से करीब चार किलोमीटर दूर ब्लॉक बनिया खेड़ा के गनेशपुर गांव में करीब 141 साल पुराना प्राचीन मनोकामना मंदिर है। नंद किशोर और गनेशी लाल ने सन 1884 में मनोकामना मंदिर का निर्माण करवाया था। यह मंदिर 20 बीघा जमीन पर बना है, जिसमें राधा कृष्ण का मंदिर और शिवालय के अलावा मनोकामना कुंड है। कुंड में एक गंगा देवी मंदिर है। विशाल कुंड में चारों ओर सीढ़ियां और ऊपर बरामदा बना है। बताया जाता है कि 150 साल पहले एक जमींदार ने मंदिर के नाम 100 बीघा जमीन दान कर दी थी। मंदिर परिसर में बना कुंड फ़िलहाल सूखा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि जलस्तर गिरने से कुंड का पानी सूख गया। प्राचीन मान्यता रही है कि कुंड में स्नान करने से चर्म रोग दूर होते थे और मनोकामना भी पूर्ण होती थी। यहां स्नान के लिए दूर-दराज से भी लोग आते थे। क्षेत्रफल की दृष्टि से संभल छोटा जिला है। मगर, पर्यटन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2024 में जनपद में जहां 43,58,329 पर्यटक आए, वहीं 2025 के शुरुआती महीने जनवरी से मार्च तक यहां तकरीबन 13,05,970 पर्यटक पहुंचे। पर्यटन विभाग को वर्षांत तक पर्यटकों का आंकड़ा 45 से 50 लाख के बीच रहने का अनुमान है।

# निगोहां थाने के पास गुर्जर गैंग का आतंक: युवक पर लाठी-डंडों से हमला

## वीडियो वायरल, पुलिस ने की जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा (लखनऊ)। निगोहा थाना क्षेत्र में गुर्जर गैंग का खौफ एक बार फिर सामने आया है। थाने से कुछ ही कदमों की दूरी पर आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने करनपुर गांव निवासी संजय रावत को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डंडों से पीटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित संजय रावत ने बताया कि 13 अक्टूबर 2025 को उसका भाई आशीष अपनी बहन सरोजा के घर बिंदौवा गांव (मोहनलालगंज) में मुण्डन समारोह में गया था, जहां बिंदौवा निवासी अनुज रावत से कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। अनुज ने उस समय खुद को गुर्जर गैंग का सदस्य बताते हुए देख लेने की धमकी दी थी। आरोप है कि गुरुवार को अनुज रावत ने निगोहा बाजार में भी संजय से मारपीट की। अगले दिन शुक्रवार को जब संजय घटना की शिकायत करने थाने जा रहा था, तभी थाने के पास ही अनुज अपने साथियों के साथ पहुंचा और लात-घुसो व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने गुर्जर गैंग का हवाला देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# नगर आयुक्त पर भड़कीं महापौर, कहा पिछली बैठक के एक भी काम नहीं हुए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक के दौरान शुक्रवार को हंगामा होता रहा। बैठक के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल व सभासदों में तीखी झड़प हुई। महापौर ने बैठक के दौरान भरे सदन में बोलीं कि नगर आयुक्त को कुछ नहीं आता। हंगामे और नारेबाजी के बीच बैठक छोड़कर महापौर चली गयीं।

पत्रकारों से बात करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि पिछली बैठक के एक भी काम पूरे नहीं हुए। सड़क के गड्ढे भरने का काम नहीं हुआ। दीपावली में लाइटें पार्षदों को नहीं मिली। पार्कों चौराहों के नाम नहीं बदले जा सके। अधिकारियों की मनमानी के कारण सभासद हमें घेर रहे हैं। महापौर ने कहा कि हमारा संकल्प है – पारदर्शी प्रशासन और जनता के प्रति जवाबदेही। लखनऊ के विकास के लिए हर निर्णय जनता के हित में। सभी विषयों पर अधिकारियों से जवाब मांगा गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि शहरवासियों को शीघ्र और प्रभावी सुविधाएं प्राप्त हों। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के उपरांत ही आगे की कार्यवाही की जाएगी, इसलिए कार्यकारिणी की बैठक को 30 अक्टूबर तक स्थगित किया गया है।

# रहीमाबाद में आबकारी विभाग का छापा, 10 लीटर अवैध कच्ची शराब, 70 किलोग्राम लहन किया नष्ट

## रहीमाबाद में अवैध तरीके से शराब बनाने वालों पर चला आबकारी विभाग का हंटर।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री और तस्करी पर रोकथाम हेतु चलाया विशेष अभियान। रहीमाबाद में आबकारी एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा ग्राम-औलिया खेड़ा व उसके आसपास गांवों में व संदिग्ध जगहों पर बगीचों में दबिश देकर छापेमारी की गई दबिश और छापेमारी के दौरान मौके से लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और लगभग 70 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया।आबकारी निरीक्षक अखिलेश चौधरी, आबकारी निरीक्षक अभिषेक सिंह, दिवान अमित चौधरी, कमलेश श्रीवास्तव ,आबकारी सिपाही सुजीत यादव , हनुमान प्रशाद , अश्वनी सहित रहीमाबाद पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। आपको बता दें कि लगातार आबकारी विभाग की टीम अवैध रूप से शराब बनाने वालों पर शिकंजा कसती नजर आ रही है।

## जीरो पावर्टी अभियान: पीएम उज्ज्वला और अटल आवासीय जैसी योजनाओं पर फोकस

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में ब्लजीरो पावर्टी अभियानङ्क को एक मिशन के रूप में संचालित करने का संकल्प लिया है। उनके विजन का लक्ष्य स्पष्ट है–राज्य के हर गरीब परिवार को सरकारी योजनाओं का सम्पूर्ण लाभ दिलाना, ताकि कोई भी परिवार बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। इसके तहत पहले चरण में जहां सात प्रमुख योजनाओं (राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना) के माध्यम से चिन्हित परिवारों को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया था, वहीं अब दूसरा चरण और अधिक व्यापक होने जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण में अब प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जलजीवन मिशन, विद्युत कनेक्शन, शिक्षा तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक गरीब परिवार को ऊर्जा, स्वच्छता, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन की बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है।

# काकोरी पेशाब काण्ड विरोधियों की सोची समझी साजिश: राम निवास

## सीएम योगी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने एंव दोषियों को दण्ड देनें की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम निवास यादव नें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि काकोरी पेशाब काण्ड की निष्पक्ष जांच की जाए जिससे सच सामने आए।

राम निवास यादव नें कहा कि वह लखनऊ जिले के काकोरी थाना के कथित पेशाब कांड की स्वयं जाकर जानकारी की तो किसी भी व्यक्ति ने नही कहा कि इस घटना में कोई सच्चाई है।

इस घटना के कथित आरोपी स्वामीकांत गुप्ता उर्फ पम्मू (67वर्ष ) नगर के सम्मानित व्यापारी एवं सामाजिक व्यक्ति हैं। ये सिर्फ नगर में मंदिर पर असामाजिक तत्वों के असामाजिक कृत्यों का विरोध ही मुख्य विवाद है। जिसके कारण इनको स्थानीय स्वार्थ के कारण जानबुझकर फंसाया जा रहा है। जो कतई उचित नहीं है। इससे जातीय एवं धार्मिक भावनाओं को भड़काकर राजनीतिक रोटियां सेंकी जा रही जिसकी निष्पक्ष जांच करा कर जातीय एवं धार्मिक भावनाओं को भड़काने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## लखनऊ शाखा ने जारी किया त्रैमासिक न्यूज़लेटर

बीकेटी,लखनऊ । उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ लखनऊ शाखा का त्रैमासिक न्यूज़लेटर का दीपावली के शुभ अवसर पर पुनः प्रकाशित हुआ।तकनीकी कारणों से 1997 से इसका प्रकाशन बन्द था।लखनऊ शाखा की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष विनोद मिश्र और सेक्रेटरी कुँवर अभिषेक प्रताप के नेतृत्व में और मुख्य सम्पादक डॉ. मनीष कुमार बाजपेयी के मार्गदर्शन में प्रकाशित हुआ।सेक्रेटरी कुँवर अभिषेक प्रताप ने कहा कि यह न्यूजलेटर हितधारकों और लाइब्रेरी प्रोफ़ेशनल्स को जोड़ने के लिए संवाद के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में काम करेगा।अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि यह पुस्तकालय संघ के विकासयात्रा का प्रारंभ है।अभी ऑनलाइन संस्करण प्रकाशित हुआ है भविष्य में इसे मुद्रित करवाया जाएगा।सम्पादक डॉ.मनीष कुमार बाजपेयी ने कहा न्यूज़लेटर के प्रकाशन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ के क्रियाकलापों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है।

## इटौंजा थाना अंतर्गत युवती ने किया सुसाइड,मौत

बीकेटी, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। इटौंजा थाना अंतर्गत शुक्रवार दोपहर को युवती का शव उसके घर में सीढ़ियों के पास सरिया से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला,वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य संबंधित जांच में जुटी हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थाना अंतर्गत कटरा मोहल्ला महोंना निवासी रामआसरें की सत्रह वर्षीय पुत्री मोहिनी ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में सीढ़ियों के पास सरिया में दुपट्टे से फंदा डालकर सुसाइड कर लिया वही उसके भाई ने बहन को फंदे से लटका देख घटना की जानकारी तत्काल परिजनों को दिया वही घटना की सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य संबंधित कार्यवाही में जुटी हुई थी।वही इटौंजा थाना प्रभारी मार्कण्डेय यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मौक़े से कोई भी सुसाइड नहीं प्राप्त हुआ है, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## महिला कर्मचारी के साथ टप्पेबाजी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी के खुरदही बाजार में एक महिला कर्मचारी अंशुमन त्रिपाठी के साथ टप्पेबाजी की घटना सामने आई है। अंशुमन जो जे के बजाज खुर्दही में कार्यरत है उसके साथ आज शाम 4:30 बजे यूको बैंक के एटीएम में टप्पेबाजी हुई। अंशुमन पैसे निकालने गई थीं, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण पैसे नहीं निकले। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद के बहाने उनका पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम कार्ड निकालकर दूसरा कार्ड लगा दिया। अंशुमन ने जब कार्ड वापस मांगा, तो वह उनका कार्ड लेकर फरार हो गया। इससे पहले कि वह कार्ड ब्लॉक कर पातीं, चोर ने दूसरे एटीएम से 25,000 रुपये निकाल लिए। अंशुमन ने कोतवाली सुशांत गोल्फ सिटी में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में आम हो रही हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## रेलवे स्टेशनों पर शुरू हुआ छठ गीतों का प्रसारण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा त्यौहार को लेकर भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर छठ गीतों का प्रसारण शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को त्योहार की शुभ भावना से जोड़ना और उनके सफर को और भी सुहावना बनाना है। छठ पूजा के दौरान रेलवे स्टेशनों पर बजने वाले ये भक्तिपूर्ण गीत श्रद्धालुओं के लिए एक पवित्र वातावरण का निर्माण कर रहे है। गोरखपुर, लखनऊ जं0, गोण्डा जं0 पटना, दानापुर, हाजीपुर, भागलपुर, जमालपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान, नई दिल्ली, गाज़ियाबाद और आनंद विहार टर्मिनल आदि प्रमुख स्टेशनों पर इन गीतों से यात्रियों को अपने घर और संस्कृति की सुगंध का अनुभव हो रहा है, जिससे उनके सफर में भक्ति और उल्लास का संचार हो रहा है। वहीं रेलवे प्रशासन ने स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सभी प्लेटफार्म, एफओबी. वेटिंग हाल, एसी. लाउंज, सर्कुलेटिंग एरिया व होल्डिंग एरिया व सभी इंट्री प्वाइंट पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।

## रेलवे कर्मचारियों को मिला प्रशस्ति पत्र

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने मण्डल कार्यालय में वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा0 शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय गौरव गुप्ता तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(परिचालन) अनिल श्रीवास्तव की उपस्थिति में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह्न एवं कर्मठ व अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए संरक्षा से जुड़े मण्डल के परिचालन, इंजीनियरिंग तथा विद्युत परिचालन के 20 रेलवे कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## सीट आवंटन के पहले राउंड में ही पिछले दो सालों का टूटा रिकार्ड

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों एव अन्य विश्वविद्यालयों में फॉर्मेसी प्रवेश के लिए पहले चरण का सीट आवंटन कर दिया गया है। पहले चरण में 4345 को सीट आवंटित किया गया है। यह आंकड़ा पिछले दो सालों की काउंसलिंग से भरी गयी कुल सीटों से करीब दोगुना है। वर्ष 2023 में काउंसलिंग से 2816 एवं पिछले साल 2024 में 2988 सीट भरी गयी थी। जबकि इस वर्ष पहले ही राउंड में 4345 सीटें आवंटित कर दी गयी। इसके लिए 4620 ने च्वॉइस फिलिंग भरी थी। इन अभ्यर्थियों को 25 एवं 26 अक्टूबर को सीट कंफर्मेशन फीस भरनी होगी। अगले चरण के लिए च्वॉइस फिलिंग 27 एवं 28 अक्टूबर को होगी। पहले चरण की आवंटित सीटों में एकेटीयू कैंपस के फॉर्मेसी संकाय में 117 सीट, लखनऊ विश्वविद्यालय में 89, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में 53, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 54 और बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में 71 सीटें आवंटित की गयी है।

# दुबग्गा कानपुर बाईपास चौराहे पर एसीपी विपिन पांडे की बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




दुबग्गा लखनऊ। ट्रैफिक व्यवस्था मैं लगातार सुधार के लिए कानपुर बाईपास चौराहे पर अवैध रूप से संचालित हो रहे ईको मैजिक टेंपो स्टैंड पर आज एसीपी यातायात पश्चिम विपिन पांडे ने शिकंजा कसते हुए सख्त कार्रवाई की। मौके पर पहुंची बड़ी संख्या में ट्रैफिक पुलिस फोर्स के साथ एसीपी ने पूरे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार, चौराहे के चारों तरफ 100 मीटर के दायरे में बिना फिटनेस, बिना कागजात और अवैध रूप से सवारी भरने वाले टेंपो और अन्य गाड़ियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग कानपुर बाईपास और छंदोइया चौराहा से टोटल 14 गाड़ियां सीज की गईं और कई अन्य वाहनों का चालान किया गया।

कार्रवाई के दौरान टीआई दिवेश शाही, टीएसआई जुल्फिकार अली एवं पूरी ट्रैफिक फोर्स मौके पर मौजूद रही। एसीपी विपिन पांडे ने खुद मौके पर यातायात व्यवस्था का मोर्चा संभाला और लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन की नसीहत दी। इस सख्त कार्रवाई से अवैध टेंपो स्टैंड संचालकों में हड़कंप मच गया। कई गाड़ियां मौके से रफूचक्कर हो गईं। फिलहाल चेकिंग अभियान जारी है, और यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली से बिहार जा रही बस आगरा एक्सप्रेस-वे पर पलटी, 12 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र स्थित आगरा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को एक वातानुकूलित बस पलट गई। हादसे में 12 यात्री घायल हो गये, जिनमें एक की हालत गंभीर है। सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी शकील अहमद ने बताया कि सूचना मिली कि एक बस आगरा एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा के पास दुर्घनाग्रस्त हो गई। पुलिस मौके पर घटनास्थल पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि वातानुकूलित बस (80 जेटी 8664) जो कि आनंद विहार (दिल्ली) से मुजफ्फरनगर ( बिहार) जा रही थी। उसमें करीब 50 लोग सवार थे। लखनऊ के टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर पहले महरीनगर अण्डरपास के पास बेकाबू होकर पलट गयी। बस के ड्राइवर व कंडक्टर मौके से फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम व घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया। हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। बस में सवार कुछ लोगों को सामान्य चोटें आयीं है, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी काकोरी में इलाज के लिए भेजा गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को उनके घर के लिये भेज दिया गया है। गंभीर रूप से घायल बिहार के गया निवासी सागर कुमार को इलाज के लिए सीएचसी काकोरी से ट्रामा सेंटर, मेडिकल कालेज रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है। इसके अलावा राजा कुमार, बद्री शाह, ममता कुमार, आरव, प्रीति, विक्की कुमार, रोशनी विक्की, अरविंद कुमार, राकेश, काजल और नरेश कुमार हैं। उल्लेखनीय है कि बस में बैठी अन्य सभी सवारियां सुरक्षित व सकुशल हैं। सामान्य रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बस में बैठी अन्य सवारियों के साथ सुरक्षित व सकुशल बस कंपनी से सम्पर्क कर दूसरी बस से उनके गंतव्य को सकुशल रवाना किया गया। मौके पर कुशलता है। दुर्घटनाग्रस्त बस को किनारे हटवा दिया गया है।

# नहाय-खाय के साथ शनिवार से शुरू होगा छठ महापर्व

**सूर्य उपासना का यह महापर्व मनाने के लिए बच्चों से लेकर वृद्ध तक उत्साहित दिख रहे है**







कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर । छठ पूजा को लेकर घरों व घाटों की साफ सफाई शुरू हो गई है। छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार 25 अक्टूबर से नहाय - खाय के साथ होगी। सूर्य उपासना का यह महापर्व मनाने के लिए बच्चों से लेकर वृद्ध तक उत्साहित दिख रहे है। कस्बे के बाजारों में पूजा में प्रयोग होने वाली सामग्री, फल इत्यादि की खरीदारी कर रहे है।चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व आगामी 28 अक्टूबर की प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समाप्त होगा। वर्षों से निरन्तर इस छठ पर्व पर पूजा करने वाली श्रीमती बिंदा देवी मिश्रा ने बताया इस छठ पूजा में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस पूजा को करके व्रती लोग अपने पुत्रों व पाल्यों की सुख समृद्धि की कामना छठी माई से करते हैं। लोगों में विश्वास है कि छठी माई सभी की मनोकामनाएं अवश्य पूरी करती हैं। पलक मिश्रा बताती हैं कि सूर्योपासना के इस महापर्व की विशेषता यह है कि इसमें किसी पुरोहित या कर्मकांड की आवश्यकता नहीं होती है। इसमें उगते और ढलते सूरज की उपासना होती है। पहले दिन इसकी शुरुआत कद्दू और भात से होगी। इस दिन बिना लहसुन प्याज के अरवा चावल खाकर व्रत की शुरुआत होगी। मोनिका शर्मा ने बताया कि छठ पूजा करने वाली व्रती महिलाएं व पुरुषों के लिए दूसरे दिन खरना होगा जिसमें लोग 36 घंटों का उपवास शुरू करेंगे। भगवान को खीर पूड़ी के साथ ही मौसमी फलों का भोग लगाया जायेगा। पुष्पा त्रिवेदी ने बताया कि इस पर्व में सभी व्रत धारण करने वाले लोग नये नये वस्त्रों,फल, फूल और विभिन्न प्रकार की सब्जियों तथा गन्ना की खरीदारी करते हैं।जिस कारण बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि व्रत के तीसरे दिन सोमवार को संध्या अर्घ्य होगी।इस दिन लोग नदी तालाबों के घाटों पर ढलते सूर्य को प्रणाम कर जल का अर्घ्य देंगे। मंगलवार सुबह चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परना होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिसवां के दि सेक्सरिया बिसवां सुगर फैक्ट्री के निकट श्री हनुमान जी के मंदिर के पास अस्थाई तालाब बनाया जा रहा है जहां साफ सफाई का कार्य हो रहा है जहां चार दिनों तक सूर्योपासना का महापर्व मनाया जाएगा। इसमें सभी नये वस्त्रों,फल, फूल और विभिन्न प्रकार की सब्जियों तथा गन्ना की खरीदारी करते हैं।

## द सेक्सेरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड पेराई सत्र का शुभारम्भ

बिसवां, सीतापुर। द सेक्सेरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड ने 2025-26 के पेराई सत्र का किया शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने डोंगे में गन्ना डालकर फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक निर्मल वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार पेराई सत्र लगभग एक माह पहले शुरू हो रहा है। सत्र की इस शीघ्र शुरुआत से गन्ना किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इससे उन्हें अपने खेतों से पेड़ी गन्ना काटने और उसके बाद गेहूं की बुवाई के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।फैक्ट्री के अधिशासी अधिकारी आर.सी. सिंघल ने जानकारी दी कि फैक्ट्री प्रतिदिन 80 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई करेगी। इस क्षमता से रोजाना लगभग सवा सौ हेक्टेयर रकबा खाली होगा, जिससे किसान आसानी से दूसरी फसलें ले पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि गन्ना तौल के तीसरे दिन ही भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में भेज दिया जाएगा।एसडीएम शिखा शुक्ला ने बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड को पूरे क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ बताया।

## छठ पर्व की तैयारियों को लेकर महापौर व नगर आयुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । आगामी छठ पर्व के दृष्टिगत आज महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव एवं नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने शहर के प्रमुख घाटों – मानसरोवर मंदिर स्थित मानसरोवर पोखरा, सूरजकुंड पोखरा तथा गोरखनाथ मंदिर स्थित भीम सरोवर – का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी अविनाश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता अमरनाथ, सफाई निरीक्षक श्रवण सोनकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर आयुक्त ने मौके पर जोनल अधिकारी को तीनों पोखरों की संपूर्ण सफाई कराने, सीढ़ियों पर जमी काई हटाने तथा फिसलन की स्थिति से बचाव के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मानसरोवर पोखरा एवं भीम सरोवर पर कपड़े व लाइट से सजावट का कार्य 25 अक्टूबर तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश भी दिए।महापौर ने कहा कि छठ पर्व शहर का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है, अतः सभी घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर प्रबंध किए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# कलश यात्रा से होता है कष्टों का निवारण: यज्ञा चार्य संदीप दीक्षित

**कलश यात्रा से दिव्य ऊर्ज़ा का संचार, देवी देवताओं का आशीर्वाद, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्ज़ा प्राप्त होती है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर, सीतापुर। कलश यात्रा जिस मार्ग से निकलती है वहां की देव शक्तिया कष्टों का निवारण करती हैं यह बात श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन बाबा लाल दास आश्रम नयागांव पर निकली कलश यात्रा को संबोधित करते हुए आचार्य संदीप दीक्षित ने कही।

उन्होंने कहा कलश यात्रा से दिव्य ऊर्ज़ा का संचार, देवी देवताओं का आशीर्वाद, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्ज़ा प्राप्त होती है यह यात्रा समृद्धि और सुख समृद्धि लाती है और सभी कष्टों का निवारण करती है भक्तों की आस्था मजबूत करती है। कलश यात्रा बाबा लाल दास आश्रम में स्थित श्री सिद्धेश्वर बाबा, श्री हरदेव राजा बाबा,श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज मंदिर, श्री शिव मंदिर और आदिशक्ति जगत जननी माता के मंदिर में विधिवत पूजन के बाद नयागांव लालपुर घाट पर पहुंचकर विधि विधान से कलश में जल भरकर वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ यज्ञशाला में स्थापित किए गए! इस अवसर पर महंत श्री श्री 108 श्री नारायण दास जी महाराज उर्फ डंका वाले बाबा अध्यक्ष 84 कोसी परिक्रमा नैमिषारण्य मिश्रित क्षेत्र यजमान अजय कुमार सिंह आशा सिंह राजेश कुमार सिंह, सकरोज सिंह,प्रधान जनक कुमारी सिंह शेर बहादुर सिंह उमेश पाल सिंह नैमिष सिंह आशीष सिंह, प्रशांत सिंह अमन सिंह महेश सिंह सहित यज्ञ समिति के पदाधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में छह लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

रायबरेली। थुलवासा चौकी क्षेत्र के पूरे गोसाई मजरे पिंडारी कला निवासी अनिल साहू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 18 अक्टूबर को पाइप लगाकर खेतों की सिंचाई के दौरान अपने भाई अमित के साथ खेत देखने गए तो पाइप फटी मिली । वही पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही दिनेश कुमार,राजु, फूलमती, आकाश, अंकित कुमार, नंदिनी, आदि विपक्षी घात लगाकर घटना को अंजाम देने के लिए आए और लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से उसे व उसके भाई अमित पर हमला कर दिया हमले से उसका भाई गिरकर बेहोश हो गया। चीखने चिल्लाने पर बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के लोगों को भी मारा-पीटा जिससे उसके परिजनों के शरीर में भी गंभीर चोटे आई है। विपक्षीगण अपराधिक प्रवत्ति के व्यक्ति हैं जो आए दिन ऐसी घटना को अंजाम देते रहते हैं। पीड़ित अनिल साहू की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दिनेश कुमार, राजू, फूलमती, आकाश, अंकित कुमार, नंदिनी समेत आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज कर कार्यवाही की है।

# गोरखपुर और पूरे प्रदेश में लोक आस्था का महापर्व है 'छठ पूजा 2025', 25 अक्टूबर से शुरू

**सांसद रवि किशन शुक्ला ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं**

**लोक आस्था का महापर्व 'छठ पूजा 2025' शनिवार, 25 अक्टूबर से प्रारंभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सूर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा 2025 इस वर्ष शनिवार, 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ पूरे श्रद्धाभाव के साथ शुरू हो रहा है। यह पर्व न केवल गोरखपुर और पूर्वांचल में, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य हिस्सों में भी श्रद्धालुओं द्वारा बड़े उत्साह और आस्था के साथ मनाया जाता है।

छठ महापर्व चार दिवसीय होता है, जिसमें श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष व्रत और पूजन करते हैं। इस वर्ष के छठ कार्यक्रम इस प्रकार हैं:* 25 अक्टूबर नहाय-खाय 26 अक्टूबर खरना 27 अक्टूबर संध्या अर्घ्य 28 अक्टूबर प्रातः अर्घ्यइस अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ला ने गोरखपुर संसदीय क्षेत्र और पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ल्लछठ महापर्व भारतीय संस्कृति और लोक आस्था का अद्भुत उदाहरण है। यह पर्व नारी शक्ति के तप, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर हम सभी को अपने परिवार, समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बने रहने का संदेश देता है। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि व्रत और पूजन के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। सूर्य भगवान सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करें।ङ्कगोरखपुर समेत पूरे पूर्वांचल में छठ घाटों पर स्थानीय प्रशासन, नगर निगम और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए घाटों पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा स्वच्छता अभियान को भी गति दी गई है ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।छठ पूजा न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। इस दौरान विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रम और जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं, जो लोगों में एकता, भाईचारा और परंपरा के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देते हैं।सांसद रवि किशन शुक्ला ने इस अवसर पर प्रदेश और देशवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में छठ पर्व की गरिमा और भक्ति भावना को बनाए रखें और सभी को इस महापर्व की ढेरों शुभकामनाएं दीं।

# मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण देना: एसपी

**एसपी ने कार्यक्रम में बालिकाओं से संवाद कर उन्हें आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों तथा समाज में अपनी भूमिका को सशक्त रूप से निभाने के लिए प्रेरित किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के सक्रिय पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत थाना कोतवाली क्षेत्र के वन स्टॉप सेंटर पर महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं से संवाद कर उन्हें आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों तथा समाज में अपनी भूमिका को सशक्त रूप से निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर सर्तक रहने व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।इस दौरान एसपी ने कहा कि महिलाएं समाज की प्रेरणास्रोत हैं। जब महिला शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होती है, तो पूरा समाज सशक्त बनता है। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि खुद को कमजोर न समझें, आप समाज की शक्ति हैं। अपने अधिकारों को जानिए, उनका प्रयोग कीजिए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की वाहक बने। कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण देना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना है। एसपी ग्रामीण ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। कहा कि आज की बालिका आत्मनिर्भर भारत की नींव है। पुलिस विभाग सदैव महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस से सहायता लेनी चाहिए। अंत में बालिकाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए सेनेटरी पैड, बिस्कुट एवं स्वच्छता किट वितरित की गईं। कार्यक्रम में सीओ सिटी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# धान क्रय की समस्याएं टोल फ्री नंबर पर दर्ज कराएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान डीएम को किसानों और किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएपी की उपलब्धता, छुट्टा गौवंशों, पराली खरीद की समस्या, विद्युत पोल बदलवाने, धान क्रय की समस्या, किसानों के पंजीकरण स्थानान्तरित किए जाने एवं सरसों मिनीकिट की बुकिंग में आ रही दिक्कतों आदि को बताया। वहीं, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय ने किसानों से कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर सेंटर प्रभारियों सहित उच्चाधिकारियों के नम्बर अंकित किए गए। इसके अलावा धान क्रय में समस्याओं के दृष्टिगत 05842-221986 शिकायत एवं सुझाव दर्ज करा सकते है तथा टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 पर दर्ज करा सकते हैं।बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषकों की समस्याएं निर्धारित समय में ही निस्तारण करें और उसकी प्रगति से संबंधित कृषक के साथ ही जिला कृषि अधिकारी कार्यालय को भी अवगत कराएं। बैठक में एसपी राजेश द्विवेदी, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, डीडीओ ऋषि सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक सहित सभी संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

रायबरेली। न्यायालय के आदेश पर महराजगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला एक बुजुर्ग की पैतृक जमीन पर फर्जीवाड़े से संबंधित है, जिसमें आरोपी ने कथित तौर पर जाली दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का प्रयास किया।दसवतपुर मजरे मऊ निवासी रामेश्वर (65) पुत्र मैकू ने आरोप लगाया है कि उनके नाना रामलाल पुत्र काली निवासी मोहन की जमीन पर धोखाधड़ी की गई है। रामलाल के नाम पर ग्राम मोन में भूमि गाटा संख्या 4486 (रकबा 0.488 हेक्टेयर) और 1896 (रकबा 0.1300 हेक्टेयर) दर्ज थी। रामलाल का निधन 15 नवंबर 1997 को हो गया था।नाना की मृत्यु के बाद, रामेश्वर ने 25 जुलाई 2001 को यह जमीन अपने नाम वरासत में दर्ज करवा ली थी। हालांकि, गांव के दुक्खी पुत्र लौटन ने 27 जनवरी 1996 की एक कथित फर्जी बैनामा दिखाकर रामेश्वर की जमीन अपने नाम करवा ली।जब रामेश्वर ने अपनी जमीन की खोजबीन शुरू की, तो उन्हें पता चला कि दुक्खी ने 24 जनवरी 2024 को भूमि गाटा संख्या 4486 (0.488 हेक्टेयर) रामशंकर पुत्र विंध्यदिन निवासी मलिकपुर चौबारा के नाम बेच दी थी।रामेश्वर ने बताया कि गरीब होने के कारण उन्हें कहीं न्याय नहीं मिला। उन्होंने 2 जून 2023 को महराजगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक रायबरेली को भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन न्याय न मिलते देख पीड़ित ने न्यायालय की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और अंततः न्यायालय के आदेश पर दुखी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और विवेचना के आदेश दिए गए। वही मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है विवेचना कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## महापौर ने छठ पर्व की तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश



शाहजहांपुर। छठ पर्व की तैयारियों को लेकर महापौर अर्चना वर्मा ने लोधीपुर खन्नौत नदी घाट का निरीक्षण किया और घाट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए, ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्वक छठ पूजा कर सकें। महापौर ने कहा कि नदी किनारे पूर्व में विसर्जित मूर्तियों को एकत्रित कर गड्ढे में दबाया जाए। उन्होंने घाटों पर डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालु पालीथीन अथवा पूजा सामग्री के पैकेट आदि नदी में न डालें। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत बेरेकेटिंग लगाने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट को समतल करने के भी निर्देश दिए। कहा कि घाट पर साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहे। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरिवंश दीक्षित, अनिल द्विवेदी, पूर्वांचल महासभा के अध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष उपेश रावत, त्रिवेणी मिश्रा, श्रीराम बाबू आदि मौजूद रहे।

# रावण दहन से मेला सम्पन्न, निकाली राजगद्दी,किया तिलक, लिया आर्शीवाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। तिलहर नगर क्षेत्र की पुरानी गल्ला मंडी पोटरगंज में चल रहे रामलीला का समापन रावण के पुतला दहन के साथ हुआ। इस दौरान मेला मैदान जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। रावण का पुतला जलने के बाद दर्शक उसकी अस्थि रूपी लकड़ियां बीनने में जुट गए। इससे धक्का-मुक्की होने पर पुलिसकर्मियों ने माहौल शांत कराया। बाद में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। समिति के सदस्यों ने भगवान श्रीराम का तिलक कर आशीर्वाद लिया। मेला समिति की ओर से कार्यक्रम के समापन पर दुकानदारों, सफाई कर्मियों, पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राजगद्दी निकाली गई। भरत मिलाप हुआ। राजगद्दी में तमाम देवी-देवताओं की झांकियां थीं। उन स्वरूपों का भी तिलक कर पूजन किया गया। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष नीरज गुप्ता, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, हितेश गुप्ता रिंकू, मेला कमेटी कोषाध्यक्ष निलेश गुप्ता, हरिमोहन गुप्ता, विकास गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, उमाशंकर गुप्ता, हर्षिल ठाकुर, रामलखन कुशवाहा, अरविंद गुप्ता दरोगा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा क्षेत्र 322: शहर में एसआईआर से संबंधित बैठक संपन्न, चुनावी तैयारियों पर हुई विस्तृत समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र (322) से संबंधित एसआईआर (स्पेशल इन्सपेक्शन रिपोर्ट) की समीक्षा बैठक सदर तहसील सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने की। बैठक में नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान, चुनाव कार्य देख रहे राजू सिंह (सुपरवाइजर), संबंधित लेखपालों एवं राजस्वकर्मियों ने सहभागिता की।बैठक में एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची, मतदान केंद्रों एवं बूथों से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एसआईआर से संबंधित सभी रिकॉर्ड्स को अद्यतन किया जाए और प्रत्येक मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित टीमों के साथ क्षेत्रवार भ्रमण करें और रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें।बैठक के दौरान सुपरवाइजर राजू सिंह ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश मतदान केंद्रों की जांच पूरी कर ली गई है और शेष स्थानों पर कार्य तेजी से जारी है। लेखपालों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी बिंदुओं की जांच पूरी करें।एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक अधिकारी को समयसीमा में कार्य पूरा करना होगा ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू और निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि एसआईआर रिपोर्ट चुनाव आयोग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो मतदान केंद्रों की स्थिति, सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का आधार बनती है।अंत में उन्होंने सभी उपस्थित सुपरवाइजर, लेखपाल को निर्देशित किया कि एसआईआर से जुड़ी रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए, इसके लिए द्वितीय सत्यापन की व्यवस्था भी की जाए। बैठक में मौजूद सभी ने तय समयसीमा में कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया।इस बैठक के माध्यम से चुनावी तैयारियों को और अधिक व्यवस्थित व प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

भारतीय रेल

"सार्वजनिक सूचना"

रेलवे एवं परिसरो के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड **2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट, हरौनी** को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से **2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट** को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति **2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट** के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनाँक |
| --- | --- | --- |
| कानपुर–लखनऊ खंड में गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने के कार्य के संबंध में, 2x25 केवी एटी फीडिंग प्रणाली हेतु संबद्ध उपकरणों सहित **2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट, हरौनी** (रेलवे स्थान संख्या किलोमीटर 22/9-10, चेनिज 22/284.000) के ऊर्जीकृत किए जाने के संबंध में। | लखनऊ | 27.10.2025 |

उप मुख्य विद्युत अभियंता(निर्माण)
उ.रे., लखनऊ

3316/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एसएसपी द्वारा परेड का निरीक्षण सभी को दी फिट रहने की हिदायत

**परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर एसएसपी ने परिसर में निर्माणाधीन कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। साप्ताहिक-शुक्रवार परेड एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़। शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया।

परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर समस्त शाखाओं एवं पुलिस परिसर निर्माणाधीन कार्यों आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपको बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ ''डॉ0 बृजेश कुमार सिंह'' द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ का निरीक्षण किया गया, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी दातागंज के0के0 तिवारी, क्षेत्राधिकारी यातायात अशोक कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु गौरव उपाध्याय एवं प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, छह गिरफ्तार

गोरखपुर । सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम लखनापार में बीते बुधवार की रात आपसी विवाद के बाद दबंगों ने एक ही परिवार के सात लोगों को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में परिवार के मुखिया दशरथ शर्मा और उनके पुत्र प्रमोद शर्मा की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पीड़ित पक्ष के अभिषेक शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने कुल नौ आरोपितों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, गाली-गलौज एवं जानलेवा हमले जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी महेश चौबे ने बताया कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है, जबकि शेष तीन की तलाश की जा रही है।बताया जा रहा है कि ग्राम लखनापार निवासी दशरथ शर्मा और हरिधर कनौजिया के बीच काफी समय से रंजिश चल रही थी। विवाद की जड़ हरिधर कनौजिया की पुत्री और दशरथ शर्मा के पुत्र के बीच हुए प्रेम विवाह को बताया जा रहा है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी।घटना वाली रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। संघर्ष के दौरान दशरथ शर्मा के परिवार के सात सदस्य घायल हो गए।

## ग्राहक ने परचून की दुकान पर मचाया उत्पात दुकानदार से मारपीट और तोड़फोड़

संभल। चंदौसी तहसील क्षेत्र के बहजोई थाना अंतर्गत गांव खजरा खाकम में बुधवार देर रात एक परचून की दुकान पर सामान को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। विवाद के दौरान ग्राहक ने दुकानदार के साथ जमकर मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।दुकानदार देवेंद्र कुमार के अनुसार, गांव निवासी विकास किसी सामान को लेकर विवाद करने लगा। कुछ ही देर में उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब देवेंद्र की पत्नी बीच-बचाव करने आईं, तो उनके साथ भी हाथापाई की गई। आरोपी ने दुकान का काउंटर गिरा दिया और वहां रखे मोबाइल व लैपटॉप को तोड़ दिया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि आरोपी ने दुकानदार को सड़क पर घसीटकर फेंका और वहीं उसकी पिटाई की। दुकानदार की पत्नी ने किसी तरह अपने पति को बचाया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बहजोई कोतवाल संत कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, घटना की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अपनी मांगों को लेकर व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संभल। आज अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में चंदौसी उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया ज्ञापन के माध्यम से फ्लाईओवर निर्माण में हो रही लापरवाही पर असंतोष जाहिर किया.नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि मार्च 2024 में फ्लाईओवर का शिलान्यास हुआ था कार्यकारी संस्था ने 1 वर्ष में फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करने का अनुबंध हुए था पर लगभग 2 वर्ष पूरे होने के बाद भी आधा कार्य भी नहीं हुआ है कार्यकारी संस्था की उदासीनता से ही वहाँ के व्यपारियों के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है शहर का प्रमुख मार्ग होने की वजह से आने जाने वाले राहगीरों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मण्डल मांग उत्तरदायी संस्था से मांग करता ही कि एक निश्चित समय बता दिया जाए कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कितने दिन में पूरा हो जायेगा। अगर उत्तरादायी संस्था फ्लाईओवर बनाने मे लेटलतीफी करेगी तो अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा।उपजिलाधिकारी महोदय से 35 बी रेलवे फाटक पर अधूरी पड़ी सड़क को पूरा कराने की मांग की। शाहआलम मंसूरी ने सिम्स कॉलेज से ओरछी तक बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों सही कराने की मांग की ज्ञापन में रितिक वार्ष्णेय अनमोल शर्मा गोविंद विक्रान्त लाल मोंटू राजीव शर्मा भाजपा नेता शुभम अग्रवाल मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में शताब्दी संकल्प विजन डॉक्यूमेंट 2047 को लेकर की बैठक

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मा निर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प विजन डॉक्यूमेंट 2047 के सुझाव फीडबैक के संबंध में जनपद के एनजीओ,आईएमए, नीमा, गायत्री परिवार तथा रामलीला कमेटी सम्भल एवं अन्य संस्थाओं साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने कहा कि नीति का निर्माण पूर्व में ऊपरी स्तर पर होता था तथा नीतियां ऊपर से होकर निचले स्तर तक पहुँचती थीं परन्तु केन्द्र सरकार की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों के सुझाव प्राप्त किये जा रहे हैं ताकि स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थानीय समस्याओं को दूर करने तथा विकास करने के लिए नीति का निर्माण किया जा सके। उन्होंने बताया कि एक सिम से तीन सुझाव दिये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी एनजीओ, संस्थानों के लोगों द्वारा जनपद के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा सुझाव फीडबैक दिलाने का कार्य किया जाए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं सतेन्द्र पाल सिंह एवं आईएमए, नीमा, एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## निर्माण श्रमिक अब 15 नवम्बर तक करा सकेंगे पंजीकरण एवं नवीनीकरण

बदायूँ। सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होनें 04 वर्ष या उससे अधिक अवधि से अपना श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण नही कराया है, उन निर्माण श्रमिकों को लंबित नवीनीकरण हेतु तिथि विस्तार 15 नवम्बर 2025 तक कर दिया गया है। उन्होंने जनपद बदायूँ में बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त निर्माण श्रमिकों को सूचित करते हुए बताया कि जिन पंजीकृत निर्माण श्रमिकों द्वारा 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया गया है, वे अपने पंजीयन का नवीनीकरण स्वयं से उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बेवसाइट द्धप्ण्ध्पः//फ्ब्ध्धदब.द्धद्ध अथवा किसी नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से 15 नवम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से करा लें, अन्यथा उनके पंजीयन को निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा। ऐसी स्थिति में बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे।

## शिक्षक निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी

बदायूँ। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी, वैभव शर्मा ने समस्त उप जिलाधिकारियों, समस्त तहसीलदारों, समस्त पदाभिहीत एवं अतिरिक्त पदाभिहीत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31(4) के अन्तर्गत नोटिस अनुलग्नक-ख1 (एनेक्ज़र बी1) पर द्वितीय पुनप्रकाशन हेतु उनका पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस नोटिस का वृहद प्रकाशन कराते हुए अर्हता 01 नवम्बर 2025 के आधार पर होने वाले पुनरीक्षण की अवधि में नियमानुसार प्रारूप-19 पर आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने सम्बन्धी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन के सम्बन्ध में जारी सार्वजनिक नोटिस अनुलग्नक-ख की छाया प्रति पत्र के साथ इस आशय से संलग्न प्रेषित है कि इस निर्वाचन की सूचना की अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराकर प्रकाशन कराने तथा क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन की रिपोर्ट 25 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11.00 बजे तक ई-मेल adeo-bud@nic.in के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

## एसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना सदर बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गों और बाजारों में पैदल गश्त कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने कहा कि यह गश्त आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा बाजारों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित रूप से पैदल गश्त, सतर्क निगरानी एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही आमजन से वार्ता करते हुए एसपी ने उन्हें सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। कहा कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# भेड़ पालन योजना के तहत लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन 28 अक्टूबर तक आमंत्रित

**आवेदनकर्ता के पात्रता के बारे में बताया कि लाभार्थी जनपद का स्थायी निवासी हो तथा आयु 18 वर्ष अथवा उससे अधिक का लघु, सीमान्त अथवा भूमिहीन कृषक होना चाहिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 समदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि भेड पालन योजना (राज्य योजना) (राज्यांश 90, लाभार्थी 10 प्रतिशत) अनुदान संख्या 15 के अन्तर्गत जनपद में 05 मेड इकाई (प्रति इकाई = 20 मादा व 01 नर) पालन हेतु लाभार्थियों कर चयन किया जाना है।

उन्होंने आवेदन हेतु पात्रता के बारे में बताया कि लाभार्थी जनपद का स्थायी निवासी हो तथा आयु 18 वर्ष अथवा उससे अधिक का लघु, सीमान्त अथवा भूमिहीन कृषक होना चाहिए। भेड पालक के पास भेड़ों को रखने का पर्याप्त स्थान होना आवश्यक है। परम्परागत भेड़ पालकों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जायेगा। परम्परागत भेड़ पालकों एवं भेड़ पालन संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त आवेदक प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय पोर्टल विकसित होने तक भेड़ पालकों के आवेदन पत्र स्वप्रमाणित प्रपत्रों के साथ आफ लाइन मोड में सम्बन्धित जनपद के मुख्य पशु निकित्सा अधिकारी कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा सीधे नियत तिथि 28 अक्टूबर 2025 तक सम्बन्धित विकास खण्ड के पशुचिकित्सा अधिकारी के माध्यम से जमा किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता को 10 प्रतिशत धनराशि 17000 रुपए जमा करने से सम्बन्धित धनराशि का विवरण प्राप्त होने के उपरान्त ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा साथ ही चयनित लाभार्थी से 10 रूपए के स्टाप पेपर पर शपथ पत्र प्राप्त किया जायेगा कि स्थापित होने वाली भेड़ इकाई को 05 वर्ष तक संचालित किया जायेगा।

## उम्मीद पोर्टल पर दर्ज होगा अवकाफ सम्पत्तियों का विवरण

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि जनपद बहराइच की समस्त वक्फ संपत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर भरे जाने हेतु 25 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे वक्फ नं. 19 दरगाह शरीफ, बहराइच स्थित बरातघर में सेमिनार आयोजित किया गया है। जिसमें वक्फ बोर्ड द्वारा नामित कोआर्डिनेटर एवं मुतवल्ली 20-20 वक्फ मुतवल्लियों के साथ प्राथमिकता करेंगे, ताकि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों की फीडिंग का कार्य निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराया जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मायके पक्ष ने लगाया ससुराल पर जहर देने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के रायपुर गांव में 26 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है। मृतका की पहचान प्रीति (26) पत्नी दुर्गेश के रूप में हुई है। प्रीति का मायका बहजोई थाना क्षेत्र के बहरौली गांव में है। करीब नौ वर्ष पहले उसकी शादी दुर्गेश से हुई थी, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। पति-पत्नी दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। पुलिस के मुताबिक दीपावली पर प्रीति मायके आई हुई थी। बाद में उसका पति दुर्गेश उसे वापस घर ले जाने पहुंचा। रास्ते में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। घर पहुंचने के बाद प्रीति ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे अलीगढ़ ले गए, जहां गुरुवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में परिजन शव को रायपुर गांव ले आए। मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि महिला की मौत की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# महिला प्रधान और उनके पुत्रों पर हमला आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। उसहैत थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया हरदोपट्टी की प्रधान कुसुम लता पर उनके पुत्रों पर बृहस्पतिवार रात गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे प्रधान, उनके पुत्र समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधान कुसुम लता ने बताया कि रात करीब नौ बजे उनके बेटे राहुल व आशीष गांव के ही रमेश गुप्ता के बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में दावत खाकर घर लौट रहे थे। जब वे प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचे, तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के महेश, भूपेंद्र, नन्हे और भूपेंद्र की पत्नी ने अचानक उन पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। प्रधान कुसुम लता ने बताया कि रात करीब नौ बजे उनके बेटे राहुल व आशीष गांव के ही रमेश गुप्ता के बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में दावत खाकर घर लौट रहे थे। जब वे प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचे, तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के महेश, भूपेंद्र, नन्हे और भूपेंद्र की पत्नी ने अचानक उन पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान गांव के एक युवक ने झगड़े की सूचना दी। सूचना मिलते ही बीच-बचाव के लिए पहुंचे सोहेल गुप्ता और प्रधान कुसुम लता पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे वे भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार को जिला अस्पताल भेजा। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने महेश, भूपेंद्र, नन्हे और भूपेंद्र की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आज नहाय-खाए से शुरू होगी चार दिवसीय छठ पूजा

**चार दिवसीय यह पर्व 25 अक्टूबर दिन शनिवार को नहाय खाए से शुरू होगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। सूर्य उपासना का पावन पर्व छठ पूजा शनिवार से शुरू हो रही है। चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व की शुरुआत नहाय-खाए के साथ होगी। जिसमें व्रती पूरे दिन निर्जल उपवास रखकर शाम को भगवान सूर्य को नैवेद्य अर्पित करते हैं। यह जानकारी पूर्वांचल सभा सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्रा ने दी है।

उन्होंने कहा कि छठ पर्व बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। चार दिवसीय यह पर्व 25 अक्टूबर दिन शनिवार को नहाय खाए से शुरू होगा। यह व्रत शाम को लौकी की दाल-चावल खाकर शुरू होगा। दूसरे दिन



26 अक्टूबर दिन रविवार को खरना है। इसमें पूरे दिन उपवास रहता है और शाम को गन्ने के रस की खीर खाई जाती है और छठ व्रत का महाप्रसाद ठेकुआ तैयार किया जाता है। इसके बाद 36 घंटे का निर्जल उपवास शुरू होता है। तीसरे दिन 27 अक्टूबर दिन सोमवार को व्रती महिलाएं नदियों, तालाबों या कृत्रिम घाटों पर जाकर डूबते सूरज को पहला अर्घ्य देंगी। इसके बाद 28 अक्टूबर दिन सोमवार की सुबह उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ पर्व संपन्न होगा। कहा कि इस दौरान महिलाएं पारंपरिक वस्त्र धारण कर 'छठी मईया' के गीत गाते हुए सूर्य देव से परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना करेंगी। पूर्वांचल सभा सेवा समिति के उपाध्यक्ष उपेश रावत ने बताया कि पूर्वांचल महासभा और प्रशासन की ओर से घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इस दौरान वीरेन्द्र नाथ राय, अनिल मौर्या, श्रीराम बाबू, पशुपति नाथ उपाध्याय, सुनील तिवारी, कमलेश यादव, वंशराज, त्रिवेणी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जिले के 15 ब्लॉकों में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती शिविर 25 नवम्बर तक होंगे आयोजित

**10 अक्टूबर-2025 से दो दिवसीय एस0आई0एस0 इण्डिया लिमिटेड देहरादून के द्वारा एक रोजगार मेला का आयोजन 15 ब्लाकों में आपके जिला बदायूँ में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाईजर व सुरक्षा अधिकारी की भर्ती का 30 दिनों का शिविर आयोजित किया जा रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर-2025 से 02 दिवसीय एस0आई0एस0 इण्डिया लिमिटेड देहरादून के द्वारा एक रोजगार मेला का आयोजन 15 ब्लाकों में आपके जिला बदायूँ में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाईजर व सुरक्षा अधिकारी की भर्ती का 30 दिनों का शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 18 एवं 24 अक्टूबर को ब्लाक कादरचौक में, 25 एवं 27 अक्टूबर को ब्लाक म्याउँ में, 28 एवं 29 अक्टूबर को ब्लाक उसावों में, 30 एवं 31 अक्टूबर को ब्लाक जगत में, 01 एवं 03 नबम्बर को ब्लाक बजीरगंज में, 04 एवं 07 नम्बर को ब्लाक बिसौली में, 08 एवं 10 नबम्बर को ब्लाक आसफपुर में, 11 एवं 12 नबम्बर को ब्लाक सहसवान में, 13 एवं 14 नबम्बर को ब्लाक दहगवॉ में, 15 एवं 17 को ब्लाक इस्लामनगर में, 18 एवं 19 नबम्बर को ब्लाक अम्बियापुर में, 20 एवं 21 नबम्बर को ब्लाक दातागंज में, 22 एवं 25 नबम्बर को ब्लाक समरेर में, आयोजित भर्ती कैम्प में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। एस0आई0एस0 इन्डिया लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे प्रदेश में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जा रही है। शिविर का आयोजन विकासखण्डों के मुख्यालयों पर तिथिवार ब्लाकों में आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण की तिथि निर्धारित की गयी है साथ ही किसी ब्लाक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। भर्ती अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार मो0नं0 9758323438 ने बताया कि सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक मापदण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेमी0 सीना 80-85 सेमी0 है। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आई0टी0आई0 एवं जी0टी0आई0 उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेला उ0प्र0 शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर-9758323438 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## गोली लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बदायूँ। कुछ दिन पूर्व बरात में डांस के दौरान गोली लगने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान बरेली में बुधवार को मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ सिटी के मुताबिक, मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गद्दी चौक ब्रह्मपुर निवासी सहज सैफी के घर से 11 अक्तूबर को बरात बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बिहार निवासी इसरार सैफी के यहां आई थी। बरात में डांस के दौरान कई युवक तमंचे से फायरिंग करने लगे। इसी दौरान बरात में आए युवक सहजान (26) को गोली लग गई। गंभीर हालत में परिजन उसको बरेली के निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा था। बुधवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दुल्हन के पिता इसरार के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। सीओ सिटी रजनेश उपाध्याय ने बताया

# युवक की मौत, आलू व्यापारी पर पीटकर हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव ज्योरा पारबारा की साप्ताहिक बाजार में शराब के नशे में गाली दे रहे एक बीमार युवक को आलू व्यापारी ने उसका हाथ पकड़कर भगा दिया। घर पहुंचते ही युवक की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने डायल 112 पर फोन कर हत्या की सूचना दी। हत्या की सूचना मिलते ही थाना पुलिस व डायल 112 पुलिस गांव पहुंच गई। परिजनों ने आलू व्यापारी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। गांव ज्योरा पारबारा निवासी रामपाल (40) पुत्र साबंती का पिछले समय से टीबी का इलाज चल रहा था। इसके बाद भी वह शराब पीना नहीं छोड़ रहा था। बृहस्पतिवार को वह साप्ताहिक बाजार में पहुंच गया। आरोप है कि वहां वह व्यापारियों से गाली-गलौज करने लगा। एक आलू विक्रेता ने उनका हाथ पकड़कर घर जाने को कहा। इसके बाद वह घर को चल दिया। घर पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी कि एक आलू व्यापारी ने रामपाल के साथ बाजार में मारपीट की है, जिसमें उसकी मौत हो गई है। मुजरिया थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और शव को जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि आलू विक्रेता ने उसके साथ मारपीट की, गुम चोटें आने से उसकी मौत हुई है। पुलिस की जांच में बाजार में मौजूद लोगों का कहना है कि वह शराब के नशे में गाली दे रहा था। हाथ पकड़कर उनको घर जाने को कहा गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया युवक की मौत बीमारी से होना लग रहा है।

# विधायक पल्लवी पटेल के खिलाफ मुकदमा न दर्ज होने पर जिले में बना चर्चा का विषय

**विधायक के अगुवाई में गोंडा – बलरामपुर मार्ग को जाम किया गया था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। बलरामपुर हाईवे पर सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन सिराथू विधायक डॉ.पल्लवी पटेल का नाम एफआई आर से गयाब था। गांव वाले इस पर चर्चा कर रहे हैं,कि इटियाथोक गोण्डा-बलरामपुर हाइवे मार्ग जाम करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कि या था। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि आरोपियों में सिराथू विधायक का नाम नहीं है।

विधायक का नाम मुकदमे में शामिल न होने को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। चौकी इंचार्ज ने वादी बनकर मुकदमा दर्ज करा या था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नेश नल हाईवे पर रोड जाम को लेकर भवानीपुर खुर्द पुलिस चौकी के इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार की लिखित तहरीर पर कोतवाली इटियाथोक में गांव के अशोक यादव,लक्ष्मण,राम चंदर वर्मा, त्रिलोकी, संतोष, लल्लू, श्रीपाल, छोटकऊ एवं राजू पंडित के खिलाफ शांतिभंग सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। लोगों को उसका कर रोड जाम में सिराथू विधायक डॉ.पल्लवी पटेल के काफिले में आए बाहरी करीब पंद्रह वाहनों का चालान और करीब 70 अन्य अज्ञात लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।अहम बात यह है सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल का नाम एफआईआर में दर्ज न होने पर गांव के लोगों तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

रविवार को दूसरी बार पीड़ित के घर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैय्या से गांव के लोगों ने एफआईआर में गांव के लोगों के नाम दर्ज हुए मुकदमे को लेकर आपत्ति भी दर्ज कर वाई है। वही गांव वालो का कहना है पुलिस ने रोड जाम किए विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा न दर्ज कर गांव के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर है। या तो सरासर अन्याय है। पूरा मामला अपना दल कमेरावादी से सिराथू से विधायक डॉ. पल्लवी पटेल 11 अक्टूबर को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भवानीपुर खुर्द गांव के मजरा बन्धुकपुरवा पहुं चकर मृत किशोर मंगलदेव के परिवार से मुला कात की थी।

मौके पर प्रशासन का जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी न होने से वह भड़क गईं और पीड़ित परिवार और अपने सैकड़ों समर्थकों को उसका कर नेशनल हाईवे गोंडा-बलरामपुर गांधी चबूतरा पर वाहनों का चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की। नेशनल हाईवे जाम होने के बाद दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई थी चक्का जाम की सूचना मिलते ही उप जिलाधि कारी अशोक कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल से वार्ता की।करीब दो घंटे चले चक्का जाम के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर विधायक ने चक्का जाम खत्म करवाया था।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनी आम जनता की समस्याएं

**जिलाधिकारी ने कहा दोबारा आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्र रिपोर्ट सहित पेश किए जाएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। जनपद के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में आम नागरिकों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। डीएम ने एक-एक करके सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और स्थाई रूप से किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि जो फरियादी पहले भी अपनी समस्या लेकर आ चुके हैं और पुनः जनसुनवाई में पहुंचे हैं, उनके पहले दिए गए प्रार्थना पत्र को संबंधित विभागों की रिपोर्ट सहित प्रस्तुत किया जाए। इससे यह पता चल सकेगा कि पहले की शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई और क्या कारण रहा कि समस्या अब तक हल नहीं हो पाई।डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी फरियादी की समस्या के निस्तारण में लापरवाही या टालमटोल की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायत की ऑनलाइन प्रविष्टि और फॉलोअप रिपोर्ट अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए, ताकि उच्चाधिकारियों को भी निस्तारण की स्थिति की जानकारी मिलती रहे।

# महिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर,स्टाफ नर्स की लापरवाही से नवजात की मौत

**स्टाप नर्स को पैसे न देने पर नवजात को भर्ती नहीं किया,नहीं मिला नवजात शिशु को उपचार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। योगी आदित्यनाथ की सरकार में जिला महिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिले टर पर पहुंच चुकी है।जिला महिला अस्पता ल में स्टाफ नर्स और डॉक्टरों की एक बड़ी लापर वाही से एक नवजात बच्चे की इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई।

मनकापुर निवासी विनो द कुमार अपनी भाभी को सीएचसी मनकापुर ले गए थे,जहां बच्चे का जन्म हुआ था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन नवजात को देर रात गोंडा जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे।परिज नों ने बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराना चाहा लेकिन डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया।आरोप है कि अस्पताल में मौजूद स्टाफ नर्स ने भर्ती के लिए दो हजार रुपये की मांग की,परिजनों का कहना है कि स्टाप नर्स ने यह भी कहा कि अगर बाहर दिखाओगे तो पचीस हजार रुपये लगेंगे। काफी प्रयासों के बावजूद नवजात को भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला ध्यक्ष लालचंद गौतम ने जिलामहिला अस्पताल के सीएमएस को फोन कर पूरी जानकारी दी। सीएमएस ने दो बार नवजात को तत्काल भर्ती करने के निर्देश दिए,लेकिन स्टाफ नर्स ने उनके निर्देशों को भी दरकिनार कर दिया और लगाता र रिश्वत की मांग करती रही। परिजनों के द्वारारिश्वत न दिए जाने पर नवजात को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नहीं किया गया। इसी लापरवाही के कारण देर रात इलाज के अभाव में बच्चे की मौत हो गई इसके बाद परिजनों ने अब गोंडा महिला अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स और डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाया है।अब गोंडा जिले के स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठ रहा है कि आखिर रिश्वत न मिलने के कारण नवजात बच्चे को क्यों नहीं भर्ती किया गया और इस नवजात बच्चे की मौत का जिम्मेदार कौन होगावहीं पूरे मामले को लेकर के पीड़ित विनोद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में बच्चा हुआ था।वहां पर बच्चों की हालत ख राब हो गई मैं तत्काल जिला अस्पताल गोंडा बच्चों को लेकर के पहुंचा।यहां पर ऑक्सीजन की पाइप लगाकर के हम लोगों को बैठा दिया गया लेकिन इन लोगों द्वारा बच्चों को भर्ती नहीं किया गया। जिला महिला अस्पताल में भर्ती किस लिए नहीं किया गया क्योंकि जिला महि ला अस्पताल में यहां तो लोग पैसे के भूखे रहते है रिश्वत का यह कोई पहला मामला नहीं है य हाँ पर इससे पहले भी कई ऐसे मामले आ चुके हैं।वहीं पीड़ित परिवार ने बताया पैसे मांगने वा ले इन यमराजों पर योगी सरकार में कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

# लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे तीन युवकों को ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंदा

**घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटी तिराहे के पास की है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे तीन बाइक सवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने रौद दिया।हादसे में घायल एक युवक की हालत बताई जा रही नाजुक,इलाज के लिए अयोध्या मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर, दो युवकों का गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल रज इलाज।

घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटी तिराहे के पास की है। देर रात सरयू नदी अयोध्या में मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा विसर्जन कर के वजीरगंज लौट रहे तीन बाइक सवार युवकों को अज्ञात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया है।इस सड़क हादसे में पंकज मिश्र(28) पंकज पाल (18) व अजय पाल (20) निवासी ग्राम सिरसा को गंभीर चोटे आई हैं सड़क पर गिरक र तीनों घायल हो गए है।स्थानीय लोगों की सूच ना पाकर मौके पर पहुंची नवाबगंज थाने की पुलिस द्वारा सरकारी एंबुलेंस के माध्यम से ती नों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाब गंज ले जाया गया। जहां पर तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है वही 28 वर्षीय पंकज मिश्रा की हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए अयोध्या दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है जहां पर पंकज मिश्रा की हालत नाजुक बताई जा रही है और इलाज चल रहा है।तो वहीं बेहतर इलाज के लि ए 28 वर्षीय पंकज पाल और 20 वर्षीय अजय पाल को गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।नवाबगं ज सीएचसी अधीक्षक डॉ.राम मोहन सिंह के मु ताबिक पंकज मिश्र के सिर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं हैं।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया गंभीर रूप से घायल युवक को दर्शन नगर मेडिकल कालेज अयोध्या के लिए भेजवाया गया है।आसपास लगे सीसीटीवी कै मरे को देखा जा रहा है कि आखिर किस ट्रैक्टर ट्राली से एक्सीडेंट हुआ है परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है तहरीर के आधार पर जांच करके पु लिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तरबगंज पुलिस ने चलाया बहू -बेटी सम्मेलन जागरुकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायस वाल के निर्देश पर मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के तहत थानाध्यक्ष तरबगंज कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम / मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति के तहत बहू - बेटी सम्मेलन ग्राम खोजनपुर में किया है जहाँ महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान मिशन शक्ति नारी सुरक्षा एंटी रोमियो साइबर जागरूकता के तहत बा लिकाओ,महिलाओ को मिशन शक्ति नारी सुर क्षा,महिला हेल्प डेस्क,व साइबर क्राइम संबंधी अपराध,बाल विवाह,पास्को एक्ट,नये कानून घरेलू हिंसा और महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 नम्बर पुलिस आपातकालीन सेवा,1090,वूमेन पावर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन1098, चाइ ल्ड हेल्पलाइन 102 ,स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना,कन्या सुमंगला योजना वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन के बारे में भी जानकारी दी गई ।

# राजकीय जिला पुस्तकालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**जिलाधिकारी निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी को आवश्यक निर्देश भी दिये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम, नीति आयोग, भारत सरकार के अर्न्तगत कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. निमार्ण खण्ड-4, देवीपाटन मण्डल बहराइच को स्वीकृत धनराशि रू. 01 करोड 03 लाख 68 हजार की लागत से गेंद घर मैदान स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय भवन की मरम्मत, इन्टरलॉकिंग, आन्तरिक जलापूर्ति एवं विद्युतीकरण, स्कूटर शेड, सोलर स्ट्रीट लाइट, वॉटर कूलर विद आर.ओ., इन्वर्टर, बैट्री, कम्प्यूटर सिस्टम विद प्रिंटर, पुस्तक रखने हेतु अलमारी, कुर्सी, मेज एवं अन्य फर्नीचर का कार्य कराया गया है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय में कराये गये कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी को निर्देशित किया गया कि पुस्तकालय में एक अन्य भवन व अवशेष इन्टरलॉकिंग कार्य का आगणन तैयार करें। डीएम द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द को निर्देश दिये गये कि पुस्तकालय में आने वाले पाठकों विशेषकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की रूचि एवं आवश्यकतानुसार सूची प्राप्त कर और पुस्तकों की व्यवस्था करायें। साथ ही विद्यार्थियों के लिए आनलाइन टेस्ट सिरीज़ की व्यवस्था भी करायी जाय। निरीक्षण के दौरान अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिये गये कि पुस्तकालय परिसर की समुचित साफ-सफाई करायी जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद पाठकों एवं छात्र-छात्राओं से पुस्तकालय के बारे में फीड बैक प्राप्त कर उन्हें उपयोगी टिप्स भी दिये। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तीरथ वर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अरफात हाशमी बने रघुनाथपुर विधानसभा के प्रभारी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें सोशल मीडिया, दूरभाष और उनके आवास पर पहुंचकर हार्दिक बधाई दी**

नानपारा, बहराइच। ऑल इंडिया कंग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने नई जिम्मेदारी सौंपते हुए उत्तर प्रदेश के कस्बा नानपारा के मूल निवासी एवं कंग्रेस नेता अरफात हाशमी को बिहार राज्य के सिवान जिले की 108 रघुनाथपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति कंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने की है।

पार्टी ने विश्वास जताया है कि अरफात हाशमी अपने अनुभव, निष्ठा और ईमानदारी के साथ रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और सुदृढ़ करेंगे। बताया गया कि वे गठबंधन प्रत्याशी ओसामा सहाब के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं को कंग्रेस गठबंधन के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर कंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें सोशल मीडिया, दूरभाष और उनके आवास पर पहुंचकर हार्दिक बधाई दी। बड़ी संख्या में लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अरफात हाशमी की यह नियुक्ति न केवल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है, बल्कि इससे युवाओं में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यकर्ताओं ने कंग्रेस नेतृत्व, विशेषकर इमरान प्रतापगढ़ी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नियुक्ति से पार्टी का जनाधार न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि केंद्र स्तर पर भी और अधिक मजबूती प्राप्त करेगा।

# छोटी थाली में बड़ा बदलाव, पयागपुर की ममता में दिखा मातृत्व पोषण का असर

**एसीएमओ डॉ. संतोष राना के अनुसार, गर्भावस्था में महिला स्वयं के साथ गर्भस्थ शिशु का भी पोषण करती है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । गर्भावस्था के नौ महीने केवल एक बच्चे के जन्म तक सीमित नहीं हैं बल्कि ये भविष्य की सेहत की बुनियाद रखते हैं। इस दौरान मां को मिले सही पोषण का असर पीढ़ियों तक महसूस किया जा सकता है। विशेषज्ञ चिकित्सक इसके लिए दैनिक भोजन में पौष्टिकता शामिल करते हुए गर्भवती को पूरक आहार के रूप में प्रतिदिन आयरन/फोलिक एसिड टेबलेट लेने की सलाह देते हैं।

एसीएमओ डॉ. संतोष राना के अनुसार, गर्भावस्था में महिला स्वयं के साथ गर्भस्थ शिशु का भी पोषण करती है। ऐसे में सही पोषण न मिलने पर उसे एनीमिया यानी खून की कमी हो सकती है, इससे प्रसव दौरान या पश्चात रक्तस्राव का खतरा बढ़ सकता है। इसीलिए गर्भवती को दैनिक भोजन में पौष्टिकता शामिल करने और आयरनदृफोलिक एसिड व कैल्शियम की टेबलेट लेने की सलाह दी जाती है।सीएमओ डॉ. संजय कुमार के अनुसार, आयरनदृफोलिक एसिड टेबलेट सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध हैं और इसे ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वीएचएसएनडी सत्रों के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं को एक गोली और एनिमिक गर्भवती को प्रतिदिन दो गोली सेवन के लिए दिया जाता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत भी गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य जांच और सुरक्षित प्रसव सेवाओं की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है।एचएमआईएस आंकड़ों के अनुसार जनपद में अप्रैल 2024 से सितंबर 2025 तक कुल 74,542 गर्भवती महिलाओं में से 71,868 महिलाओं को आयरन-फोलिक एसिड टेबलेट दी गईं और 5463 गंभीर एनीमिक महिलाओं का आयरन सुक्रोज इंजेक्शन के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज किया गया। इन प्रयासों से न सिर्फ एनीमिया का प्रबंधन किया गया बल्कि 45,323 माताओं का अस्पताल में सुरक्षित प्रसव भी कराया गया। पयागपुर की एएनएम शशी प्रभा कहती हैं पहले गर्भवती और धात्री माताएं पोषण पर बात करने में झिझकती थीं, उन्हें लगता था कि इसमें खर्च अधिक आएगा। अब माता बैठकों में उन्हें सिखाया जाता है कि घर पर ही लौकी, करेला, परवल, हरी पत्तेदार साग सब्जियां उगा कर हर दिन थाली में पोषण शामिल किया जा सकता है। अंकुरित दालें प्रोटीन देती हैं, गुड़ आयरन की कमी पूरी करता है, और लोहे की कढ़ाई में खाना पकाने से आयरन की मात्रा बढ़ती है।सेमिरियावाँ की ममता देवी (30) बताती हैं अब मैं जानती हूँ कि ताकत देने वाला खाना और खून बढ़ाने वाला खाना अलग-अलग होता है।

## विधायक के भाई के निधन पर घर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री



गोंडा। मैहनोन विधानसभा से बीजेपी विधायक विनय कुमार द्विवेदी के बड़े भाई महंत ओमकार वन के असामयिक निधन के बाद शोकाकुल परिवार से मिलने शुक्रवार को केंद्रीय विदेश रा ज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ओंका र नाथ वन के मठ श्रीनगर बाबागंज पहुँचकर उन्हें श्रद्धांजलि समर्पित किया।इस दौरान केंद्री य राज्य मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और परिवार जनों का ढाढ़स बढ़ाया।ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचर णों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह गहन दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने नए मुख्य कार्मिक अधिकारी को दी बधाई, वर्षो से लंबित पदोन्नति का मामला उठाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन (एनएफआईआर) के जोनल सेक्रेटरी श्री रमेश मिश्रा और संघ के महामंत्री ( सहायक महामंत्री, नई दिल्ली) के नेतृत्व में नव नियुक्त प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी (पीसीपीओ) श्री मनोज कुमार से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में कार्मिक विभाग नई ऊँचाइयों को छुएगा। उन्होंने विशेष रूप से सीनियर शंटर, पॉइंटमैन और एमसीएम सहित अन्य पदों पर लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल ने कार्मिक विभाग से संबंधित अन्य मुद्दों को भी उठाया, जैसे कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और अन्य कल्याणकारी योजनाएं।

इस दौरान कर्मचारियों से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को पर भी बात हुआ जिसमें विभिन्न संवर्गों में वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की मांग प्रमुख थी। पीसीपीओ श्री मनोज कुमार ने संघ के पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों के हित से जुड़े सभी मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पदोन्नति सहित अन्य कार्मिक संबंधी कार्य उनके लिए महत्वपूर्ण हैं और जल्द ही इन पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका प्रयास रहेगा कि सभी कर्मचारियों को उनके हक का लाभ बिना किसी देरी के मिले।इस मुलाकात और पीसीपीओ द्वारा दिए गए आश्वासन से पूर्वोत्तर रेलवे के कर्मचारियों में नई उम्मीद जगी है। संघ के पदाधिकारियों ने भरोसा जताया है कि नए अधिकारी के नेतृत्व में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का समाधान होगा और कार्मिक विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान संघ का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल उपस्थित था, जिसमें केंद्रीय सहायक मंत्री ओपी सिंह, मुख्यालय मंडल मंत्री फिरोज उल हक, बनारस मंडल के पदाधिकारी मुरारी मिश्रा, मुख्यालय मंडल अध्यक्ष संजीव धर के सतीश श्रीवास्तव, अकाउंट मंडल मंत्री शमशाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण से सशक्त हुईं बालिकाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने हेतु वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय पश्चिम दुआरा भेटुआ में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय की बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस, आत्मरक्षा कौशल तथा नेतृत्व गुणों का विकास करना रहा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अल्कमा कौसर द्वारा आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, आपात स्थिति में प्रतिक्रिया देने, और आत्मसुरक्षा के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान कक्षा सात की छात्रा राधा चौहान एवं कक्षा आठ की



छात्रा माही सिंह ने आत्मरक्षा की सीखी हुई तकनीकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।दोनों छात्राओं ने पंचिंग, ब्लॉकिंग, एवं बचाव की व्यावहारिक तकनीकों का प्रदर्शन कर उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों को प्रभावित किया।इस प्रदर्शन से अन्य बालिकाओं में आत्मरक्षा के प्रति गहरी रुचि और आत्मविश्वास विकसित हुआ। विद्यालय में वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी बन गया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्मविश्वास और निडरता की भावना का विकास हो रहा है। अब विद्यालयों में बालिकाएं न केवल नियमित रूप से उपस्थित हो रही हैं बल्कि खेलकूद, नेतृत्व एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।उन्होंने यह भी बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के सभी विकास खण्डों में चरणबद्ध रूप से संचालित किये जा रहे हैं ताकि हर विद्यालय की बालिकाएं आत्मरक्षा के कौशल से लैस हो सकें।

# तीन मंजिला इमारत से गिरकर युवक की मौत पर परिजनों ने थाने में हंगामा काटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### आक्रोशित परिजनों ने थाने का घेराव कर दुकान मालिक के खिलाफ कार्यवाही पर अड़े रहे

अमेठी । कोतवाली क्षेत्र अमेठी कस्बे के ककवा रोड स्थित आयुष प्लाईवुड दुकान में बुधवार को काम के दौरान तीन मंजिला इमारत से गिरकर घायल हुए युवक की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार सुबह ग़मगीन परिजनों ने शव लेकर अमेठी कोतवाली पहुंचकर दुकान मालिक के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये जमकर हंगामा किया और थाने का घेराव कर प्रार्थना पत्र दिया। थाना क्षेत्र के गांव देवरी निवासी विनोद पुत्र छेदी उम्र पैंतीस वर्ष जो ककवा रोड पर स्थित एक आयुष प्लाईवुड दुकान में मजदूरी करता था। बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह दुकान के ऊपरी हिस्से में काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह अचानक नीचे गिर गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया तो उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने एम्स रायबरेली के लिये रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर उसकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर शुक्रवार सुबह अमेठी लौटे और सीधे कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने दुकान मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही करने की मांग की। परिजनों ने कोतवाली का घेराव किया और नारेबाज़ी भी की। इस मामले की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। उन्होंने मृतक के परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया और कहा कि घटना की जांच की जा रही है दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इंस्पेक्टर के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुये और शव लेकर घर लौट गये। इसके बाद देर शाम गांव में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।विनोद की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके पीछे पत्नी अनीता देवी और चार नाबालिग बेटियां शुभी, अंशिका, खुशी और शिवांशी हैं। पिता की मौत के बाद बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान में सुरक्षा के कोई उचित इंतज़ाम नहीं थे और मजदूरों से ऊंचाई पर बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जाता था।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिये श्रम विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से जांच करें तथा लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाय। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# श्रद्धा और विश्वास के मिलन से भक्त को मिलते हैं प्रभु : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### गौरीगंज में मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर उमड़ी श्रोताओं की भीड़

अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तो को उनके संताप से मुक्त करते है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान की सगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिये इसमे तर्क का कोई स्थान नही है।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में कथा व्यास ने प्रभु के जन्म के अनेक कारणों को सुनाया।महाराज जी ने कहा कि भगवान की ये घोषणा है कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते है प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है जैसे मां अपने बच्चे की रक्षा करती है।मनु एवं शतरूपा जी के प्रसंग को सुनाते हुये महाराज जी ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय मे सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुये भगवान के भजन में मन लगाएं।देवताओ की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हु सभी देवता प्रभु की जयजयकार करने लगे।गोस्वामी जी ने अयोध्या की महिमा को गया है सम्पूर्ण अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे है और गोस्वामी जी ने भगवान के जन्म की तिथि घोषित कर दी।अयोध्या नगर में बधाइयां बजने लगी दशरथ जी मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे और पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम के आयोजक एवं गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर ब्राम्हण सम्मान एकता मंच के राष्टीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी, विजय पाल उपाध्याय, सम्राट सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, राज कुमार सिंह, मनीष सिंह,सचिन सिंह रैकवार, उदय सिंह, अरविंद सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, डॉ वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मोनू सिंह प्रधान, धीरु सिंह, प्रदीप सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ राम जी सिंह, हिमांशु सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# यूपीएसएस धान क्रय केंद्र पर लटके ताले खरीद प्रक्रिया धीमी बिचौलियों का कब्ज़ा किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार धान खरीद कार्यक्रम को लेकर खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बनाए गए उप्र. सहकारी संघ यूपीएसएस केंद्रों पर अनियमितताओं की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। बिलन्दपुर अशोक स्थित यूपीएसएस केंद्र पर बिचौलियों के हावी होने और किसानों से मनमानी करने की बात सामने आई है।सरकार की मंशा है कि किसान सीधे सरकारी मूल्य पर अपना धान बेच सकें, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश केंद्रों पर किसानों को बिचौलियों के माध्यम से ही अपना धान बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को सरकारी दर का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा।

केंद्र पर लटके ताले, खरीद प्रक्रिया धीमी स्थानीय किसानों ने बताया कि बिलन्दपुर अशोक यूपीएसएस केंद्र पर कई दिनों से ताला लटक रहा है, जबकि



धान खरीद शुरू हो चुकी है। किसान अपने उत्पाद को बेचने के लिए लगातार केंद्र का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन न तो जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद हैं और न ही खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सरकार की योजना पर सवाल

प्रदेश सरकार ने खाद्य विभाग के माध्यम से खरीफ सीजन 2024ऽ25 के लिए धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके अंतर्गत किसानों को सीधे भुगतान करने और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन ज़मीनी स्तर पर यह नीति विफल होती नज़र आ रही है।

अधिकारियों की अनदेखी से नाराज़ किसान

किसानों का कहना है कि केंद्र संचालक व बिचौलियों की मिलीभगत से छोटे किसानों को परेशान किया जा रहा है। कई किसानों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी की, परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों की मांग किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बिलन्दपुर अशोक केंद्र की पूरी जांच कराई जाए,दोषी कर्मचारियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई हो, और केंद्रों पर धान खरीद की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। किसानों का कहना है कि अगर प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## स्वामी विवेकानंद फुटबॉल फ़ेस्टिवल टूर्नामेंट का विधायक एवं एसडीएम ने किया शुभारंभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित विशाल मैत्री फुटबॉल फ़ेस्टिवल टूर्नामेंट का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सिद्धार्थ युवा क्लब नेपाल एवं लियो स्पोर्ट्स क्लब सम्पूर्णानगर के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और दोनों टीमों को बेहतर प्रदर्शन करने व खेल भावना के साथ खेलने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को ऊर्ज़ा, अनुशासन तथा समाज में एकजुटता का संदेश देता है। ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत–हार से ज्यादा खेल भावना महत्वपूर्ण है, इसलिए पूरी लगन और ईमानदारी से मैदान में अपना प्रदर्शन दें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत सरदार, सचिव मोहन राय, कोषाध्यक्ष मनोज सरकार सहित आदि लोग मौजूद रहे। शुक्रवार शाम 5 बजे विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि चंदिया हजारा में स्वामी विवेकानंद फुटबॉल फ़ेस्टिवल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया है।

## अमरिया में धान क्रय केंद्र बढ़ाने को लेकर किसान यूनियन डीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह के कार्यालय में मुलाकात कर दो अलग अलग ज्ञापन सौंप कर किसानों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग की है।धान किसानों की समस्याओं के ज्ञापन में सरकारी धान खरीद केन्द्रो पर पारदर्शिता से खरीद कराने व अमरिया तहसील में नाममात्र के दो क्रय केन्द्र ही स्थापित किए गए हैं।अमरिया तहसील में क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई। तथा जनपद पीलीभीत में मंडी समितियों के अलावा बहारी धान क्रय केन्द्रों पर खरीद शुरू कराने की मांग की गई।

## ढक्का चाट में गाली गलौज का विरोध करने पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव ढक्का चार्ट में एक युवक और उसके परिवार पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित देव ज्योति पुत्र कार्तिक मंडल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रोजाना की तरह दूध लेने जा रहा था। इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति उससे बिना किसी कारण के गाली–गलौज करने लगा। जब देव ज्योति ने विरोध किया तो आरोपी युवक नाराज हो गया और उसने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी और उसके परिजन मिलकर उसके साथ लाठी–डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में देव ज्योति और उसका भतीजा कमल गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर–शराबा सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य बचाव के लिए आगे आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, घायलों ने किसी तरह कोतवाली पहुंचकर पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ितों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे फिर मारपीट करेंगे क्योंकि उक्त लोगों ने पुलिस से शिकायत करने पर धमकी दी है।

## माधोटांडा के निजी नर्सिंगहोम मे अधिक रक्तस्राव से हुई प्रसूता की मौत मचा हड़कंप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक निजी नर्सिगहोम में प्रसव के दौरान हुई गर्भवती की मौत अधिक रक्तस्राव से हो गई गुरुवार को माधोटांडा के सेवा नर्सिंग होम में भर्ती कराई गई जानकारों के मुताबिक अधिक रक्तस्राव व बच्चेदानी फटने के फटने से मौत गई हैं। पूर्व में भी कई मौते हो चुकी है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग अभी भी अनजान बन बैठा है।

## खेत में तुलसी कटवा रही आठवीं की छात्रा की सांप के काटने से मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के जरिया थाने के उमरिया गांव में चाचा चाची के साथ खेत पर तुलसी की फसल कटवा रही आठवीं की छात्रा की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के उमरिया गांव निवासी उदेश राजपूत का छोटा भाई खेत में तुलसी की फसल कटवा रहे थे। साथ में उसकी पत्नी रीमा व 14 वर्षीय भतीजी वैष्णवी पुत्री उदेश राजपूत भी तुलसी कटवा रही थी। बताया उसी दौरान भतीजी को जहरीले सांप ने काट लिया। आनन–फानन में झाड़–फूंक के लिए कछवा कलां गांव ले गए। हालत में सुधार न होने पर पनवाड़ी ले गए।

# दो पक्षों की तहरीर पर एससी–एसटी एक्ट में क्रॉस मुकदमा दर्ज 24 नामजद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान मे दो पक्षों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर 24 लोगो पर अनुसूचित जाति के लोगो के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है पुलिस ने दोनो पक्षों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की विभिन्न धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है दर्ज मुकदमे के अनुसार, शिकायतकर्ता सुमित सिंह पुत्र राम चन्द्र लाल, निवासी वार्ड नंबर 01,मोहल्ला कायस्थान , ने अपनी तहरीर में बताया कि गत 21अक्टूबर 2025 को आरोपी उमेश सक्सेना, राजेश, शुभनेश और साथियों ने उनके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें अपमानित किया धारधार हथियार से हमला करने से रमाकांत का सर फट गया जिससे कई टांके लगे और संदीप शर्मा की हाथ की अंगुली कट गई और भी सदस्यों को गुम चोटे आई वही दूसरे ओर से शिकायतकर्ता बबली पत्नी टिंकू सक्सेना की ओर से दी गये शिकायत पत्र मे बताया कि उसने लव मेरिज टिंकू के साथ की है वही सुमित सिंह गलत नियत से प्रतिदिन गन्दे गन्दे इशारा करता और उठा ले जाने की धमकी देता है विरोध करने पर पूरे परिवार और जो बचाने आए सभी के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे काफी चोटे लगी सूत्रों के अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष और भाजपा विद्यायक की हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ एसटी एससी एक्ट सहित गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच के बाद करवाही अमल मे लाई जायेगी

# दहेजखोरों का कहर अतिरिक्त दहेज न देने पर बेटी की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।हजारा थाना क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा निवासी उपास सरकार ने अपनी पुत्री गीता वर्मा की मौत को लेकर मुख्यमंत्री व पुलिस अधिकारियों से शुक्रवार सुबह 11 बजे न्याय की गुहार लगाई है। उपास सरकार द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार उनकी बेटी गीता वर्मा की शादी वर्ष 2020 में माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव गभिया सहराये निवासी विजय वर्मा पुत्र रामपाल के साथ हुई थी। पिता के अनुसार, उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज देकर बेटी की शादी की थी, लेकिन ससुराल पक्ष उस दहेज से संतुष्ट नहीं था। शिकायत में कहा गया है कि शादी के बाद से ही पति विजय वर्मा, उसके भाई गोपाल वर्मा, मुन्ना वर्मा और बहन सपना वर्मा लगातार कम दहेज को लेकर गीता को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज के रूप में कार और सभी सदस्यों के लिए



सोने की अंगूठियां देने की मांग की जा रही थी। जब परिवार ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने का हवाला देकर मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो आरोपियों ने प्रताड़ना और बढ़ा दी। उपास सरकार के अनुसार, 21 अक्टूबर की शाम लगभग सात बजे सभी आरोपियों ने मिलकर गीता की गला घोंटकर व पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने गीता का शव बेड पर पड़ा हुआ देखा और उसके मुंह से खून निकल रहा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।मृतका के पिता ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। इसी के चलते उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर व पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि उनकी बेटी को न्याय मिल सके।

# हत्या आरोपी को जेल न भेजने पर भड़के परिजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर हजारा थाना क्षेत्र के गांव श्रीनगर निवासी रवि पुत्र सत्यप्रकाश की हत्या के बाद आरोपी गिरफ्तार तो किया गया पर आरोप है कि तीन दिन बीत जाने के बावजूद उसे जेल नहीं भेजा गया। जिससे नाराज होकर मृतक के परिजन और रिश्तेदार आक्रोशित हो गए। शुक्रवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से स्पष्ट इंकार कर दिया और सड़क पर शव रखकर जाम लगाने की चेतावनी दी। दरअसल मामला 21 अक्टूबर की शाम से शुरू हुआ, जब रवि अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी कोई पता न लगने पर परिजन रात में हजारा थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अगले दिन 22 अक्टूबर सुबह रवि का खून से लथपथ शव गांव के ही पास गन्ने के खेत से



बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि रवि की उसके दोस्त हीरालाल से कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर हीरालाल ने डंडे से रवि के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और शव को छिपाने के लिए गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गहरे घाव, शरीर पर अनेक चोटें और गले पर निशान मिलने के बाद हत्या की पुष्टि हुई थी। पत्नी और परिवार शव से लिपटकर न्याय के लिए बिलखते रहे। मृतक की दो माह की एक बेटी है, मासूम के सर से पिता का साया उठ गया। ग्रामीणों और ग्राम प्रधान के समझाने के बाद परिजनों ने दोपहर लगभग दो बजे शव का अंतिम संस्कार कर दिया।परिजनों का आरोप है कि वारदात के बाद भी पुलिस की ढीली कार्रवाई से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। परिवार ने आरोपी को जल्द जेल भेजने और सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

## ट्रक की टक्कर से किसान की मौत मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेर चौरा में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया गांव निवासी रामचंद्र पुत्र मिढई लाल (उम्र लगभग 50 वर्ष) बुधवार शाम करीब पांच बजे साइकिल से अपने खेत की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह कढेर चौरा स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मे रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से पूरनपुर सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद रामचंद्र को मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिऐ भेज दिया मृतक के भाई रामभजन की तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया

## मुरादाबाद के तीनों जोनों में विद्युत व्यवस्था के लिए 1 नवंबर से लागू होगा वर्टिकल सिस्टम

मुरादाबाद। 1 नवंबर से मुरादाबाद जिले के तीनों जोनों में विद्युत व्यवस्था के लिए वर्टिकल सिस्टम लागू होगा। मुरादाबाद महानगर में 5 एक्सईएन तैनात होंगे और सबका कार्यक्षेत्र अलग–अलग होगा। प्रशासनिक पुनर्गठन से उपभोक्ताओं को लाभ होगा और विद्युत आपूर्ति बेहतर हो सकेगी। बिजली व्यवस्था को पांच एक्सईएन के कार्यक्षेत्र में बांटा जाएगा। एक एक्सईएन के पास 33 केसी, दूसरे के पास 11 केली और एसटी लाइन का चार्ज होगा। सप्लाई संबंधित सारी शिकायतें इनके पास ही जाएंगी। तीसरे एक्सईएन के पास कॉमर्शियल व नए कनेक्शन का चार्ज होगा। चौथे के पास बिलिंग व मीटरिंग जिम्मेदारी और पांचवें के पास रेड का काम होगा। मुख्य अभियंता एके चौरसिया ने शुक्रवार को बताया कि लोगों की शिकायत के निवारण के लिए शहर में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगी।

## सम्पादकीय

# आत्मघात की नादानी

यह शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली की गिनती दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में हो रही है। जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल होने पर श्वसनतंत्र के रोगियों को किस संत्रास से गुजरना पड़ा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। दिल्ली में एक्यूआई का स्तर पौने चार सौ के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाना कई इंजनों वाली सरकारों और समाज की सामूहिक विफलता को ही दर्शाता है। बताते हैं कि दिल्ली की आबोहवा पिछले पांच सालों के सबसे खतरनाक स्तर तक जा पहुंची है। मजबूरी की स्थिति में दिल्ली सरकार को ग्रैप-2 की सख्त नीतियां लागू करनी पड़ी हैं। निस्संदेह, दिल्ली के प्रदूषण में अकेले पटाखों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती आबादी का बोझ, हर साल बनने वाले एक लाख मकानों के निर्माण से फैलने वाला प्रदूषण तथा प्रतिवर्ष सड़कों पर उतरने वाली लाखों गाड़ियों का उत्सर्जन भी शामिल है। एक नागरिक के रूप में हमारा गैरजिम्मेदार व्यवहार इस संकट को बढ़ाने वाला है। हम कभी पराली जलाने और कभी पटाखे छोड़ने को इस संकट का कारण बताते हैं, लेकिन वास्तव में प्रदूषण के कारक हमारे तंत्र की नाकामी में हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई तीन सौ पचास का आंकड़ा पार कर गया। दीपावली के बाद भी हवा का जहरीला बना रहना बेहद गंभीर विषय है। शायद वजह यह भी हो कि लोगों ने कुछ इलाकों में दो दिन दिवाली मनाई। लेकिन इस सारे प्रकरण में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कवायदें भी निष्फल ही नजर आईं। ग्रैप-2 का लागू होना स्थिति की गंभीरता को ही दर्शाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली में सर्दियों की शुरुआत होने पर वायु गुणवत्ता का संकट गहराने लगता है। जो दिल्ली की दिवाली के बाद प्राणवायु को ही दमघोंटू बनाने लगता है। हर साल शीर्ष अदालत की सक्रियता और सरकारी घोषणाओं के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो यह हमारी आपराधिक लापरवाही की परिणति भी है। बहरहाल, कतिपय सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सबल आग्रह के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सिर्फ पर्यावरण को कम हानि पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन प्रदूषण का स्तर बता रहा है कि यह प्रयास विफल रहा है। लोगों ने ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जमकर फोड़े हैं। जो लोगों के आत्मघाती व्यवहार का ही परिचायक है। वैसे पर्यावरणविदों का मानना है कि ग्रीन पटाखे प्रदूषण नहीं फैलाते, यह सोच तार्किक नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है। अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि बच्चों और बुजुर्गों पर इस संकट का कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा होगा। देश में लाखों लोग श्वास संबंधी रोगों के कारण जीवन गंवा रहे हैं। सवाल यह है कि इस संकट को दूर करने के लिए, जो ग्रैप-2 सिस्टम लागू किया जाता है, क्या उसे इस संकट के हर साल आने की स्थिति को देखते हुए पहले से नहीं लागू किया जा सकता? धूल को उड़ने से रोकने और हवा में प्रदूषण कम करने के लिए पानी का छिड़काव क्या शेष महीनों में नहीं किया जाता? अब ट्रैफिक को नियंत्रित करने की बात की जा रही है ताकि सिग्नल पर गाड़ियां ज्यादा देर खड़ी न हों, जिससे प्रदूषण अधिक नहीं हो। आखिर क्यों हम सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त नहीं करते ताकि सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या को कम किया जा सके? कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रिक वाहन भी प्रदूषण की दृष्टि से निरापद नहीं हैं। सीएनजी गाड़ियों को प्रोत्साहन को लेकर भी बड़े नीतिगत सुधार नहीं किए जा सके हैं। इसके बावजूद, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब तक लोगों को यह अहसास नहीं होगा कि त्योहार के नाम पर जमकर जहरीले पटाखे छुड़ाना एक आत्मघाती कदम है, तब तक कोर्ट और सरकार के प्रयास विफल ही साबित होंगे। इसके लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों को साझी पहल करनी होगी। यह संकट सिर्फ दिल्ली या एनसीआर का नहीं है, मुंबई, कोलकाता आदि अनेक महानगरों के घातक प्रदूषण की चपेट में आने की खबरें हैं।

# छठ महापर्व: प्रकृति, पवित्रता और प्रार्थना का अनूठा लोकपर्व

**छठ महापर्व (25-28 अक्टूबर) पर विशेष**

**पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्घ्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करने के पश्चात् प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं।**

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निःसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उन्हें दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। इस साल 25 अक्तूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व की शुरूआत हो रही है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा 2025 का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है। 26 अक्तूबर को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढ़लते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं। 28 अक्तूबर को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाना है। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगलकामनाएं की जाती हैं। छठ पूजा का प्रसाद छठ घाट पर ही ग्रहण करने का विधान है। अंतिम चरण में छठ व्रती पारण कर चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान समाप्त करती हैं। नियम, संयम और तपस्या का महापर्व छठ चार दिनों तक चलता है लेकिन इसकी तैयारी कई सप्ताह पहले ही शुरू हो जाती है। षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व की शुरूआत मूल रूप से बिहार और पूर्वांचल से हुई मानी जाती है लेकिन अब यह न केवल भारत के अलग-अलग राज्यों में बल्कि विदेशों में भी मनाया जाने लगा है और बिहार तथा पूर्वांचल के ही नहीं, अन्य क्षेत्रों के बहुत से लोग भी अब छठ पर्व के प्रति आस्थावान होकर यह व्रत करने लगे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्घ्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी



की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करने के पश्चात प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया। इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पाण्डव जब अपना सारा राजपाट जुए में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रोपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पाण्डवों को राजपाट वापस मिला। पाण्डवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ-सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ-सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्यौहार माना जाता है। **- योगेश कुमार गोयल**

# माओवाद का खात्मा: संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर

**मृत्युंजय दीक्षित**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में गृहमंत्री अमित शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बने माओवाद को मार्च 2026 तक समाप्त करने का जो संकल्प लिया है वह अब सिद्धि की ओर अग्रसर है। देश का एक बहुत बड़ा भू भाग जो विकास की मुख्यधारा से अलग था अब शेष भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर है। आज छत्तीसगढ़ के नक्सलवादी आतंकवाद के लिए कुख्यात बस्तर में तिरंगा फहरा रहा है और नक्सलवादियों के गढ़ में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभाएं हो रही हैं। गृहमंत्री नक्सलवादियों को स्पष्ट संदेश देते हैं कि, ल्लमाओवादियों आपके पास अब दो ही विकल्प बचे हैं या तो समर्पण कर दें या फिर एनकाउंटर के लिए तैयार रहें। इस सख्ती का ही असर है कि 17 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ में एक साथ 210 माओवादियों ने एक साथ समर्पण किया है। उधर, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष छह करोड़ रुपए के इनामी माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लेजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू उर्फ अभय ने 60 साथियों सहित बंदूक छोड़कर विकास की राह थाम ली है। इन माओवादियों ने 54 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है जिनमें सात एके 47 और नौ इंसास राइफलें है। भूपति माओवादी संगठन में सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में माना जाता था और उसने लंबे समय तक महाराष्ट्र- छत्तीसगढ़ सीमा पर अभियानों का नेतृत्व किया। भूपति वही खतरनाक माओवादी आतंकवादी है जिसने छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के 76 जवानों का नरसंहार किया था। महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला दशकों से माओवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र के शीर्ष माओवादी का समर्पण शेष बचे हुए नक्सलियों खासकर निचले स्तर के कैडर को सीधा संदेश दे रहा है कि अब जब उनका सबसे बड़ा और अनुभवी नेता हथियार डाल रहा है तो उनके पास भागने या छिपने का कोई रास्ता नहीं बचा है। इससे वे भी समर्पण करने के लिए मन बनायेंगे। यह समर्पण छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना जैसे राज्यों के लिए शांति का बड़ा संकेत है। भूपति व उसके साथियों के समर्पण करने से माओवादियों की सबसे मजबूत दीवार ढह गई है। जनवरी 2023 में गृहमंत्री अमित शाह ने माओवाद के खिलाफ ऑपरेशन को हरी झंडी दी, उसके बाद से अब तक सुरक्षाबलों ने 312 माओवादियों को मार गिराया है। मारे गए माओवादियों में में सीपीआई माओवादी महासचिव वासव राजू समेत पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के आठ सदस्य भी शामिल हैं। 21 जनवरी 2024 से लेकर अब तक माओवाद के खिलाफ अनेक ऑपरेशन सफलतापूर्वक चलाए जा चुके हैं, जिनमें 836 माओवादी गिरफ्तार किये गए हैं और 1639 आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में पोलित ब्यूरो और एक केंद्रीय समिति सदस्य शामिल है। वर्ष 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने माओवाद को भारत की सबसे बड़ी चुनौती बताया था किंतु उस समय राजनैतिक कारणों से माओवाद के पूर्ण सफाए का कोई ब्लूप्रिंट नहीं बन पाया था। मनमोहन सरकार के कार्यकाल में माओवादी बहुत बड़ी चुनौती थे। उस समय ये नेपाल के पशुपतिनाथ से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक लाल कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे थे । ये भारत, भारत के संविधान और भारत की सनातन संस्कृति से बैर रखते हैं। वर्ष 2013 में विभिन्न राज्यों के 126 जिलों के माओवादी हिंसा से ग्रस्त होने की रिपोर्ट केंद्र को भेजी गई थी। वर्ष 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से मार्च 2025 तक यह संख्या 126 से घटकर केवल 18 जिलों तक सीमित रह गई है। वर्तमान में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 11 रह गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के सात जिले, झारखंड का एक जिला पश्चिम सिंहभूम, मध्यप्रदेश का एक जिला बालाघाट, महाराष्ट्र का एक जिला गढ़चिरौली और ओडिशा का एक जिला कंधमाल शामिल है। इनमें भी अब छत्तीसगढ़ के तीन जिले बीजापुर, नाराणपुर और सुकमा ही अति माओवादी प्रभावित बचे हैं। वर्ष 2014 के पूर्व माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराना अपराध माना जाता था, गरीबों के लिए सरकारी सहायता नहीं पहुच पाती थी और दूरदराज के गांवों से किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो पाता था।

## सेहत मंत्र

# शाकाहारी लोगों के लिए किसी खजाना से कम नहीं है ब्रोकली, दिल को रखता है स्वस्थ

गोभी की तरह दिखने वाला ब्रोकली चाहे लोगों को कम पसंद हो लेकिन इसमें पोषक तत्वों की कोई कमी नहीं होती है। ब्रोकली में सबसे ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है। जो लोग अंडा, मांस या मछली जैसी नॉन वेज चीजें नहीं खाते हैं, वो लोग ब्रोकली का सेवन जरुर करें। इसमें खूब सारा प्रोटीन पाया जाता है। आइए जानते हैं रेग्युलर बेसिस पर ब्रोकली क्यों खाना चाहिए। ब्रोकली गोभी की तरह ही लगती है बस यह हरी होती है। इस सब्जी में कई न्यूट्रिएंस पाएं जाते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है, साथ ही कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, विटामिन ए, सी और कई दूसरे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें कई प्रकार के लवण भी पाए जाते हैं, जो शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने में मददगार साबित होते हैं। इसके खाने से विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। विटामिन सी शरीर में इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने और संक्रमण से बचाने में मदद करता। ब्रोकली में पाएं जाने वाले सेलेनियम और ग्लूकोसिनोलेट्स जैसे तत्व दिल को स्वस्थ रखते हैं। इसके साथ ही प्रोटीन को बढ़ाने का काम करते हैं। ब्रोकली के रोजाना सेवन करने से लिवर क्षति का जोखिम कम होता है और फैटी लिवर की समस्या में लाभ होता है। ब्रोकली में प्रोटीन, आयरन, फोलेट, विटामिन सी और विटामिन के का भी अच्छा स्रोत है जो गर्भवती महिला के जरुरी है। इसमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में ब्रोकली हड्डियों और दांतों की सेहत के लिए काफी लाभकारी है।



## धर्म मंत्र

# ईश्वर से मिलना है, तो संत ही हमें प्रभु के मार्ग पर अग्रसर करते हैं

भगवान श्रीराम जी जैसे ही भोलेनाथ जी को दर्शन देकर गये, उसी समय वहाँ पर सप्तऋर्षि आन पहुँचे। भगवान शंकर ने सप्तऋर्षियों के स्वागत में कहा, हे मुनिवरो! सबसे पहले तो मैं आप सबको प्रणाम करता हुँ। मेरे बड़े ही अहोभाग्य जो आप लोगों का यहाँ आगमन हुआ। अब कृपा करके आप मेरा परम कार्य सिद्ध कीजिये। आप हिमवान की पुत्री पार्वती जी के प्रेम की परीक्षा लीजिये। हिमवान को भी समझाईये, कि वे पार्वती जी को वापिस घर लिवा लाने के लिए तत्पर हों- 'पारबती पहिं जाइ तुम्ह प्रेम परिच्छा लेहु। गिरिहि प्रेरि पठएहु भवन दूरि करेहु संदेहु।।' भगवान शंकर के कहने पर सप्तऋर्षि माता पार्वती जी के प्रेम की परीक्षा लेने के लिए प्रस्थान करते हैं। यहाँ एक बात बड़ी विचित्र लगी, कि माता पार्वती जी से विवाह तो भगवान शंकर को ही करना है। ऐसे में वे स्वयं परीक्षा लेने क्यों नहीं जाते हैं। भला संतों को बीच में डालने की क्या आवश्यक्ता है। केवल भगवान शंकर ही नहीं, अपितु माता पार्वती जी भी संत नारद जी के कहने पर ही, भगवान शंकर के परिणय सूत्र में बँधने के लिए ही, इतना कठिन तप करने वनों में आई थी। अर्थात वे भी अगर ईश्वर से मिलने को आतुर हुई, तो बीच में संतों को रखा। इसका बड़ा सुंदर अर्थ है। अर्थात संसार में अगर ईश्वर से मिलना है, तो संत ही हमें प्रभु के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उधर ईश्वर को भी जब यह समाचार मिलता है, कि कोई भक्त हमसे मिलने के लिए प्रयास कर रहा है, तो वे भी बीच में संतों को ही रखते हैं।

## पर्यटन




# कोलाड के हरे-भरे जंगल और घाटियाँ पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं

कोलाड, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित एक छोटा सा गाँव है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और साहसिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान पुणे और मुंबई से लगभग समान दूरी पर स्थित है, जिससे यह एक आदर्श वीकेंड गेटवे बनता है। कोलाड की खासियत है कि यह न केवल एक शांतिपूर्ण जगह है, बल्कि यहाँ पर रोमांचक गतिविधियों का भी भरपूर आनंद लिया जा सकता है। कोलाड का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहाँ की हरियाली, पहाड़ियाँ और झरने इसे एक खूबसूरत पर्यटन स्थल बनाते हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहाँ की नदियाँ और झरने पूरी तरह से भर जाते हैं, तब इस स्थान की सुंदरता देखते ही बनती है। कोलाड के आस-पास के हरे-भरे जंगल और घाटियाँ पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं। रिवर राफ्टिंगः कोलाड की मुख्य आकर्षणों में से एक है यहाँ की कर्जन नदी पर रिवर राफ्टिंग। यह गतिविधि साहसिक प्रेमियों के लिए एक अद्वितीय अनुभव है। यहाँ की जलधारा की वेग के साथ राफ्टिंग करना एक रोमांचकारी अनुभव होता है। दिवेघर और भिरवाडी झरनाः ये झरने मानसून में पूरी तरह से बहते हैं और उनका दृश्य बहुत ही अद्भुत होता है। यहाँ पर आप पिकनिक मना सकते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं। ट्रेकिंगः कोलाड के चारों ओर कई ट्रैकिंग मार्ग हैं, जो अनुभवियों के लिए एक चुनौती पेश करते हैं। यहाँ की पहाड़ियों पर ट्रेकिंग करते समय आपको अद्भुत नज़ारे देखने को मिलेंगे। कोलाड का ताजे फलः यहाँ के स्थानीय बाजारों में ताजे फलों की खरीददारी करना एक अलग अनुभव है। खासकर अनार, आम और स्ट्रॉबेरी का स्वाद जरूर लें। कोलाड का जीवन सरल और शांत है। यहाँ के निवासी अपनी स्थानीय परंपराओं का पालन करते हैं और ग्रामीण जीवन का आनंद लेते हैं। यहाँ का खानपान भी स्थानीय से भरा होता है। अगर आप स्थानीय भोजन का स्वाद लेना चाहते हैं, तो आपको यहाँ के कई छोटे ढाबे और रेस्टोरेंट में मजेदार व्यंजन मिलेंगे। कोलाड जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है।

# तहसील बार चुनाव सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,महामंत्री, कोषाध्यक्ष समेत अन्य सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बहोरी प्रसाद शुक्ला ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को निर्वाचित घोषित किया। तहसील बार एसोसिएशन के इतिहास में इस बार का चुनाव नई इबारत लिख गया। जब अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

अध्यक्ष पद के लिए काशीप्रसाद द्विवेदी और रामप्रसाद वर्मा ने नामांकन किया था। नामांकन पत्रों की जांच और वापसी के दौरान रामप्रसाद वर्मा ने अपना पर्चा वापस ले लिया,और काशीप्रसाद द्विवेदी को निर्विरोध अध्यक्ष बने।





इसी तरह महामंत्री पद के उम्मीदवार रामहृदय यादव व राना प्रताप सिंह आमने सामने थे। राना प्रताप सिंह ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया।जिससे रामहृदय यादव निर्विरोध महामंत्री चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर रमाकांत वर्मा के प्रतिद्वंद्वी उपेंद्र यादव ने भी पर्चा वापस ले लिया और रमाकांत वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## काशी, अध्यक्ष महामंत्री बने राम हृदय

## अधिवक्ता एकता की मिसाल सिरौलीगौसपुर बार चुनाव

उपाध्यक्ष प्रथम पर अवधेश प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष द्वितीय पर राजेश बख्श दास व उपाध्यक्ष तृतीय पर बालचंद्र निर्विरोध चुने गए। संयुक्त मंत्री प्रथम पर राजीव कुमार वर्मा, द्वितीय पर पुत्तीलाल और तृतीय पर मोहम्मद वासिफ को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

प्रशासनिक सदस्य के रूप में सितेन्द पाल, केशव राम, राकेश कुमार यादव, आत्मेजय सिंह और श्रवण सिंह निर्विरोध चुने गए। सामान्य सदस्य पदों पर चंद्र प्रकाश वर्मा, प्रकाश तिवारी राना, सौरभ सिंह, दिलीप कुमार और सुरेश बहादुर सिंह भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी के सदस्य सत्यनाम वर्मा, जगदेव प्रसाद रावत, विनोद कुमार सिंह और मुरारी शरण दीक्षित मौजूद रहे। विनोद कुमार मिश्रा 'बाबा जी' ने इस चुनाव को निर्विरोध संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

निर्वाचन के बाद बार भवन में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें पूर्व अध्यक्ष शिव वरदान सिंह, रामप्रसाद वर्मा, प्रहलाद कुमार वर्मा, दीपक बाबा, कालीप्रसाद यादव और अब्दुल अहद एडवोकेट सहित तमाम वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री, सहित समस्त कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर बधाई दीं।

# पशु क्रूरता एवं पशु संरक्षण पर विधिक जागरूकता शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उ.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुसार श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में माह अक्टूबर के प्लान आफ एक्शन के अन्तर्गत आज गुरुवार को पशु क्रूरता एवं पशु संरक्षण पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डा. सुरजीत सिंह उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, डा0 रमेश चन्द्र सिंह, पंकज वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी, रोहित वर्मा, सनी सिंह, राकेश फार्मासिस्ट, श्री राम किशोर पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन के अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी शामिल हुये। डा. सुरजीत सिंह उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 भारत में पशुओं को अनावश्यक दर्द और पीड़ा से बचाने के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। यह अधिनियम पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकता है, उनके कल्याण को बढ़ावा देता है और वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करता है। हाल ही में, इस अधिनियम में संशोधन का मसौदा (2022) पेश किया गया है, जिसमें वीभत्स क्रूरता को परिभाषित कर जुर्माने और कारावास की सजा बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य पशुओं को अनावश्यक दर्द या पीड़ा देने से रोकना। यह भारत में पशु संरक्षण का मुख्य कानून है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड अधिनियम की धारा 4 के तहत इसकी स्थापना 1962 में की गई थी, जो पशु कल्याण को बढ़ावा देने का काम करता है। यह अधिनियम क्रूरता के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है, जैसे उपेक्षा, शारीरिक दुर्व्यवहार, और अत्यधिक बोझ डालना या त्यागना। पशुओं के परिवहन और बाज़ारों में उनके रखरखाव के लिए नियम भी बनाए गए हैं। यह वैज्ञानिक प्रयोगों की अनुमति देता है, लेकिन उचित सुविधाओं और अनुमोदन के साथ। पशु क्रूरता निवारण (संशोधन) विधेयक-2022 वीभत्स क्रूरता एक नई श्रेणी, जिसमें अत्यधिक दर्द और पीड़ा देने वाले और आजीवन विकलांगता या मृत्यु का कारण बनने वाले कार्य शामिल हैं। इसमें न्यूनतम जुर्माना 50,000 और अधिकतम 75,000 हो सकता है।जुर्माने के साथ अधिकतम 5 साल का कारावास भी हो सकता है। भारतीय संविधान के अनुसार, नागरिकों का कर्तव्य है कि वे जानवरों की देखभाल करें और उनकी रक्षा करें। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी पशुओं के जीवन के अधिकार को स्थापित किया है और पशुओं की बलि और परिवहन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड और अन्य संगठन पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन विभाग के कर्मचारी के द्वारा किया गया।

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से होती मोक्ष की प्राप्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। धमेडी मोहल्ला स्थित लक्ष्मी नारायण शुक्ला के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रयागराज से पधारे वैष्णवाचार्य स्वामी श्री अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के परम तत्व स्वरूप का वर्णन किया।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण नाम का स्मरण मात्र करने से ही जीव मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।स्वामी जी ने कहा कि राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से ही मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि कलियुग के प्रभाव में आकर राजा परीक्षित ने ऋषि शमीक के गले में मृत सर्प डाल दिया जिससे उनके पुत्र ऋंगी ऋषि ने उन्हें श्राप दिया कि सातवें दिन तक्षक सर्प के डंसने से उनकी मृत्यु होगी।पश्चाताप के बाद राजा ने भागवत कथा का श्रवण किया और मोक्ष प्राप्त किया।कथा के प्रथम दिवस सरयू घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण कर कथा स्थल पर सम्पन्न हुई।इस दौरान सैकड़ों महिलाएं युवतियां तथा पुलिस कर्मी मौजूद रहे।आयोजन में लक्ष्मी नारायण शुक्ला स्वामी शिवानंद जी महाराज अनिल अवस्थी मधुबन मिश्रा आशीष पांडे बृजेश शुक्ला दुर्गेश शुक्ला गोपाल जी उमेश पांडे शुभम जायसवाल लवकेश शुक्ला मुकेश शुक्ल शिवम शुक्ला कमल तिवारी व शिक्षक दिलीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# विवाहिता के साथ जेठ ने की अभद्रता मारपीट, पुलिस में शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी । दरियाबाद थाना क्षेत्र के मसूद्पुर मजरे खलसापुर गांव में एक महिला के साथ उसके जेठ द्वारा घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता सावित्री पत्नी रमाकांत ने थाना प्रभारी दरियाबाद को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका जेठ रोशन लाल पुत्र रामलखन अपनी पत्नी रमावती के साथ घर में घुस आया और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे लात-घूंसों और डंडे से पीटा।

महिला ने आरोप लगाया कि रोशन लाल अक्सर उसके साथ छेड़छाड़ करता है और विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी देता है। सावित्री का कहना है कि उसका पति रोज़गार के सिलसिले में परदेश में रहता है, जबकि वह अपनी सास के साथ घर पर रहती है।

घटना के दिन आरोपी ने उनके पूजा स्थल के पास तुलसी के पेड़ के नीचे लड्डू फेंका। जब सावित्री ने इसका कारण पूछा, तो जेठ और जिठानी ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। महिला के मुताबिक, डंडे से सीने पर वार किए जाने से उसे गंभीर चोटें आईं।

पीड़िता ने कहा कि वह चार बार कोतवाली जाकर शिकायत कर चुकी है, परंतु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। उसने बताया कि उसने महिला हेल्पलाइन 1090 और पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को भी फोन पर घटना की जानकारी दी है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सोनकर का कहना है कि मामला देवरानी-जेठानी के बीच पारिवारिक विवाद का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सी.एम को ज्ञापन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष के.के यादव गुड्डू की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्ष अयोध्या सतीश चन्द्र मौर्य की अगुवाई में किसने की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी शिवकुमार वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में फसल बुआई का समय है लेकिन किसानों को खाद एन पी के,डी ए पी सहजता से उपलब्ध नहीं हो पा रही है अधिकारियों का कहना है कि खाद की कोई कमी नहीं है लेकिन जमीनी हकीकत ए है कि किसान खाद के लिए दर दर भटक रहा है सरकारी समितियों पर ताला लटक रहें हैं सचिन नदारद है कोई जवाब नहीं दे रहा है मंडल अध्यक्ष सतीश चन्द्र मौर्य ने कहा कि अभी हाल ही के पिछले महीनों में यूरिया खाद के लिए लाइन में खड़े किसानों पर पुलिस द्वारा लाठियां भांजी गई जिसमें बहुत सारे किसान चोटिल हुए थे जिम्मेदारों से कहना है कि इस प्रकार की घटना की दोबारा पुनरावृत्ति न हो और किसानों को सहजता से बिना लाइन लगाए खाद बीज उपलब्ध होना चाहिए।इस मौके पर सुनील कुमार यादव लाल जी यादव मंडल अध्यक्ष सतीश चन्द्र मौर्य जिलाध्यक्ष के के यादव युवा मंडल अध्यक्ष राहुल वर्मा युवा जिलाध्यक्ष ज़ालिम सिंह यादव गौरी कश्यप अनिल यादव राजकुमार यादव राजू राम बाबू रामू यादव राकेश यादव हिमांशु कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे कृषक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद किसान खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। लगातार पराली जलाने की घटनाओं के साथ ही किसान प्रशासनिक कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं। शुक्रवार को क्षेत्र के करामातपुरवा मजरे मेलरायगंज में पराली जलाने पर नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने एक किसान पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार द्वारा की गई।

नायब तहसीलदार अन्नू सिंह शुक्रवार को क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान उन्हें पराली जलाए जाने की सूचना मिली । इसके बाद वह अपने राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां उन्होंने शिवबालक पुत्र मथुरा को अपने खेत में पराली जलाते हुए पाया। जिसके बाद नायब तहसीलदार ने किसान शिव बालक से पाँच हजार रुपये का जुर्माना वसूला। उन्होंने अन्य किसानों से भी पराली न जलाने की अपील किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसान पराली को नजदीकी एकत्रित सेंटर पर ले जाने की सूचना दें । जिससे सेंटर उसे उठा ले जाएगा। इससे किसानों को फायदा होगा और प्रदूषण भी नहीं फैलेगा।

# परिक्रमा कर संतो ने जगाई सनातन एकता की अलख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी अलियाबाद में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे 84 कोशी परिक्रमा कर रहे साधू संतों का जत्था पहुंचा। यह यात्रा श्री संत जगत गुरु तुकाराम महाराज वारकरी गुरुकुल तपोभूमि वागद्रा, ब्रह्मपुर, जिला बीड, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित की गई थी। यह परिक्रमा विशेष रूप से श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण की खुशी में दो वर्षों से निकाली जा रही है। इस यात्रा का नेतृत्व सत्यवान महाराज ने किया, और इसमें संत जगत गुरु तुकाराम महाराज वारकरी गुरुकुल के करीब 50 भक्त शामिल हुए। इस परिक्रमा के दौरान संत सत्यवान महाराज ने बताया, ''यह यात्रा श्रीधाम अयोध्या की 84 कोशी परिक्रमा का हिस्सा है। भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण से हम सभी राम भक्तों में अपार खुशी है। हम दूसरी बार श्रीराम की जन्मभूमि की परिक्रमा कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए इस यात्रा में सम्मिलित हुए हैं।'' परिक्रमा के दौरान भक्तों ने श्रद्धा भाव से यात्रा की, और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी अटूट भक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि हर घर में रामराज्य की स्थापना का संदेश भी देना है। अलियाबाद में पहुंचे इस धार्मिक समूह का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। जगह जगह स्थानीय लोग बड़ी श्रद्धा से परिक्रमा में शामिल साधु संतों और गुरु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अलियाबाद चौकी इंचार्ज राकेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद दिखे।



## लोडर की टक्कर से मिठाई दुकानदार की मौत

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शुक्रवार शाम अनियंत्रित लोडर की टक्कर से मिठाई दुकानदार की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक लोडर छोड़कर फरार हो गया। बकेवर थाना व कस्बा निवासी देवेंद्र गुप्ता उर्फ रजोली गुप्ता (55) अपनी मिठाई की दुकान बंद कर दूध लेने डेयरी जा रहा थे। जैसे ही कस्बे के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह वाहन के अगले टायर के नीचे आकर गम्भीर रूप से घायल हो गये, घायल को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सक ने देवेंद्र गुप्ता उर्फ रजोली गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुत्र की तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## दून एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार की दोपहर लखनऊ अयोध्या रेलवे मार्ग स्थित ग्राम करमुल्लापुर के निकट एक 35 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिर कर मृत्यु हुई।मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के मुताबिक युवक मध्य प्रदेश सिंगरौली अमहा टोला सराय का निवासी बताया गया है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे दिन मे लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही दून एक्सप्रेस से एक 35 वर्षीय युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया।थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

## पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं खेतिहर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत रसूलपुर में राजस्व और कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्रीकरण कैंप का आयोजन किया गया। पंचायत भवन में आयोजित इस कैंप का शुक्रवार को नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने कर्मचारियों को फार्मर रजिस्ट्रीकरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया उनके लिए लाभदायक है।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर लगाए गए इस कैंप में किसानों को फार्मर रजिस्ट्रीकरण के लाभों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें पंजीकृत किया गया। कैंप में लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी और कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नहीं रहे समाजसेवी शत्रुघ्न जायसवाल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला कटरा निवासी समाजसेवी एवं व्यवसाई शत्रुघ्न जायसवाल ने रात डॉ राम मनोहर अस्पताल लखनऊ में अंतिम सांस ली। वे वरिष्ठ पत्रकार निरंकार जायसवाल के पिता थे। करीब 80 वर्षीय श्री जायसवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।श्री जायसवाल के निधन की सूचना जैसे ही बाराबंकी पहुंची शोक की लहर दौडी। आज उन्हें सोता नागेश्वर नाथ स्थित श्मशान घाट पर अंतिम विदा दी गई। अंतिम संस्कार में नगर के गणमान्य सभी सियासी दलों के लोग भारी संख्या में अधिवक्ता व्यापारी वर्सम्मिलित हुए।

## पुराने कुएं में मिला मगरमच्छ, घंटों रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने किया सुरक्षित रिहा

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव के सिवान मझरा में शुक्रवार को उस समय हड़कम्प मच गया जब एक पुराने कुएं में मगरमच्छ दिखाई दिया। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग कुएं के पास जुट गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर डायल 112 पुलिस, फायर ब्रिगेड टीम और वन विभाग के कर्मचारी पहुंचे। स्थिति को संभालते हुए टीमों ने कुएं के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया और मगरमच्छ को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। वन दरोगा मनोज सोनकर और सिपाही राहुल यादव के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वन रेंजर सत्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से नजदीकी जलाशय में छोड़ दिया गया।

# ग्राम चौपाल, घर बैठे शिकायतों का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्रामीणों को घर बैठे न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली ग्राम पंचायत स्तर की ग्राम चौपाल का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव में सम्पन हुई। चौपाल में शिकायते आयी ।ग्राम पंचायत बड़ागांव मे ग्राम प्रधान नूर फातिमा की अध्यक्षता मे आयोजित ग्राम चौपाल मे कपिलनगर निवासी ज्योति पत्नी अक्षय कुमार ने बताया कि गत 20 अक्टूबर को दीपावली के दिन आग लग जाने से मेरा झोपडीनुमा मकान जल गया है रहने के लिए कुछ नही बचा है जिससे आवास दिया जाय। वकील पुत्र इलियास व अब्दुल वहीद पुत्र अब्दुल हमीद ने परिवार रजिस्टर नकल की माग की जिन्हे मौक़े पर ही परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराई गयी। इस मौक़े पर पंचायत सचिव जैसराम, उत्तम कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, ए एन एम विजय लक्ष्मी पंचायत सहायक सैय्यदा बानो आदि लोग मौजूद रहे।




# 28 अक्टूबर तक पूरी करें प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय ने दिए कड़े निर्देश

एजेंसी

मीरजापुर। माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध सभी राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 28 अक्टूबर तय की गई है, जिसके बाद किसी भी दशा में तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी। कुलसचिव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया संचालित है, लेकिन अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश कार्य धीमी गति से किया जा रहा है, जो अत्यंत निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में प्रवेश प्रक्रिया पूरी न होने पर कक्षा संचालन और परीक्षाओं के समय पर संपादन में बाधा उत्पन्न होगी। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकेगी। कुलसचिव ने चेतावनी दी है कि यदि किसी महाविद्यालय में प्रवेश कार्य निर्धारित तिथि तक पूरा नहीं होता या किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्रशासन की होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों से कहा है कि वे प्राथमिकता के आधार पर और युद्ध स्तर पर प्रवेश कार्य को शीघ्र पूरा करें, ताकि सत्र 2025-26 का शैक्षणिक कैलेंडर समयबद्ध रूप से संचालित हो सके।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने छोटे पुत्र अब्दुल्ला पुत्र मो0 इसराइल निवासी बदीपुर मजरे इस्लामपुर थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा और मेरे परिवार का अब्दुल्ला से कोई वास्ता नहीं है इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरे और मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा ।

प्रार्थी
मो0 इसराइल पुत्र मो अतीक
ग्राम बदीपुर मजरे इस्लामपुर
सुबेहा तहसील हैदरगढ़ बाराबंकी





## ऑस्ट्रेलिया में आखिरी मैच खेल सकते हैं कोहली और रोहित, गेंदबाजी की पहेली सुलझानी होगी भारत को

एजेंसी



सिडनी। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनके साथी रोहित शर्मा शनिवार को यहां जब तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलने के लिए उतरेंगे तो भावनाओं का ज्वार अपने चरम पर हो सकता है क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इन दोनों का संभवतः अंतिम मैच होगा। रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 97 गेंदों पर 73 रन बनाकर कुछ राहत की सांस ली है, लेकिन कोहली दोनों मैच में खाता खोलने में असफल रहे। यह वनडे क्रिकेट में पहला अवसर है जबकि वह लगातार जो मैच में खाता नहीं खोल पाए। इसने निश्चित रूप से उनके कट्टर प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या यह अंत की शुरुआत है। रोहित पहली बार 2007-08 में वन डे श्रृंखला के लिए यहां आए थे जबकि कोहली का सीनियर टीम के साथ पहला दौरा 2011-12 सत्र में था जब उन्होंने एडिलेड में टेस्ट शतक लगाकर अपना प्रभाव छोड़ा था। अगले दो वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में कोई एकदिवसीय श्रृंखला नहीं होने के कारण यह सोचना असंभव है कि यह जोड़ी फिर से भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया में खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान श्रृंखला के पहले दोनों मैच जीत कर सीरीज अपने नाम कर दी है लेकिन कोहली और रोहित की मौजूदगी के कारण तीसरा एकदिवसीय मैच क्रिकेट प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मौजूद दर्शक निश्चित तौर पर इन दोनों से अच्छी पारी की उम्मीद करेंगे। यह मैच इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौतम गंभीर की कोचिंग वाली भारतीय टीम 0-3 से क्लीन स्वीप से बचना चाहती है लेकिन आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं हैं। उसने यहां जो पिछले पांच वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में जीत मिली है। कप्तान शुभमन गिल और कोहली दोनों से बड़ी पारी दरकार है और गंभीर को अंतिम मैच में दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले दो मैचों में बुरी तरह से पराजित होने वाली भारतीय टीम गेंदबाजी के अपने संसाधनों के साथ समझौता करने की कीमत पर बल्लेबाजी को मजबूत करने की अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना चाहेगी क्योंकि कुलदीप यादव जैसे मैच विजेता खिलाड़ी को नजरअंदाज करना टीम के लिए अभी तक अच्छा साबित नहीं हुआ है। भारत ने अब तक स्पिन विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर पर डाली है जो अच्छी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं लेकिन यह दोनों गेंदबाजी में प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई है।

## वियना ओपन 2025: सिनर ने कोबोली को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

एजेंसी



वियना। शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अपने ही हमवतन फ्लावियो को बोली को हराकर वियना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को खेले गए प्री-क्वार्टर मुकाबले में सिनर ने कोबोली को 6-2, 7-6(4) से मात दी। पहले सेट में सिनर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 6-2 से आसानी से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में कोबोली ने कड़ा मुकाबला दिया। हालांकि टाई-ब्रेक में सिनर ने बेहतर खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर इस टूर्नामेंट में तब लौटे हैं जब उन्होंने शंघाई मास्टर्स में थकान और ऐंठन के कारण तीसरे दौर का मैच बीच में छोड़ दिया था। सिनर ने पहले सेट में एक भी ब्रेक प्वॉइंट का सामना नहीं किया, लेकिन दूसरे सेट में मिले चार ब्रेक मौके का फायदा नहीं उठा पाए। मैच के बाद उन्होंने कहा, ख्लफ्लावियो शानदार टैलेंट और बेहतरीन प्रतियोगी हैं। हमने कई बेहतरीन रैलियां खेलीं। दूसरे सेट में मुझे मौके मिले लेकिन मैं उन्हें भुना नहीं सका, यही टेनिस है। मैंने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखी और आज के खेल से खुश हूं। क्वार्टर फाइनल में अब सिनर का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कजाख खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं, दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम आठ में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला टालोन ग्रिकसपोर से होगा। इस बीच, फ्रांस के कोरेंटिन माउटे ने रूस के दानिल मेदवेदेव से पिछली हार का बदला चुकता किया। पिछले रविवार को अल्माटी फाइनल में मेदवेदेव ने माउटे को हराया था, लेकिन इस बार माउटे ने शानदार वापसी करते हुए 7-6(7/3), 6-4 से जीत दर्ज की।

## संक्षिप्त समाचार

### लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को मुख्य कोच नियुक्त किया

**लंदन।** इंग्लिश काउंटी क्रिकेट क्लब लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को अपना नया मुख्य कोच (हेड कोच) नियुक्त करने की घोषणा की है। क्रॉफ्ट पिछले कुछ महीनों से अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहे थे और उनके सफल कार्यकाल के बाद अब उन्हें स्थायी रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्रॉफ्ट ने मई में डेल बेंकेनस्टीन के पद छोड़ने के बाद कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। सीज़न के पहले आधे हिस्से में लंकाशायर एक भी काउंटी चैम्पियनशिप मैच नहीं जीत पाया था, लेकिन टीम ने शानदार वापसी करते हुए डिवीजन-2 में पांचवां स्थान हासिल किया और साथ ही टी20 ब्लास्ट फाइनल्स डे तक का सफर तय किया। स्टीवन क्रॉफ्ट ने क्लब के हवाले से कहा, इस महान क्लब का मुख्य कोच नियुक्त होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। लैंकाशायर मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा रहा है — एक खिलाड़ी के रूप में अकादमी से जुड़ने से लेकर टीम की कप्तानी करने तक और अब मैदान के बाहर यह नई भूमिका निभाने तक। उन्होंने आगे कहा, मुझे गर्व है कि टीम ने पिछले सीज़न के दूसरे भाग में जिस तरह से प्रतिक्रिया दी। हमारे पास एक प्रतिभाशाली और जुनूनी दल है जो 'रेड रोज़' का गर्व से प्रतिनिधित्व करता है। अब मेरा लक्ष्य है कि उस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारूं और क्लब को फिर से सफलता दिलाऊं। क्रॉफ्ट, जो 41 वर्ष के हैं, 2011 में लंकाशायर की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2023 में संन्यास लिया था, और क्लब के लिए 600 से अधिक मैच खेले थे। लंकाशायर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट परफॉर्मेंस मार्क चिल्टन ने कहा, हमें खुशी है कि स्टीवन ने स्थायी रूप से यह भूमिका स्वीकार की है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में जिम्मेदारी संभालते हुए शानदार नेतृत्व क्षमता दिखाई। उनका जुनून, क्रिकेट ज्ञान और खिलाड़ियों से जुड़ने की क्षमता उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है। चिल्टन ने यह भी बताया कि क्रॉफ्ट अब पहली टीम की रोज़ाना कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें सहायक कोच विल पोर्टरफील्ड का सहयोग मिलेगा, जबकि कोचिंग विभाग में और भी नियुक्तियाँ जल्द की जाएंगी।

### पंजाब एफसी ने ब्राजीलियाई डिफेंडर पाब्लो रेनन डॉस सैंटोस के साथ अनुबंध किया

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने इस सप्ताहांत गोवा में शुरू होने वाले सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले शुक्रवार को ब्राजील के अनुभवी सेंटर बैक पाब्लो रेनन डॉस सैंटोस को एक साल के अनुबंध पर टीम में शामिल किया। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी को विश्व भर की कई फुटबॉल लीग में खेलने का व्यापक अनुभव है और उनकी मौजूदगी से पंजाब एफसी की टीम की रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी। पंजाब की टीम से जुड़ने के बारे में पाब्लो ने कहा, ''पंजाब एफसी की टीम का इस सत्र में काफी व्यस्त कार्यक्रम है और मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। मैं भारत में मिलने वाली चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हूं।

### भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से हटा पाकिस्तान

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान ने नवंबर-दिसंबर में भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को पीटीआई को इसकी पुष्टि की। एफआईएच ने कहा कि 28 नवंबर से 28 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एफआईएच ने पीटीआई को जारी बयान में कहा, ''हम पुष्टि कर सकते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित कर दिया है कि उनकी टीम भारत के तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। बयान में कहा गया, ''इस प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के रूप में की गई जवाबी कार्रवाई के बाद से दोनों देशों के बीच खेल संबंध प्रभावित हुए हैं।

### भारत में फोटोनिक मॉड्यूल, चिप इकाई स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा जीएक्स ग्रुप

**नयी दिल्ली।** ब्रॉडबैंड उपकरण विनिर्माता जीएक्स ग्रुप ने 500 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से भारत में एक फोटोनिक मॉड्यूल और चिप इकाई स्थापित करने की शुक्रवार को जानकारी दी। जीएक्स ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परितोष प्रजापति ने कहा कि गुड़गांव के मानेसर में मुख्यालय वाली इस नई अनुषंगी कंपनी से रोजगार के 300 से अधिक प्रत्यक्ष अवसर सृजित होने की उम्मीद है। समूह के वर्तमान में भारत में करीब 250 कर्मचारी हैं। प्रजापति ने बताया कि पहले चरण के 500 करोड़ रुपये का निवेश राजस्थान के भिवाड़ी में एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने और चेन्नई स्थित अपने मौजूदा अनुसंधान एवं विकास केंद्र के विस्तार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा, '' हम वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तक इस सुविधा और अनुसंधान एवं विकास केंद्र का संचालन शुरू कर देंगे। इसके तुरंत बाद हम चिप का उत्पादन शुरू कर देंगे। स्थानीय बाजार में अक्टूबर 2026 तक चिप उपलब्ध हो जाएंगे। जीएक्स ग्रुप के मौजूदा ग्राहकों में एयरटेल, एसीटी और टाटा प्ले शामिल हैं।

### प्रीमियर एनर्जीज ने संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ 170 करोड़ रुपये में केसोलर एनर्जी का किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** प्रीमियर एनर्जीज ने एक संयुक्त उद्यम साझेदारी में केसोलर एनर्जी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 170 करोड़ रुपये में हासिल की और अपने नवीकरणीय ऊर्ज़ा (आरई) कारोबार का विस्तार करते हुए सौर इन्वर्टर क्षेत्र में प्रवेश करने की शुक्रवार को घोषणा की। यह घोषणा प्रीमियर एनर्जीज द्वारा ट्रांसकॉन इंडस्ट्रीज में बृहस्पतिवार को 51 प्रतिशत बहुमत हिस्सेदारी 500.3 करोड़ रुपये में हासिल करके ट्रांसफार्मर निर्माण क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद की गई है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने केसोलर एनर्जी का संपूर्ण स्वामित्व 51:49 प्रतिशत के अनुपात में हासिल करने के लिए सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी के साथ निर्णायक समझौते किए हैं। इस अधिग्रहण के साथ प्रीमियर एनर्जीज ने संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ तेजी से बढ़ते आवासीय सौर इन्वर्टर क्षेत्र में प्रवेश किया है। यह अधिग्रहण 170 करोड़ रुपये में किया गया है। प्रीमियर एनर्जीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिरंजीव सलूजा ने कहा कि उनकी कंपनी, संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ मिलकर घरेलू 'रूफटॉप' क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने का लक्ष्य रखती है। प्रीमियर एनर्जीज, सौर सेल और मॉड्यूल के विनिर्माण में लगी हुई है।

## लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अनुबंध बढ़ाया, 2028 तक क्लब में बने रहेंगे

एजेंसी

मियामी। विश्व फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपना नया तीन साल का अनुबंध साइन कर लिया है। इस समझौते के साथ मेसी अब 2028 तक मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेलते नजर आएंगे। यह घोषणा मियामी के प्लेऑफ ओपनर से ठीक एक दिन पहले की गई। मेसी की टीम, इंटर मियामी, ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में तीसरे स्थान पर रहते हुए अब नैशविल के खिलाफ शुक्रवार को तीन मैचों की सीरीज़ के पहले मुकाबले की मेजबानी करेगी। मेसी ने अपने बयान में कहा, यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि मैं यहां रहकर इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहा हूं, जो मेरे सपने के साथ-साथ अब एक खूबसूरत हकीकत बन चुका है – मियामी फ्रीडम पार्क में खेलना। जब से मैं मियामी आया हूं, मैं बेहद खुश हूं और इस सफर को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। यह फैसला न केवल क्लब के लिए बल्कि पूरी एमएलएस लीग के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मेसी पिछले सीजन में एमएलएस के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर बने थे और इस सीजन भी वह इस खिताब के प्रबल दावेदार हैं। अगर वह दोबारा जीतते हैं, तो वे लीग इतिहास में केवल दूसरे खिलाड़ी होंगे जिन्होंने यह अवार्ड दो बार जीता हो – और पहले खिलाड़ी जो लगातार दो साल इसे जीतेंगे। इंटर मियामी के कोच जावियर माशेरानो ने कहा, मेसी को खेलते हुए देखना और उन्हें आनंद लेते देखना अद्भुत है। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी हैं और टीम को प्रेरित करते हैं। जब हम मैदान पर सही काम करते हैं, तो सफलता की संभावना खुद-ब-खुद बढ़



जाती है। मेसी ने इस सीजन में 29 गोल दागे, जो एलएएफसी के डेनिस बोआंगा और नैशविल के सैम सर्रिज से पांच अधिक हैं। उनके नाम 19 असिस्ट भी दर्ज हैं। उनकी कुल 48 गोल सहभागिताएं एमएलएस के रिकॉर्ड 49 (कार्लोस वेला, 2019) से बस एक कम रहीं। उन्होंने एक और रिकॉर्ड बनाया – लगातार पांच मैचों में एक से अधिक गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने और 10 मैचों में मल्टी-गोल प्रदर्शन करने का नया लीग रिकॉर्ड भी बनाया। 38 वर्षीय मेसी के इस अनुबंध को उनके करियर का आखिरी पेशेवर अनुबंध माना जा रहा है। उन्होंने 2004 में बार्सिलोना के साथ 17 साल की उम्र में डेब्यू किया था। उन्होंने 2022 कतर विश्व कप में अर्जेंटीना को चैंपियन बनाया और उसके बाद पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से अनुबंध समाप्त कर इंटर मियामी का रुख किया था। अब तक मेसी इंटर मियामी के लिए 82 मैचों में 71 गोल और 27 असिस्ट कर चुके हैं और क्लब को लीग्स कप और एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जिताने में अहम भूमिका निभाई है।

## पीएसएल विवाद: मुल्तान सुल्तांस के मालिक ने सार्वजनिक रूप से पीसीबी का कानूनी नोटिस फाड़ा

कराची। पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) की फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तांस के मालिक अली तरीन ने एक रिकॉर्डे ड वीडियो में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा उन्हें भेजे गए कानूनी नोटिस को फाड़ दिया, जिसमें उनकी टीम का अनुबंध समाप्त करने की धमकी दी गई थी। अली तरीन और पीसीबी के बीच विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है। गुरुवार को इसका खुलासा हुआ कि पीसीबी ने इस फ्रेंचाइजी को कानूनी नोटिस भेजा है। इस नोटिस में फ्रेंचाइजी के मालिक से कहा गया है कि वह पीएसएल के संचालन के तरीके की आलोचना करने पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे तथा ऐसा नहीं करने पर उनका फ्रेंचाइजी अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। यह नोटिस तब भेजा गया जब तरीन ने पीएसएल की सफलता के पीसीबी के दावों खारिज कर दिया था तथा सोशल मीडिया और पॉडकास्ट पर लीग के प्रबंधन के तरीके पर सवाल उठाए थे।

## विजय अभियान जारी रखना चाहेंगे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका, हीली पर रहेगी नजर

इंदौर। अब तक अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को यहां जब महिला वनडे विश्व कप के मैच में एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य सेमीफाइनल से पहले अपनी जीत की लय को बरकरार रखना होगा। आस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि उनकी कप्तान एलिसा हीली फिट होकर इस मैच में खेलने के लिए तैयार होगी। कप्तान, सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर की तिहरी भूमिका निभाने वाले हीली को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी। ताहलिया मैकग्रा की कप्तानी में सात बार की चैंपियन टीम ने इस मैच में बड़ी जीत हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद शानदार वापसी करके लगातार पांच मैच जीतकर विरोधी टीमों के पास स्पष्ट संदेश



पहुंचा दिया है। ऐसे में 35 वर्षीय हीली की फिटनेस इस चुनौती से निपटने के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वह टूर्नामेंट में बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। हीली ने भारत और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार मैच में शतक बनाए, जिससे वह दो मैच कम खेलने के बावजूद भारत की स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज है। इंग्लैंड के खिलाफ हीली की अनुपस्थिति के कारण बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव करना पड़ा, लेकिन एनाबेल सदरलैंड और एशले गार्डनर के बीच 180 रन की अटूट साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आसानी से जीता। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में जिस तरह की गहराई है और जिस तरह से उनके पास तेज और स्पिन गेंदबाजों की भरमार है, उसे देखते हुए दक्षिण अफ्रीका को उसे हराने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई से अच्छी तरह वाकिफ होंगी और उन्हें अपनी तेज गेंदबाज मारिजाने काप से यादगार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। काप ने अब तक छह विकेट लेकर और दो अर्धशतक लगाकर अपनी ऑलराउंडर भूमिका बखूबी निभाई है। लेकिन सलामी बल्लेबाज़ वोल्वार्ड्ट, ताज़िमन ब्रिट्स और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज़ सुने लुस की तिकड़ी को ज़्यादातर रन बनाने होंगे, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरह गहराई नहीं है।

## इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर, निकट भविष्य में यह रुख जारी रहने का अनुमान: बिगमिंट

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आ गई हैं और 47,000-48,000 रुपये प्रति टन के दायरे में कारोबार कर रही हैं। बढ़ते आयात सहित कई कारकों के कारण कीमतें प्रभावित हुई हैं। परामर्श सेवाएं देने वाली बिगमिंट के बाजार आंकड़ों के अनुसार, थोक बाजार में हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमतें 47,150 रुपये प्रति टन के आसपास जबकि री-बार (टीएमटी) की कीमतें 46,500-47,000 रुपये प्रति टन के दायरे में हैं। पिछली बार कीमतें इस स्तर पर 2020 में थीं, जब वैश्विक महामारी की मंदी के बीच एचआरसी 46,000 रुपये प्रति टन के स्तर पर और री-बार 45,000 रुपये प्रति टन पर कारोबार कर रहा था। मौजूदा गिरावट मुख्यतः कमजोर निर्यात मांग, बढ़ते आयात और वैश्विक बाजार में जरूरत से अधिक आपूर्ति के कारण है। चीन जैसे देशों से निर्यात में आक्रामक बढ़ोतरी के दबाव में भारत के इस्पात निर्यात में तेजी से गिरावट आई है जबकि सरकार द्वारा कई उपाय किए जाने के बावजूद आयात अब भी जारी है। स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस्पात मंत्रालय ने 27 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग के हितधारकों के साथ इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए एक 'ओपन हाउस' बुलाने का आह्वान किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी ध्यान दिया है कि इस्पात आयात में वृद्धि देखी गई है जिसका मुख्य कारण आयात कीमतें कम होना है। इसने घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन का भी आह्वान किया है। भारत ने सितंबर 2025 में 7.9 लाख टन (एमटी) तैयार इस्पात का आयात किया जो अगस्त के 6.9 लाख टन से अधिक था। इस प्रकार यह देश का लगातार छठा शुद्ध इस्पात आयातक महीना रहा।

## ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें: सीतारमण

एजेंसी

गाजियाबाद। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी एवं शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और क्षेत्रीय इकाइयों से सक्रिय रूप से व्यापार करने में सुगमता लाने का भी आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, बस हवा का एक झोंका है। आप समझ सकते हैं कि समस्या कहां है, बजाय इसके कि उसे और उलझाएं। गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों के खिलाफ किसी भी अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे सीबीआईसी बोर्ड की ओर से यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कदाचार, कर्तव्यहीनता या अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि कर प्रशासन का अंतिम लक्ष्य ईमानदार करदाताओं के लिए जीवन को आसान बनाना है और ऐसा करने के लिए जीएसटी अधिकारियों को निर्धारित मानक प्रक्रिया का पालन करना चाहिए और अधिक सहानुभूति एवं शिष्टाचार दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा, '' यह महत्वपूर्ण है कि आप विनम्र बने रहें। अगली पीढ़ी का जीएसटी केवल दरों, श्रेणियों, सरलीकरण के बारे में नहीं है। इससे करदाता को अलग महसूस होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि विनम्रता को हालांकि कानून व नियम के साथ समझौते के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, लगातार पांचवें दिन सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट का रुख जारी है। सोने की कीमत में आज लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 750 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 810 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है।

कीमतों में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये से लेकर 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,640 रुपये से लेकर 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,58,900 रुपये



प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,220 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भोपाल से आईएसआईएस से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी



भोपाल। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने इस्लामिक स्टेट्स ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े एक आतंकी को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के करोंद इलाके से गिरफ्तार किया है। दिल्ली के सादिक नगर से भी एक आतंकी पकड़ा गया है। दोनों मिलकर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में एक बड़ा धमाका करने की साजिश रच रहे थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को आईएसआईएस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। बताया गया है कि दोनों आतंकियों को फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही थी और उनका निशाना दिल्ली था। आतंकियों के पास से संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। फिलहाल दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय अदनान उर्फ अबु मुहारिफ को दिल्ली से और अदनान खान उर्फ अबु मोहम्मद 21 साल को भोपाल से पकड़ा है। भोपाल के अदनान को उत्तर प्रदेश की एटीएस पहले भी पकड़ चुकी है। उसने 2024 में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रहे जज को मारने की धमकी दी थी। दोनों आतंकी आईईडी धमाका करने की साजिश रच रहे थे और उन्होंने ने दिल्ली में कुछ स्थानों की रेकी भी की थी। दोनों के पास से बम का टाइमर सेट करने के लिए घड़ी, लैपटाप में बम बनाने के वीडियो, आईएसआईएस का झंडा, उसकी ड्रेस भी मिली है। इसके साथ ही एक स्थान की फोटो भी मिली है, जहां पर ये धमाका करने की तैयारी में थे। भोपाल के करोंद क्षेत्र से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अदनान को दीपावली पहले गिरफ्तार किया था। वह सीए की तैयारी भी कर रहा था और आईएसआईएस का समर्थन करे वाले एक व्हॉट्स एप ग्रुप में सक्रिय था। जानकारी के मुताबिक पहले इसका परिवार अशोका गार्डन इलाके में रहता था, कुछ दिन पहले ही यह करोंद में शिफ्ट हुए थे। यह सोशल मीडिया के जरिए दिल्ली में बैठे अपने साथी से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने दिल्ली में पहले एक आतंकी को पकड़ा था, जब उसके सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले गए तो भोपाल में इसके दूसरे साथी का पता चला। हालांकि भोपाल में पड़ोसी ज्योति अमकरे ने बताया कि वे सैयद अदनान को अच्छे से जानते हैं। वह कभी संदिग्ध नहीं लगा। अदनान पढ़ने वाला बच्चा है और इस बार मेरिट में आया था। उसके 88 प्रतिशत आए थे। वह सीए की तैयारी कर रहा था। उनके घर में साफ-सुथरा माहौल है। पिता फैक्टरी में हैं और मां गृहिणी हैं। उन्हें यहां रहते 6 साल हो गए हैं। ये किराए का मकान है। भोपाल से पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं आतंकी मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से इसके पहले भी आतंकी संगठन से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ये युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें भड़काते थे। प्रदेश का मालवा प्रांत सिमी का गढ़ रहा है, यहां से सबसे ज्यादा इनके सदस्यों की गिरफ्तारी भी हुई है। इसी साल सितंबर में स्पेशल सेल ने एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था, जिसमें कई राज्यों से पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। सभी आरोपितों की उम्र 20 से 26 वर्ष के बीच थी और उन्हें दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से पकड़ा गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान झारखंड के बोकारो निवासी अशर दानिश (23), मुंबई के आफताब कुरैशी (25), महाराष्ट्र के मुंब्रा निवासी सूफियान अबुबकर खान (20), तेलंगाना के निजामाबाद निवासी मोहम्मद हुजैफ यमन (20) और मध्य प्रदेश के राजगढ़ निवासी कामरान कुरैशी (26) के रूप में हुई थी। इन आतंकियों से मिले इनपुट के आधार पर ही देशभर में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल लगातार कार्रवाई कर रही है।

# मप्र के इंदौर एयरपोर्ट की रैंकिंग गिरी, सर्विस क्वालिटी सर्वे में देश में चौथे नंबर पर पहुंचा

एजेंसी




इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर शहर स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की तीसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) की रिपोर्ट के अनुसार इंदौर एयरपोर्ट देश में एक पायदान नीचे खिसककर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। पिछली तिमाही में यह तीसरे स्थान पर था जबकि पहली तिमाही में भी चौथे स्थान पर रहा था। इंदौर एयरपोर्ट को अपनी एशिया पैसेफिक की रैंकिंग में भी पांच स्थान का नुकसान हुआ है। इस सूची में एशिया पेसेफिक के 98 एयरपोर्ट में इंदौर 58वें स्थान से फिसलकर 63वें स्थान पर आ गया है। दरअसल, एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा गुरुवार की रात को एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें इंदौर एयरपोर्ट को चौथी रैंकिंग मिली है। उसे कुल पांच में से 4.93 अंक मिले हैं। जबकि पुणे को 4.96 अंक मिले हैं। देश में अभी पुणे पहले, जबकि गोवा और वाराणसी के एयरपोर्ट क्रमश दूसरे, तीसरे नंबर पर हैं। अच्छी बात यह है कि गोवा और वाराणसी से इंदौर एयरपोर्ट के अंकों में महज 0.1 का अंतर है। गोवा और वाराणसी को 4.94 अंक मिले हैं। इंदौर को दूसरी तिमाही में भी इतने ही अंक मिले थे।

गौरतलब है कि एयरपोर्ट पर सालाना यात्रियों की संख्या 18 लाख से अधिक होने पर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे किया जाता है। इसे इंटरनेशनल रैंकिंग सर्वे भी कहा जाता है। एशिया पैसेफिक के 18 देशों के कुल 98 एयरपोर्ट पर यह सर्वे होता है। इसके अंतर्गत भारत में प्रमुख 16 एयरपोर्ट आते हैं। इसमें टीम के सदस्य आकर एयरपोर्ट पर यात्रियों से फीडबैक ले लेते हैं। भारत के शेष घरेलू एयरपोर्ट्स पर कस्टमर सैटिस्फ़ेक्शन सर्वे होता है। कुछ साल पहले इंदौर घरेलू एयरपोर्ट की लिस्ट में टॉप 10 में रहा था।

इस सर्वे में 31 बिंदुओं पर यात्रियों से फीडबैक लिया जाता है, लेकिन इस बार 24 बिंदुओं पर पिछली तिमाही की तुलना में अंक कम मिले हैं। जिसमें सबसे अधिक शॉपिंग और वेल्यू फॉर मनी शापिंग में सबसे कम नंबर ?मिले हैं। वहीं जिस वॉशरूम और टॉयलेट की उपलब्धता और साफ-सफाई को लेकर लोग ट्विट पर लगातार सवाल उठाते हैं। उसमें बीते तिमाही की तुलना में अधिक अंक मिले हैं। यानी एयरपोर्ट पर इसमें सुधार हुआ है। प्रबंधन का कहना है कि हम सुधार करेंगे और फिर से शीर्ष रैंकिंग प्राप्त करेंगे।

चूहे के काटने की घटना का असर-

दरअसल, सितंबर 2025 में एयरपोर्ट पर एक यात्री को चूहे के काटने की घटना ने भी इंदौर एयरपोर्ट की छवि को नुकसान पहुंचाया है। घटना के बाद प्रबंधन ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को हटाया और सफाई व पेस्ट कंट्रोल कंपनियों पर जुर्माना लगाया था। यात्री ने आरोप लगाया कि उसे एयरपोर्ट के मेडिकल रूम में तुरंत रैबीज का इंजेक्शन नहीं मिला और बेंगलुरु पहुंचने के बाद उसे इलाज कराना पड़ा।

देश के टाप 10 एयरपोर्ट- पुणे, गोवा, वाराणसी, इंदौर, चेन्नई, देहरादून, कोलकाता, रायपुर, भुवनेश्वर और पटना।

इंदौर एयरपोर्ट वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यात्री सुविधाओं में मामूली सुधार कर देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में तो समाविष्ट हो गया, लेकिन शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर पाया था। अब तीसरी तिमाही की रिपोर्ट में इंदौर एयरपोर्ट को चौथी रैंकिंग मिली है।

इंदौर एयरपोर्ट पर एक दिन पहले ही नए एयरपोर्ट डायरेक्टर के रूप में सुनील मग्गीरवार ने पद संभाला है, जिसके बाद ये रैंकिंग आई है। एयरपोर्ट अधिकारी का कहना है कि आने वाले समय में और निवेश और सुधार करके इंदौर एयरपोर्ट को फिर से देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में लाने का प्रयास किया जायेगा। उनका कहना है कि यात्रियों की सुविधा और अनुभव ही एयरपोर्ट की रैंकिंग में सबसे बड़ा कंट्रीब्यूशन होता है। इंदौर एयरपोर्ट प्रशासन ने भविष्य में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। इनमें नए लाउंज, पार्किंग व्यवस्था सुधार, बेहतर शॉपिंग जोन और तकनीकी उन्नयन शामिल हैं। इन सुधारों के बाद उम्मीद है कि अगले सर्वे में इंदौर एयरपोर्ट फिर से देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में शामिल होगा।

इन 31 बिंदुओं पर होता है सर्वे-

- हवाई अड्डे पर पहुंचने में आसानी।- टर्मिनल पर पहुंचने के लिए साइन बोर्ड।- हवाई अड्डे पर पहुंचने के लिए परिवहन साधन का मूल्य।- अपने चेक इन क्षेत्र को तलाशने में आसानी।- चेक इन पर प्रतीक्षा समय, सामान ड्रॉप करना सहित चेक इन स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- सुरक्षा स्क्रीनिंग में प्रतीक्षा समय।- सुरक्षा जांच स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- कस्टम और पासपोर्ट काउंटर पर प्रतीक्षा।- कस्टम और पासपोर्ट काउंटर स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- रेस्तरां, बार, कैफ़े का मूल्य के अनूकूल होना।- शॉपिंग और डाइनिंग स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- गेट क्षेत्रों में प्रतीक्षा की सुविधा।- गेट क्षेत्रों में सीटों की उपलब्धता।- अपना रास्ता तलाशने में आसानी।- उड़ान की जानकारी की उपलब्धता।- टर्मिनल में चलने की दूरी अन्य उड़ानों से कनेक्शन करने में आसानी।- वाई-फाई सेवा की गुणवत्ता।- चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता।- मनोरंजन और विश्राम के विकल्प।- टॉयलेट की उपलब्धता और स्वच्छता।- स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा स्वच्छता।- माहौल और वातावरण।- हवाई अड्डे के स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।

## संयुक्त राष्ट्र की निर्णय प्रक्रिया पर विदेश मंत्री ने उठाए सवाल

नई दिल्ली । विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। भारतीय डाक विभाग ने इस स्मारक टिकट के डिज़ाइन के लिए एक खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया था। विदेश मंत्री ने मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में वैश्विक दक्षिण की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाले सुधारित बहुपक्षवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के आदर्शों और व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ल्हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं है। इसकी निर्णय प्रक्रिया न तो इसके सदस्यों को प्रतिबिंबित करती है और न ही वैश्विक प्राथमिकताओं को संबोधित करती है।ङ्क उन्होंने कहा कि किसी भी सार्थक सुधार में प्रक्रिया के माध्यम से ही बाधा उत्पन्न होती है। अब वित्तीय बाधाएं एक अतिरिक्त चिंता का विषय बनकर उभरी हैं। संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में खामियों का उदाहरण देते हुए जयशंकर ने आतंकवाद के प्रति प्रतिक्रिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा परिषद का एक वर्तमान सदस्य उसी संगठन का खुलेआम बचाव करता है जो पहलगाम जैसे बर्बर आतंकवादी हमले की ज़िम्मेदारी लेता है, तो इससे बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता पर क्या असर पड़ता है? उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा केवल दिखावटी बातें बनकर रह गई हैं, विकास और सामाजिक-आर्थिक प्रगति की दुर्दशा और भी गंभीर है। सतत विकास लक्ष्य एजेंडा 2030 की धीमी गति वैश्विक दक्षिण के संकट को मापने का एक महत्वपूर्ण पैमाना है।

# पेज एक का शेष

## पूरा...

सबके हितों को प्राथमिकता दी है। एनडीए ने ही अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को आगे बढ़ाया है। डाक्टरी की पढ़ाई के लिए गरीबों को, पिछड़ों को आरक्षण नहीं था, एनडीए सरकार ने ये प्रावधान किया। हमारी सरकार ने ओबीसी को प्राथमिकता दी। कर्पूरी बाबू मातृभाषा में पढ़ाई के बहुत बड़े हिमायती थे। स्थानीय भाषा में पढ़ाई पर बल दिया। अब वंचित का बेटा भी अपनी भाषा में पढ़ सकता है। उनकी प्रेरणा से समृद्धि ला रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्षी क्या कह रहे हैं, आपको ज्यादा पता है। हजारों करोड़ों के घोटाले में जमानत पर हैं। जो जमानत पर हैं वे जननायक की उपाधि भी चोरी कर रहे, इसे हम नहीं सहेंगे।

## प्रधानमंत्री...

उन्होंने कहा था कि ''किसी सोशल मीडिया टीम ने कर्पूरी ठाकुर को जननायक नहीं बनाया- बिहार के लोगों ने बनाया'' और नागरिकों से इस पहचान को ''हड़पने'' के प्रयासों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया था।

## यह...

के नेताओं ने जहां अपने परिवारों को प्राथमिकता दी और बिहार के युवाओं की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग ने राज्य में समृद्धि लाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''आप सभी को याद रखना चाहिए कि निवेशक राजद-कांग्रेस का नाम सुनते ही भाग जाते हैं। जो लोग नौकरी के नाम पर गरीबों से ज़मीन हड़पते हैं, वे आपको कभी रोजगार नहीं देंगे।

राजद के चुनाव चिन्ह पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लालटेन की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब उनके मोबाइल फोन में टॉर्च है। उन्होंने राज्य से युवाओं के पलायन के लिए राजद और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि राजद ने पिछले दो दशकों में कोई चुनाव नहीं जीता है, लेकिन वह अपने अहंकार में डूबी हुई है। इसी अहंकार के कारण उसने झरखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को गठबंधन से बाहर कर दिया। झामुमो ने राजद और कांग्रेस की राजनीतिक साजिश को गठबंधन से बाहर होने का कारण बताया और संकेत दिया कि अब वह झारखंड में इन दोनों दलों के साथ अपने गठबंधन पर पुनर्विचार करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस 35 साल से बिहार में राजद के रहमो-करम पर है। जब स्वार्थ हावी होता है और लूट ही लक्ष्य होता है, तो राजद और कांग्रेस ठीक यही कर रहे होते हैं। वे पहले टिकट बेचते हैं, फिर घोटाले करते हैं। प्रधानमंत्री ने मंच पर खड़े राजग उम्मीदवार कुंदन सिंह, मटिहानी से राजकुमार सिंह, साहेबपुर कमाल से सुरेंद्र विवेक, चेरिया बरियारपुर से अभिषेक आनंद, बखरी से संजय पासवान, तेघरा से रजनीश कुमार और बछवारा से सुरेंद्र मेहता को भारी मतों से जीताने की लोगों से अपील की।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने समस्तीपुर में अपने चुनाव अभियान की शुरुआत भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करके की, जो 1970 के दशक में बिहार के मुख्यमंत्री थे और जिन्हें इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया था।--

## कुरनूल...

करने और परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करने के आदेश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिलों में निजी बसों की फिटनेस, सुरक्षा और परमिट जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दुर्घटना का कारण लापरवाही पाई गई तो ज़िम्मेदार लोगों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुर्घटना में शामिल निजी बस के पंजीकरण, फिटनेस और परमिट की पूरी रिपोर्ट मांगी है। पुलिस जांच कर रही है। इसी बीच तेलंगाना सरकार ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल के बाहरी इलाके में हुई बस दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवज़े की घोषणा की है। दुर्घटना में मारे गए तेलंगाना के नागरिकों के परिवारों को 5 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। बस अग्नि हादसे की सूचना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख व्यक्त किया। पीएमओ से जारी एक बयान में कहा गया कि आंध्र प्रदेश के करनूल में हुए भीषण सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस दुखद घड़ी में उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हज़ार रुपये की सहायता राशि देने की घोषण भी की है। इस बीच करनूल के जिलाधीश ने अपने आधिकारिक बयान में बस से 20 यात्रियों के शव निकलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम के बाद ही शव उनके परिजनों को सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट भी करवाया जाएगा। हादसे की जानकारी के लिए करनूल और गद्यवाल जिले कंट्रोल रूम स्थापित किए गए ताकि बस यात्रियों के परिजनों को अधिक जानकारी दी जा सके।

## अबकी...

उन्होंने जीवन के असली रंगों को करीब से महसूस किया। इन्हीं अनुभवों ने उनकी आवाज़ और उनकी सोच को जमीन से जोड़े रखा। सिर्फ 27 साल की उम्र में उन्होंने विज्ञापन जगत में कदम रखा और ओगिल्वी कंपनी से जुड़ते ही उन्होंने कमाल कर दिखाया। उनके द्वारा लिखे और सुनाए गए विज्ञापन सिर्फ मार्केटिंग नहीं, बल्कि भारतीय जनमानस का प्रतिबिंब बन गए। एशियन पेंट्स, कैडबरी, फ़ेविकोल और हच जैसी बड़ी कंपनियों ने उनकी आवाज़ के जरिए लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। सरकारी अभियानों को भी उन्होंने अपनी सहज, सरल और प्रभावशाली आवाज़ से जन-जन तक पहुँचाया। 'अबकी बार मोदी सरकार' जैसे राजनीतिक अभियान से लेकर 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' और 'हर घर कुछ कहता है' जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों तक, पीयूष की आवाज़ भारतीय विज्ञापन का पर्याय थी।

रचनात्मक दुनिया ने खो दिया अपना सच्चा सुरताज

पीयूष के निधन पर पूरा विज्ञापन और मनोरंजन जगत शोक में डूबा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि पीयूष पांडे ने रोजमर्रा की भाषा, हास्य और सच्ची गर्मजोशी को विज्ञापन संचार का हिस्सा बनाया। सोहेल सेठ ने भावुक होते हुए कहा कि अब स्वर्ग में 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' पर जश्न और नृत्य होगा।

पीयूष पांडे ने अपने काम से साबित किया कि विज्ञापन सिर्फ उत्पाद बेचने का साधन नहीं, बल्कि भावनाओं को आवाज़ देने की कला है। उनकी आवाज़ अब भले ही खामोश हो चुकी है, मगर उनके बनाए संवाद हमेशा भारत की हवा में गूंजते रहेंगे। भारतीय विज्ञापन जगत का यह स्तंभ हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उनके काम से निकली संवेदनाएं आने वाले कलाकारों को नए सपनों की उड़ान देती रहेंगी।

## उपराष्ट्रपति...

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 अक्टूबर को सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की जीत पर उन्हें बधाई दी थी। उन्होंने विश्वास जताया था कि राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध और प्रगाढ़ होंगे तथा गति पकड़ेंगे।

## सपने...

सृजन करने वाला बना रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज ईट आफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स में 63वें स्थान पर, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में विश्व में दूसरे स्थान पर और ऑटोमोबाइल उत्पादन में तीसरे स्थान पर पहुँच चुका है। कोविड वैक्सीन का निर्माण देश की युवा ऊर्जा और नवाचार भावना का प्रमाण हैं।

डाक विभाग में अब तक 1.86 लाख से अधिक युवाओं को मिला रोजगार सिंधिया ने बताया कि 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए रोजगार अभियान के तहत अब तक 17 चरणों में डाक विभाग में 1.86 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया गया है। 16वें चरण तक 1,77,907 युवाओं को डाक विभाग में नियुक्तियाँ प्रदान की गईं। इस 17वें चरण में देशभर के 40 स्थलों पर 8,295 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं, जिससे डाक विभाग में रोजगार मेले में माध्यम से नियुक्तिओं की संख्या कुल 1,86,202 हो गई।

युवाओं के हाथ में है भारत का भविष्य : सिंधिया

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने युवाओं से कहा कि आपके हाथ में केवल नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि देश का भविष्य है। इसे केवल नौकरी का अवसर न समझें, बल्कि अपने सपनों और राष्ट्र निर्माण की यात्रा की शुरुआत मानें। जब सरकार का संकल्प और युवाओं की ऊर्जा एक साथ आती है, तब भारत विजयी होता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे कौशल, साहस और सपनों के साथ आगे बढ़ें और ऐसा कार्य करें कि समय भी आपके साहस को सलाम करे।

## प्रधानमंत्री...

गए हैं। हाल के दिनों में इन मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं हैं। सरकार ने 3.5 करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना' शुरू की है। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया मिशन जैसी पहल युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय करियर सेवा जैसे मंच उन्हें नए अवसरों से जोड़ रहे हैं। इस मंच के माध्यम से 7 करोड़ से अधिक रिक्तियों की जानकारी युवाओं के साथ साझा की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ल्भारत वर्तमान में दुनिया का सबसे युवा देश है और भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए अवसर तैयार करने में विदेश नीति से जुड़े प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के राजनयिक जुड़ाव और वैश्विक समझौता ज्ञापनों में युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोज़गार सृजन के प्रावधान तेज़ी से शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की हालिया यात्रा के दौरान दोनों देश एआई, फिनटेक और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि भारत और यूके के बीच कुछ महीने पहले हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौता भी नए अवसर खोलेगा। इसी तरह, कई यूरोपीय देशों के साथ निवेश साझेदारी से हज़ारों नए रोज़गार पैदा होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों में कटौती जैसे महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सुधारों का प्रभाव उपभोक्ता बचत से कहीं आगे जाता है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार रोज़गार के अवसरों का भी विस्तार कर रहे हैं। रोज़मर्रा की चीज़ें सस्ती होने पर माँग बढ़ती है। माँग बढ़ने से उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में तेज़ी आती है और कारखानों में उत्पादन बढ़ने से नए रोज़गार पैदा होते हैं।

## सिवान...

कहा कि कांग्रेस की सरकार में आतंकवादियों को बिरयानी खिलाया जाता था। लेकिन मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन्हें सबक सिखाने का काम किया है। घुसपैठियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठिए देश विरोधी गतिविधि में संलिप्त हैं। हमारा संकल्प है एक-एक घुसपैठियों को बाहर भगाएंगे।

इस दौरान सिवान से उम्मीदवार मंगल पाण्डेय, जीरादेई से उम्मीदवार भीष्म प्रताप कुशवाहा, दुरौंधा से उम्मीदवार कर्णजीत सिंह, बरहड़िया से उम्मीदवार इंद्रदेव सिंह पटेल और हथुआ से उम्मीदवार रामसेवक सिंह आदि उपस्थित थे। साथ ही मंच पर सिवान सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, पूर्व सांसद कविता सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्व विधान पार्षद मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. अभिमन्यु सिंह, नगर परिषद की पूर्व सभापति अनुराधा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में राजग के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 30 साल...

से विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग की सेवा संरचना, पदोन्नति व्यवस्था तथा वेतनमान के पुनर्गठन से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि नियमावली में किया जा रहा यह संशोधन विभागीय अभियंताओं की सेवा संरचना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधित नियमावली में विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में पहली बार मुख्य अभियंता (स्तर-एक) का नया पद सम्मिलित किया गया है। इसके साथ मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों की संख्या में वृद्धि की गई है। नवसृजित पदों को नियमावली में समाहित करते हुए उनके पदोन्नति स्रोत, प्रक्रिया और वेतनमान को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिससे सेवा संरचना अधिक पारदर्शी और संगठित हो सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्य अभियंता (स्तर-एक) के पद पर पदोन्नति अब मुख्य अभियंता (स्तर-दो) से वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी। इसी प्रकार मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों पर भी पदोन्नति की प्रक्रिया को नियमावली में स्पष्ट किया गया है। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता (स्तर-एक) तक के पदों के वेतनमान और मैट्रिक्स पे लेवल भी निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ चयन समिति की संरचना को अद्यतन किया गया है, ताकि पदोन्नति और नियुक्ति की कार्यवाही अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग राज्य की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक प्रमुख विभाग है। इसलिए अभियंताओं की सेवा नियमावली को समयानुकूल, व्यावहारिक और पारदर्शी बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग्यता, अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति व्यवस्था से विभाग की कार्यकुशलता, तकनीकी गुणवत्ता और सेवा भावना को नई दिशा मिलेगी।

## विकसित...

एम. फातिमा बीवी जैसी राज्य की अग्रणी महिलाओं का भी उल्लेख किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने शिक्षा और आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सेंट टेरेसा की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सेंट टेरेसा कॉलेज ने शिक्षा के माध्यम से स्थिरता, नेतृत्व और एजेंसी को बढ़ावा देने के लिए स्लेट नामक परियोजना शुरू की है। इस परियोजना को शुरू करके, कॉलेज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। युवाओं को सतत विकास लक्ष्यों के तहत भारत के लक्ष्यों से जोड़ना और उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए सक्षम बनाना इस परियोजना के सराहनीय उद्देश्य हैं। समारोह में कुल 1632 आमंत्रित अतिथि शामिल हुए। इनमें 839 छात्र, 220 एनएसएस-एनसीसी स्वयंसेवक, 225 शिक्षक और 200 से ज़्यादा अतिविशिष्ट व्यक्ति थे। राष्ट्रपति मुर्मु केरल की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी करके दिल्ली लौट गईं हैं। वह दोपहर 2.15 बजे कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली लौटीं।

# उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए युवा : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। युवा संकल्प लेकर लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े व कैरियर बनाने के साथ उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा कैम्प कार्यालय में आयोजित मुख्य सेवक युवा संवाद कार्यक्रम में कही।




मुख्यमंत्री ने कहा कि जब युवा ऊर्जा, उम्मीद और सकारात्मक सोच से भरे हों, तो माहौल अपने आप उत्साह से भर जाता है। मेरे अनुभव ने मुझे बताया है कि ''जिस देश के युवा ठान लें वे अपने देश को शिखर पर ले जाना चाहते हैं, तो उस देश को आगे बढ़ने से कोई भी नहीं रोक सकता। उन्होंने ने कहा कि आज भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हमारे युवा सजग और जागरूक है। आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देखती है, क्योंकि भारत का जन भी युवा है और भारत का मन भी युवा है। भारत अपने सामर्थ्य से युवा है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी भारत को आगामी 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के मिशन पर कार्य कर रहे हैं। परंतु भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अभी भी बहुत कुछ करना है और इस ध्येय को पूर्ण करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड स्टार्टअप नीति आने के बाद से राज्य में स्टार्टअप कल्चर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हम उत्तराखंड के स्टार्टअप्स को आर्थिक सहायता देने के साथ ही उन्हें पूरा माहौल मुहैया करवा रहे हैं। हमने राज्य में 1100 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता देते हुए अत्याधुनिक 15 इनक्यूबेटर स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, आईटी, एआई, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और कल्याण जैसे क्षेत्रों में उत्तराखंड के स्टार्टअप्स ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि हमारे युवाओं में पर्याप्त सामर्थ्य और ऊर्जा है, उनका सही मार्गदर्शन ही हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने सभी प्रतिभावान युवाओं से आज युवा संवाद के इस अवसर पर अपील करना करते हुए कहा कि आप चाहे जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, आप सदैव यह ध्यान रखें कि आपके प्रत्येक कार्य से आपकी निजी प्रगति होने के साथ ही प्रदेश और देश की प्रगति है। कार्यक्रम में निकिता उपाध्याय, कविता गोस्वामी, खुशी जोशी, चारु बोरा, पूर्वा गोस्वामी, हर्षिता राणा, गुलनाज, सुरजीत सिंह, रोहित जोशी आदि युवाओं ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, एसएसपी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, युवा आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीएसएफ जवानों के साथ मनाया भाईदूज

■ बोलीं- उनकी हर जरूरत का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बीएसएफ के जवानों के साथ भाईदूज का पर्व मनाया। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि सीमा पर डटे ये रक्षक जब अपने घर-परिवार से दूर रहते हैं, तो हम सबका कर्तव्य बनता है कि उनके परिवार की तरह उनका साथ दें, उनकी हर जरूरत का ध्यान रखें।

मुख्यमंत्री ने इसी भावना के साथ आज छावला स्थित बीएसएफ कैंप में पानी की पाइपलाइन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री 11 अगस्त को जब वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान यहां आई थीं, तब वादा किया था कि सालों से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान हमारी सरकार करेगी। आज उस वादे को निभाने का क्षण है। यही है हमारी सरकार की कार्यशैली, वचन से कर्म तक और सेवा से समाधान तक। उन्होंने कहा कि जैसे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर दीपावली जवानों के साथ मनाते हैं, वैसे ही दिल्ली सरकार भी अपने हर सुरक्षाकर्मी को परिवार मानकर उनके कल्याण और सुविधाओं के लिए समर्पित है। जल्द ही जवानों की मांग पर यहां सिंथेटिक ट्रैक का भी निर्माण कराया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण और खेल दोनों के लिए उन्हें सर्वोत्तम सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने भाईदूज के पावन पर्व की सभी वीर जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक संदीप सहरावत और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीकेवीआईबी की बैठक में कौशल वृद्धि योजना को मिली मंजूरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) की शुक्रवार को दिल?ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता बैठक हुई। बैठक में कुटीर उद्योगों के लिए कौशल वृद्धि योजना को मंजूरी देने जैसे कई फैसले किए गए। यह बैठक कश्मीरी गेट स्थित निगम भवन में हुई। सिरसा ने कहा कि हमारे सतत प्रयासों से दिल्ली के कारीगर, बुनकर और हस्तशिल्प उद्योग को नई ऊर्जा और पहचान मिलेगी। सिरसा ने कहा कि आज तीन साल नौ महीने बाद डीकेवीआईबी की बैठक हुई। बैठक में हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग और खादी के समुचित विकास को सुनिश्चित करने के लिए डीकेवीआईबी के एमडी महेश कुमार के साथ-साथ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में कई बड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिसमें कुटीर उद्योगों के लिए कौशल वृद्धि योजना को मंजूरी दी गई।

# सशस्त्र सीमा बल की विशेष महानिदेशक ने इंडो नेपाल बॉर्डर सुरक्षा का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। सशस्त्र सीमा बल अर्थात एसएसबी नई दिल्ली की विशेष महानिदेशक आईपीएस डॉ. अनुपमा नीलेकर चंद्रा दो दिनों से इंडो नेपाल बॉर्डर को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है।साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के अलावा एसएसबी और आईसीपी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर चुनाव सहित अन्य सुरक्षा मुद्दे पर जानकारी ली। सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली की विशेष महानिदेशक डॉ.अनुपमा नीलेकर चन्द्रा गुरुवार को बथनाहा स्थित एसएसबी 56वीं वाहिनी मुख्यालय पहुंची,जहां कमांडेंट आईपीएस शाश्वत कुमार सहित अन्य एसएसबी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।तत्पश्चात शुक्रवार को जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ समन्वय बैठक आयोजित किया गया,जिसमें चुनाव व अन्य सुरक्षा मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। एसएसबी विशेष महानिदेशक के बथनाहा हेडक्वार्टर पहुंचने पर सर्वप्रथम उन्हें एसएसबी जवानों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया। तत्पश्चात महोदया द्वारा वाहिनी कार्मिकों का सैनिक सम्मेलन लिया गया। जिसमें सर्वप्रथम एसएसबी शीर्षक गीत के साथ सैनिक सम्मेलन की कार्यवाही शुरू हुई। तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन में विशेष महानिदेशक द्वारा सीमा प्रबंधन से संबंधित सभी कार्मिकों को दिशा निर्देश दिए गए तथा जवानों के साथ प्रोत्साहवर्धक संवाद किया गया और अंत में राष्ट्रगान कर सैनिक सम्मेलन का समापन किया गया।उसके उपरांत एसएसबी 56वीं वाहिनी बथनाहा कैंप का भ्रमण किया गया।जिसमें अधिनस्थ अधिकारी मैस, जवान मैस ,श्वान आवास तथा वाहिनी शस्त्रागार, चिकित्सालय एवं संयुक्त अस्पताल बथनाहा का भ्रमण किया गया। एसएसबी विशेष महानिदेशक ने जोगबनी का भ्रमण के दौरान भारतीय भूमिपत्तन प्राधिकरण के पदाधिकारियों से वार्तालाप की।जिसके बाद जोगबनी बीसीपी गेट में भ्रमण के दौरान एसएसबी बॉर्डर इंटरेक्शन टीम के जवानों से सीधा संवाद की। इस अवसर पर एसएसबी उप- महानिरीक्षक राजेश टिक्कू,56 वीं वाहिनी कमांडेंट शाश्वत कुमार एवं जिला अधिकारी अनिल कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार और भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के अधिकारी व कार्मिक एवं सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।जानकारी शुक्रवार को एसएसबी 56 वीं वाहिनी के कमांडेंट शाश्वत कुमार ने दी।



# छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी सीसीटीवी से होगी निगरानी

कटिहार। आस्था का महापर्व छठ व्रत शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा बताया कि जिले के विभिन्न चौक चौराहे, भीड़-भाड़ व सभी संवेदनशील अति संवेदनशील घाटों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु नोडल पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति की गई है। छठ घाटों में छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर बेहतरीन व्यवस्था, मानकों के अनुसार बैरिकेडिंग, नियंत्रण कक्ष, चेंजिंग रूम, प्रकाश, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय की सुविधा की व्यवस्था की गई है। आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से तैराकों तथा बोट को तैनात किया गया है। भीड़-भाड़ वाले छठ घाट में गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतु सीसीटीवी स्थापित किया जाएगा।

# चंडीगढ़ को मिली 328 नयी इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

चंडीगढ़। केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के लिए 328 नयी पीएम ई-बसों के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इनके बस बेड़े में शामिल होने के बाद शहर में कुल 428 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। इस पहल से प्रतिदिन लगभग 80 हजार यात्रियों को लाभ मिलेगा, खासकर उन लोगों को जो रोजगार या पढ़ाई के सिलसिले में चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के बीच सफर करते हैं। वर्तमान में शहर की कई पुरानी डीजल बसें अपनी 15 साल की सेवा अवधि पूरी कर चुकी हैं। ऐसे में नयी इलेक्ट्रिक बसें न केवल इनका विकल्प बनेंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभायेंगी। ई-बसें अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगी, जिनमें जीपीएस सिस्टम, स्वचालित दरवाजे, रियल टाइम ट्रैकिंग और व्हीलचेयर फ्रेंडली डिज़ाइन जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं शामिल होंगी।

# 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी का भंडाफोड़ दो आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले की साइबर सेल थाना पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपित फर्जी जांच एजेंसी के नाम पर लोगों को धमकाकर उनसे लाखों रुपये ठगते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सोएब भाई मुल्तानी (24) और असलम भाई मुल्तानी (37) के रूप में हुई है। दोनों गुजरात के रहने वाले हैं। जबकि झारखंड निवासी जितेन्द्र कुमार को इस मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराड़े शरद भास्कर ने शुक्रवार को बताया कि शिकायतकर्ता देबजानी दास चौधरी दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें 19 जुलाई को एक कॉल



आया। कॉल करने वाले ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर कहा कि उनका नाम नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस में सामने आया है। आरोपित ने उन्हें यह कहकर धमकाया कि उन पर जांच चल रही है और व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल के जरिये निगरानी में रखा गया है। फिर जांच के बहाने उनसे कुल सात लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता के बयान पर पश्चिमी जिले की साइबर थाने में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पैसे के लेनदेन का पता लगाया तो सामने आया कि ठगी की रकम का 30 फीसदी हिस्सा झारखंड स्थित मुथूट गोल्ड लोन खाते में और बाकी 70 फीसदी गुजरात के सुरेन्द्रनगर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते में गया था। बैंक शाखा के सीसीटीवी फुटेज से यह भी स्पष्ट हुआ कि एक आरोपी ने खाते से चेक के जरिये नकद निकासी की थी। इसके बाद इंस्पेक्टर विकास बुलडाक की देखरेख में पुलिस टीम ने झारखंड और गुजरात में छापेमारी की। तकनीकी जांच और बैंक की जानकारी के आधार पर दोनों आरोपितों को सुरेन्द्रनगर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपित विभिन्न राज्यों में सक्रिय साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराते थे। जिनके जरिये ठगी की रकम निकाली जाती थी। इसके बदले उन्हें हर ट्रांजेक्शन पर दो से चार प्रतिशत कमीशन मिलता था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड बरामद किए हैं। जांच में अब तक गृह मंत्रालय के एनसीआरपी पोर्टल पर अलग-अलग राज्यों से 14 समान शिकायतें इस गिरोह से जुड़ी पाई गई हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है और लोगों को ऐसे कॉल से सावधान रहने की जरूरत है। जिसमें उन्हें किसी जांच या अपराध में फंसाने की धमकी दी जाती है।

# पुलिस मुठभेड़ में मेडिकल स्टोर पर गोलीबारी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब में होशियारपुर के गढ़शंकर में एक मेडिकल स्टोर पर हाल ही में हुई गोलीबारी के मामले में वांछित दो लोगों को शुक्रवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

गढ़शंकर के पुलिस उपाधीक्षक दलजीत सिंह खख ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लग गयी, जबकि एक पुलिस अधिकारी बाल-बाल बच गया, क्योंकि गोली उसके बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल बारापुर रोड पर कुनैल के पास मौजूद था। उन्हें सूचना मिली थी कि पहले के एक मामले में वांछित दो संदिग्ध मोटरसाइकिल पर इलाके में घूम रहे हैं और किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। श्री खख ने कहा, बारापुर गांव के पास एक नाके पर जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया, तो उन्होंने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। संदिग्धों की पहचान हरियाना थाना क्षेत्र के गांव बस्सी वाजिद के करण जगपाल उर्फ कानू और गढ़शंकर थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर के सिमरनप्रीत सिंह उर्फ सिम्मो के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किये। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। करण जगपाल पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जबकि सिमरनप्रीत सिंह पर पहले से ही हत्या का एक मामला चल रहा है और वह फिलहाल जमानत पर रिहा हुआ है।

# छठ को लेकर बिहार के बाजार में रौनक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बिहार के बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। बिहार में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व कार्तिक छठ को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। शुक्रवार से चार दिवसीय छठ व्रत का अनुष्ठान शुरू हो जाएगा। लोग अभी से ही खरीदारी में जुट गए हैं। शहर में हर तरफ छठ पूजा के सामान की छोटी-बड़ी दुकानें सज गई है। महापर्व को लेकर शहर में चहल-पहल दिखने लगी है। जिन घरों में छठ होना है, वहां तैयारी शुरू हो चुकी है। छठ महापर्व सभी को एक सूत्र में बांधकर एक कर देता है। पर्व को लेकर घरों में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कोई घर की साफ-सफाई करने में लगा है तो कोई व्रती पूजा के बर्तनों की सफाई करने में। उद्देश्य एक, छठी मइया की कृपा बने रहने का है। पर्व की तैयारियों को लेकर लोगों की खरीददारी होने लगी है, जिससे बाजार में रौनक देखी जा रही है। व्रती नहाय-खाय एवं खरना की तैयारी में लगे हुये हैं। छठ की खरीददारी के लिए राजधानी पटना के बाजार में रौनक आ गयी है। छठ पूजा की तैयारी को लेकर व्रतियों के घरों काफी खुशी देखी जा रही हैं। राजधानी पटना में छठ पूजा के लिए सूप, दउरा, मिट्टी के चूल्हे, लकड़ी, नारियल आदि की बिक्री शुरू हो गई है। बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। लोग सूप, डाला, नारियल, मिट्टी के चूल्हे, आम की लकड़ी आदि समेत अन्य सामान खरीद रहे हैं। कदमकुआं, पीरमुहानी, कंकड़बाग, मीठापुर, बोरिंग रोड, बेली रोड, राजापुर पुल, पुलिस लाइन, चिरैयाटाड़ पुल, आर ब्लॉक, जीपीओ गोलंबर, राजीव नगर, पाटलिपुत्र कॉलोनी इलाकों में छठ पूजा से संबंधित सामान की दुकानें लग गई हैं।छठ पूजा के लिए , पीतल एवं बांस के सूप, दउरा, साड़ी, गन्ना,नारियल, फल सहित पूजा के हर छोटे-छोटे सामानों की खरीददारी तेज हो गयी है। छठ पूजा को लेकर खासकर व्रतियों ने नई साड़ी की खरीदारी शुरू कर दी है। पूजा में साड़ी छठ मइया को चढ़ायी जाती है और पूजा करने वाली महिला भी नयी साड़ी में ही पूजा करती हैं। इसलिए, इस समय साड़ी की



दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। चूड़ी, बिंदी सहित महिलाओं के साज-सज्जा की दूकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं छठ पूजा करने वाले पुरुष श्रद्धालु नए धोती की खरीदारी करते है। छठ में टीका एवं नथिया के साथ-साथ बिछिया एवं चांदी के पायल भी बिक रहे हैं। बाजारों, मंडियों में छठ की रौनक और सामान दोनों की अनोखी छठा दिख रही है। छठ पर्व पर पूजा के लिए लोग हर छोटी से छोटी चीज को जुटाने में लग गये हैं। लोग छठ की पूजा शुरू होने से पहले ही सारी तैयारी पूरी कर लेना चाहते हैं। पूजा में सफाई का बहुत ध्यान रखा जाता और कोई सामान छूट न जाये इसका भी पूरा ध्यान रखते हैं क्योंकि इसमें हर छोटी से छोटी चीजों की अपनी अहमियत होती है। इसलिए, भक्तों ने पहले से ही सारी तैयारियां शुरू कर दी है। महापर्व छठ पर प्रसाद बनाने में गेहूं, चावल और गुड़ का विशेष महत्व है।दुकानदारों ने बताया कि महापर्व छठ के लिए गेहूं विशेष रूप से मध्य प्रदेश से और गुड़ उत्तर प्रदेश और सीतामढ़ी एवं भागलपुर से मंगाया गया है।अलग साइज के हिसाब से सूप की कीमत 50 रुपए से लेकर 100 रुपये तक है। वहीं अलग-अलग साइज में दउरा 250 रुपये से लेकर 500 तक के हैं।छठ पर्व पर पवित्रता के लिए मिट्टी के चूल्हा की मांग रहती है। छठ पर्व निष्ठा और पवित्रता के लिए जाना जाता है। छठ व्रती महिलाएं मिट्टी के चूल्हे पर ही नहाय- खाय का प्रसाद बनाती है। इसके साथ ही मिट्टी के चूल्हे पर ही छठ पर्व का प्रसाद बनाया जाता है।मिट्टी के चूल्हे 150 से 250 रुपये की कीमत में उपलब्ध है।नारियल 100 रुपये जोड़ा, अर्घ्य के लिए ढक्कन 10 रुपये प्रति पीस, दीया एक रुपये प्रति पीस, ढक्कन वाले दीये 25 रुपये, कलश 15 से 30 रुपये तक,धूपदानी 15 से 25 रुपये में उपलब्ध हैं।छठ पूजा की बांस की डलिया में फल सब्जियों को सजाकर घाट पर ले जाते हैं फिर सूर्य अर्घ्य देने की परंपरा है। डलिया में कच्चे फल के अलावा,रोली, चंदन, सिंदूर, छापा भी होता है, जिसे अर्घ्य में इस्तेमाल किया जाता है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063